kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-167 ❒ शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12


भाजपा में संसदीय दल और विधायक दल अपने नेता का चयन निर्धारित प्रक्रिया के तहत करते हैं। भविष्य में विधानसभा का स्वरूप कैसा होगा, इसका अनुमान आज नहीं लगाया जा सकता। सूर्य प्रताप शाही




ई 20 से खराब हुआ इंजन, नई कार दे मारुति 11

हरेला पर्व पर हरियाली के रंग में रंगा उत्तराखंड 12


## संक्षेप

### अपूर्वा दुबे को केंद्र में मिली तैनाती

**लखनऊ।** यूपी की 2013 बैच की आईएएस अपूर्वा दुबे को उप सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग दिल्ली में तैनाती मिली है। उन्हें चार साल के लिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनाती दी गई है। केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है। वह मौजूदा समय यूपी में निदेशक नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) हैं। राज्य सरकार द्वारा उन्हें कार्यमुक्त किए जाने के बाद वह केंद्रीय में अपनी ज्वाइनिंग देंगी।

### यूपी टी20 लीग का 14 अगस्त को लखनऊ में होगा आगाज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की प्रतिष्ठित यूपी टी20 लीग का चौथा संस्करण 14 अगस्त से शुरू होगा। 24 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला लखनऊ के श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में काशी रुद्राक्ष और मौजूदा चैंपियन मेरठ मेवरिक्स के बीच खेला जाएगा, जबकि फाइनल मुकाबला छह सितंबर को कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में होगा। इस बार लीग में कुल 34 मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें 13 डबल-हेडर और आठ सिंगल-हेडर मैच शामिल हैं। पहली बार प्रतियोगिता का आयोजन दो शहरों लखनऊ और कानपुर में किया जा रहा है। टूर्नामेंट के पहले चरण में लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 13 दिनों के दौरान 22 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद प्रतियोगिता का दूसरा चरण कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में स्थानांतरित होगा, जहां शेष 12 मुकाबलों के साथ नॉकआउट चरण और फाइनल का आयोजन किया जाएगा।

### उत्तर प्रदेश में डॉक्टरों की भर्ती अब केंद्रीय ऑनलाइन पोर्टल से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के रिक्त पदों को जल्द भरने के लिए स्वास्थ्य विभाग नई व्यवस्था लागू करने जा रहा है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक शासन ने स्वास्थ्य महानिदेशालय को एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल विकसित करने के निर्देश दिए हैं, जिसके माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में डॉक्टरों के खाली पदों का ब्यौरा उपलब्ध रहेगा और संविदा पर भर्ती की प्रक्रिया तेज की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक जिले में डॉक्टरों के स्वीकृत, कार्यरत और रिक्त पदों की जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित होगी। पोर्टल पूरे वर्ष खुला रहेगा और 24 घंटे कार्य करेगा। यदि किसी जिले में केवल एक पद भी रिक्त होगा, तो उसकी सूचना भी पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाएगी। इससे रिक्तियों की निगरानी आसान होगी और समय पर भर्ती सुनिश्चित की जा सकेगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में स्वीकृत पदों की तुलना में छह हजार से अधिक डॉक्टरों के पद खाली हैं। इन रिक्तियों को भरने के लिए पहले चरण में करीब तीन हजार डॉक्टरों की संविदा पर नियुक्ति की जाएगी।

# तीसरी भाषा कक्षा 6 से शुरू हो, 9वीं से नहीं : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने थ्री लैंग्वेज पॉलिसी पर सुनवाई के दौरान छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना ने कहा कि यदि किसी छात्र को तीसरी भाषा पढ़ाई जानी है तो इसकी शुरुआत कक्षा 6 से ही होनी चाहिए, न कि कक्षा 9 से। उनका कहना था कि बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के समय किसी नई भाषा को अनिवार्य करना विद्यार्थियों पर अतिरिक्त शैक्षणिक बोझ डाल सकता है।

यह टिप्पणी तमिलनाडु सरकार की उस अपील पर सुनवाई के दौरान आई, जिसमें राज्य में जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) की स्थापना से जुड़े मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। तमिलनाडु सरकार का कहना है कि जेएनवी में लागू थ्री लैंग्वेज पॉलिसी राज्य की दो-भाषा नीति के अनुरूप नहीं है, इसलिए राज्य लंबे समय से इन विद्यालयों की स्थापना का विरोध करता रहा है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने सीबीएसई पाठ्यक्रम में कक्षा 9 से तीसरी भाषा पढ़ाने की व्यवस्था पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस स्तर पर छात्र बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाते हैं। ऐसे समय में नई भाषा जोड़ने से उन पर अनावश्यक दबाव बढ़ सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि तीसरी भाषा को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना है तो इसकी शुरुआत माध्यमिक स्तर से पहले, यानी कक्षा 6 से कर दी जानी चाहिए ताकि छात्रों को भाषा सीखने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति या थ्री लैंग्वेज पॉलिसी में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य नहीं किया गया है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि छात्रों को राज्य की भाषा, अंग्रेजी और किसी भी तीसरी भाषा का अध्ययन कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नीति किसी विशेष भाषा को थोपने की बात नहीं करती। इस दौरान अदालत ने तमिलनाडु सरकार से सवाल किया कि यदि तीसरी भाषा हिंदी के बजाय संस्कृत हो, तब भी राज्य को क्या आपत्ति है। इस पर राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि मुख्य चिंता तीसरी भाषा को कक्षा 9 से अनिवार्य किए जाने को लेकर है। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने दोहराया कि यदि तीसरी भाषा पढ़ाई जानी है तो उसे कक्षा 6 से ही शुरू किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता ने भी अदालत को बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्पष्ट रूप से कहती है कि किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई जारी है और इस पर अंतिम फैसला आना बाकी है। हालांकि, अदालत की टिप्पणी ने थ्री लैंग्वेज पॉलिसी और उसके क्रियान्वयन को लेकर नई बहस जरूर छेड़ दी है।



❒ जस्टिस बी. वी. नागरत्ना ने कहा— बोर्ड परीक्षा से पहले नई भाषा अनिवार्य करने से छात्रों पर बढ़ेगा दबाव, राज्य की भाषा के साथ अंग्रेजी और तीसरी भाषा पढ़ाने पर दिया जोर

### 'गवाहों को धमकाने में शामिल नहीं थे अजय और आशीष'

उत्तर प्रदेश पुलिस ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पूर्व मंत्री अजय मिश्रा और उनके बेटे आशीष (इन पर 2021 में लखीमपुर खीरी में चार लोगों की हत्या का आरोप है) गवाहों को डराने-धमकाने के कथित मामले में शामिल नहीं थे और न ही उन पर कोई चार्जशीट दाखिल की गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ को यह भी बताया गया कि इस मामले में सुनवाई अगले तीन महीनों में पूरी होने की संभावना है। पीठ ने सुनवाई में प्रगति और उसके सामने दाखिल नई स्थिति रिपोर्ट पर गौर करने के बाद आशीष मिश्रा की जमानत अर्जी पर सुनवाई टाल दी। अब इस मामले की सुनवाई अगले महीने होगी। पीठ ने कहा कि अमनदीप सिंह नाम के व्यक्ति के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया है और मामले का संज्ञान लिया गया है। जहां तक अजय मिश्रा, आशीष मिश्रा की भूमिका का सवाल है तो जांच से पता चला है कि वे कथित अपराध में ● शेष पेज 11 पर

### बुलडोजर कार्रवाई: अवमानना याचिकाओं पर विचार करने से न्यायालय का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उन अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिनमें आरोप लगाया गया था कि बुलडोज़र एक्शन के खिलाफ सर्वोच्च अदालत की तरफ से तय किए गए गाइडलाइन्स का उल्लंघन करते हुए तोड़-फोड़ की कार्रवाई की गई। ● शेष पेज 11 पर

# 50 हजार तक की साइबर ठगी की रकम बिना एफआईआर मिलेगी वापस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। साइबर ठगी के शिकार लोगों को बड़ी राहत देने की दिशा में उत्तर प्रदेश पुलिस ने नई व्यवस्था शुरू करने की तैयारी की है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने गुरुवार को घोषणा की कि 50 हजार रुपये तक की साइबर धोखाधड़ी की राशि पीड़ितों को बिना एफआईआर दर्ज कराए वापस दिलाने की व्यवस्था विकसित की जा रही है। साइबर फ्राड रोकने के लिए प्रदेश पुलिस 23 बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्य कर रही है।

डीजीपी ने 'ऑपरेशन सीवाई-वज्र' की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठगी की शिकायत मिलने पर संबंधित थाने से 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित का सत्यापन किया जाएगा और उसके बाद धनवापसी की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य आम नागरिकों को लंबी कानूनी प्रक्रिया से राहत देकर जल्द से जल्द उनकी रकम वापस कराना है। श्री कृष्ण ने कहा कि उत्तर प्रदेश में साइबर अपराध के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि साइबर ठगी की घटनाओं और ठगी की रकम दोनों में कमी आई है तथा प्रदेश साइबर अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक बनाने के लिए लक्षित अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनमें विभिन्न विभागों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा साइबर वॉलंटियर कार्यक्रम के माध्यम से भी लोगों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। डीजीपी ने कहा कि अधिक लाभ का लालच देकर निवेश कराने वाले साइबर ठग सबसे अधिक लोगों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने लोगों से किसी भी निवेश से पहले उसकी पूरी जानकारी लेने तथा संदिग्ध लिंक, कॉल और संदेशों से सतर्क रहने की अपील की। इस मौके पर डीजीपी ने 'ऑपरेशन सीवाई-वज्र' की उपलब्धियां भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत एक सप्ताह में 773 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि ● शेष पेज 11 पर



❒ साइबर ठगी पर यूपी पुलिस की नई पहल

❒ डीजीपी राजीव कृष्ण बोले— 23 बैंकों के सहयोग से तैयार हो रही व्यवस्था, 48 घंटे में सत्यापन के बाद शुरू होगी धनवापसी; 'ऑपरेशन सीवाई-वज्र' में 773 साइबर अपराधी गिरफ्तार

## ईडी की विदेशी फंडिंग से रोहिंग्या-बांग्लादेशियों की घुसपैठ कराने वाले सिंडीकेट के ठिकानों पर छापेमारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रोहिंग्या व बांग्लादेशियों की घुसपैठ कराकर उन्हें फंडिंग करने वाले सिंडीकेट के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की है। ईडी ने गुरुवार को सिंडीकेट में शामिल आरोपितों के देवबंद, सहारनपुर के अलावा दिल्ली, पश्चिम बंगाल, बल्लभगढ़, फरीदाबाद (हरियाणा) समेत अन्य 16 ठिकानों पर छापेमारी की। छापे में कालिकापुर पश्चिम बंगाल स्थित एक मदरसे से 40 लाख रुपये व 180 ग्राम सोने के सिक्कों के अलावा अन्य स्थानों से विभिन्न दस्तावेज, इलेक्ट्रानिक उपकरण, बैंक खातों व अन्य लेनदेन से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए हैं। डिजिटल डिवाइस और संदिग्ध दस्तावेजों की जांच की जा रही है। ईडी ने कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की है।

यूपी एटीएस ने 11 अक्तूबर, 2023 को विदेशी फंडिग का दुरुपयोग कर रोहिंग्या और बांग्लादेशियों की घुसपैठ कराकर उन्हें कूटरचित भारतीय दस्तावेजों के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर शरण दिलाने वाले बड़े सिंडीकेट का राजफाश किया था। एटीएस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ● शेष पेज 11 पर

❒ यूपी, दिल्ली, हरियाणा व पश्चिम बंगाल समेत 16 ठिकानों पर छापेमारी

❒ देवबंद के अलावा फरीदाबाद में हुई लंबी छानबीन, इलेक्ट्रानिक उपकरण व दस्तावेज बरामद

❒ पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के जरिए विदेशी फंडिंग के दुरुपयोग का मामला

❒ यूपी एटीएस ने 2023 में पकड़ा था सिंडीकेट, 20 करोड़ की विदेशी फंडिंग आई थी सामने

# लखनऊ और नोएडा में बनेगा डीप टेक इनोवेशन सेंटर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ यू हब बनेगा अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप और उद्योग के समन्वय का उत्कृष्टता केंद्र, लखनऊ और नोएडा में होंगे दो केंद्र

❒ भविष्य की तकनीकों के अनुरूप युवाओं को विश्वस्तरीय कौशल और उद्योग आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए

❒ आईटी नीति बने अधिक निवेशक अनुकूल और रोजगारोन्मुख, टियर 2 एवं टियर 3 शहरों तक हो आईटी उद्योग का विस्तार: मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों का राष्ट्रीय नेतृत्वकर्ता बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि नोएडा में विकसित होने वाली 'प्रगति' परियोजना प्रदेश को विश्वस्तरीय रोबोटिक्स एवं एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग का आधार प्रदान करेगी, जबकि लखनऊ और नोएडा में स्थापित किए जा रहे यू हब अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप, उद्योग, निवेशकों और शिक्षण संस्थानों को एक मंच पर जोड़ते हुए डीप टेक नवाचार के प्रमुख केंद्र बनेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को नई तकनीकों का केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि अनुसंधान, नवाचार और उच्च प्रौद्योगिकी आधारित विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स आने वाली औद्योगिक क्रांति के प्रमुख आधार हैं। इसलिए एक ओर विश्वस्तरीय विनिर्माण अवसंरचना विकसित की जाए तो दूसरी ओर अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाला मजबूत डीप टेक इकोसिस्टम तैयार किया जाए। उद्योग, शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों, स्टार्टअप, निवेशकों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जहां नई ● शेष पेज 11 पर




# 60 बीघा की अवैध कॉलोनी पर चला एलडीए का बुलडोजर

❒ मोहनलालगंज में विकसित की जा रही करीब 60 बीघा क्षेत्रफल की अवैध कॉलोनी अन्नपूर्णा ग्रीन सिटी पर बुलडोजर चलाकर निर्माण ध्वस्त कर दिया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । एलडीए ने गुरुवार को अवैध निर्माण और मानचित्र उल्लंघन के खिलाफ अभियान चलाते हुए मोहनलालगंज में विकसित की जा रही करीब 60 बीघा क्षेत्रफल की अवैध कॉलोनी अन्नपूर्णा ग्रीन सिटी पर बुलडोजर चलाकर निर्माण ध्वस्त कर दिया। वहीं, निराला नगर स्थित होटल मानसरोवर के बेसमेंट में अवैध रूप से संचालित किचन को सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि ग्राम भौंदरी स्थित बाईपास रोड पर हरिद्वार मिश्रा, ए.के. सिंह व अन्य द्वारा एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना लगभग 60 बीघा क्षेत्रफल में अन्नपूर्णा ग्रीन सिटी नाम से प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। मामले में विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए थे। आदेश के अनुपालन में गुरुवार को प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध प्लॉटिंग में किए गए निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया।

दूसरी कार्रवाई में प्रवर्तन जोन-4 की टीम ने निराला नगर के चांदगंज स्थित टीजी नार्थ में भूखंड संख्या-8 पर बने होटल मानसरोवर का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बेसमेंट का उपयोग किचन के रूप में किया जा रहा था।

इस संबंध में होटल प्रबंधन के खिलाफ पहले नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित अवधि के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर गुरुवार को एलडीए की टीम ने बेसमेंट में संचालित किचन को सील कर दिया। एलडीए अधिकारियों के अनुसार शहर में होटल, बैंक्वेट हॉल, कोचिंग सेंटर, अस्पताल समेत अन्य बहुमंजिला भवनों में अग्नि सुरक्षा और मानचित्र के अनुरूप उपयोग की जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित भवनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने की ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

❒ पात्र लाभार्थियों तक शत-प्रतिशत पहुंचे योजनाओं का लाभ- डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम्य विकास विभाग व पंचायती राज विभाग के अंतर्गत जनपद में संचालित ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), मुख्यमंत्री आवास योजना तथा वीबी जीरामजी कार्यक्रम सहित अन्य विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के सभी पात्र किसानों को योजना का लाभ शत-प्रतिशत उपलब्ध कराया जाए। जिन लाभार्थियों को किसी तकनीकी अथवा अन्य कारणों से योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है, उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराते हुए उन्हें शीघ्र लाभान्वित किया जाए।

वीबी जीरामजी कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विकास कार्य तत्काल प्रारंभ कराए जाएं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में तालाबों की खुदाई, व्यापक वृक्षारोपण, विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में किचन गार्डन का विकास, विद्यालयों की बाउंड्रीवाल निर्माण जैसे जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। साथ ही प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम पांच उत्कृष्ट एवं मॉडल विकास कार्य चिन्हित कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं, ताकि अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी वे प्रेरणास्रोत बन सकें। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वीकृत सभी आवासों का निर्माण निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो यह सुनिश्चित कराया जाए तथा नियमित स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।

## पीएम आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप पात्र भटक रहे, अपात्रों को मिली पहली किस्त

❒ सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने डीएम से जांच की मांग की

**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, लेकिन नगर पंचायत कोरांव में पात्रों को अब तक एक भी आवास नहीं मिल सका है। सूत्रों के अनुसार योजना की प्रथम किस्त लगभग 180 लोगों के खाते में 1-1 लाख रुपये पहुंच चुकी है। आरोप है कि इनमें अधिकांश अपात्र हैं जिनके दो मंजिला मकान पहले से बने हैं। गोविंद नगर, आजाद नगर, सुभाष नगर, अम्बेडकर नगर, शहीद नगर, शास्त्री नगर जैसे वार्डों में अपात्रों को आवास दिलाने के नाम पर 15 से 20 हजार रुपये सुविधा शुल्क लिए जाने की शिकायतें मिल रही हैं। वहीं असली पात्र लोग आवास के लिए चक्कर काट रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला ने जिलाधिकारी प्रयागराज से मांग की है कि जिन लोगों को अब तक पहली किस्त मिली है उनकी जांच कराई जाए कि वे वास्तव में पात्र हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर यही स्थिति रही तो केंद्र सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना फ़ेल हो जाएगी। गरीब, कमजोर और निरीह लोगों के पास सुविधा शुल्क देने के पैसे नहीं हैं इसलिए वे दर-दर भटक रहे हैं। इस मामले में प्रतिभा श्रीवास्तव जिला परियोजना अधिकारी प्रयागराज को फोन किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

## सीओ ने जगन्नाथ यात्रा मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी 19 जुलाई को थाना कोतवाली क्षेत्र में बनखण्डी नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा के सकुशल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर ने थाना कोतवाली पुलिस बल के साथ यात्रा मार्ग का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान सीओ सिटी ने यात्रा मार्ग पर यातायात व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों, बैरिकेडिंग, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन, पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता तथा अन्य सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया और संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। उनहोंने स्थानीय नागरिकों, आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीओ सिटी ने कहा कि शाहजहांपुर पुलिस आगामी जगन्नाथ यात्रा को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## एलडीए में पहुंचीं 36 शिकायतें, 11 मामलों का मौके पर निस्तारण



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एलडीए में गुरुवार को आयोजित जनता अदालत में रजिस्ट्री, मानचित्र, कब्जा, अवैध निर्माण समेत विभिन्न मामलों से संबंधित 36 शिकायतें पहुंची । इनमें से 11 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के लिए समय-सीमा निर्धारित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि आम नागरिकों और आवंटियों की समस्याओं का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्राधिकरण भवन के समिति कक्ष में जनता अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि लंबित मामलों की नियमित समीक्षा की जाएगी, ताकि तय समय-सीमा के भीतर उनका समाधान सुनिश्चित हो सके। जनता अदालत में अपर सचिव सी.पी. त्रिपाठी, संयुक्त सचिव सोमकमल सीताराम, उप सचिव माधवेश कुमार एवं अतुल कृष्ण सिंह, विशेष कार्याधिकारी राजीव कुमार सहित अन्य अधिकारी और अभियंता मौजूद रहे।

## व्यावसायिक संपत्तियों की कीमत बढ़ने की खबर भ्रामक

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एलडीए ने अपनी व्यावसायिक संपत्तियों की कीमतों में बढ़ोतरी संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही सूचनाओं का खंडन करते हुए उन्हें पूरी तरह भ्रामक और अपुष्ट बताया है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि व्यावसायिक संपत्तियों की दरों में किसी प्रकार की कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। एलडीए की ओर से जारी स्पष्टीकरण में कहा गया है कि प्राधिकरण की किसी भी योजना में व्यावसायिक संपत्तियों की कीमतें नहीं बढ़ाई गई हैं। साथ ही निकट भविष्य में भी दरों में वृद्धि का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। प्राधिकरण ने बताया कि सोशल मीडिया पर व्यावसायिक संपत्तियों की कीमतें बढ़ाए जाने संबंधी संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं, जिससे खरीदारों और निवेशकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ऐसे में नागरिक केवल एलडीए की आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। एलडीए ने स्पष्ट किया है कि उसकी सभी व्यावसायिक संपत्तियां वर्तमान निर्धारित दरों पर ही ई-ऑक्शन के माध्यम से नीलामी के लिए उपलब्ध रहेंगी।

## सफाई व्यवस्था ध्वस्तः बीमारियों के मुहाने पर खड़ा बनियामऊ मजरा चन्देहरी, ग्रामीणों में आक्रोश

**मछरेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत बनियामऊ का मजरा चन्देहरी में स्वच्छता अभियान के दावों की हवा निकल चुकी है। यहाँ सफाई व्यवस्था पूरी तरह से बेपटरी हो चुकी है, जिसके चलते ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। बजबजाती नालियों से उठती सड़ांध ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि क्या जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी किसी बड़ी महामारी के फैलने का इंतजार कर रहे हैं स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बरसात का मौसम शुरू होते ही गाँव के हालात बद से बदतर हो गए हैं। जलभराव और गंदगीः नालियों की नियमित सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों और गलियों में बह रहा है। मच्छरों का आतंकः जगह-जगह जमा पानी और गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है, जिससे डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीणों का गंभीर आरोप है कि गाँव में तैनात सफाईकर्मी महीनों तक अपनी ड्यूटी पर नहीं आते हैं। इस लापरवाही की जानकारी ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों को भी है, लेकिन वे सब कुछ जानते हुए भी आँखें मूंदे बैठे हैं। जब इस बदहाली को लेकर पंचायत सचिव से बात की गई, तो उनका गैर-जिम्मेदाराना रवैया और लाचारी साफ देखने को मिली। सचिव ने सफाई देते हुए कहाः गाँव में तैनात सफाईकर्मी अक्सर बीमार रहता है, जिसके चलते वह कम ही काम कर पाता है।''सचिव के इस बयान ने ग्रामीणों के आक्रोश को और भड़का दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सफाईकर्मी बीमार है, तो प्रशासन ने गाँव में वैकल्पिक व्यवस्था (दूसरे सफाईकर्मी की ड्यूटी) क्यों नहीं की क्या एक कर्मचारी की बीमारी के नाम पर पूरे गाँव को महामारी के दलदल में धकेल दिया जाएगा।

# ठेलिया से पानी ढोने को मजबूर बैदबार कला के आदिवासी

❒ तहसील से कुछ दूरी पर ही पानी का अकाल, सरकारी दावों की खुली पोल

❒ विधायक के हस्तक्षेप के बाद 2 दिन में लगेगा हैंडपंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव प्रयागराज। सरकार भले ही हर घर नल-जल और विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन कोरांव तहसील से महज कुछ दूरी पर स्थित बैदबार कला ग्राम पंचायत की आदिवासी बस्ती में आज भी पानी के लिए लोग दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

कोरांव विकास खंड के तहसील परिसर से लगे हुए लगभग दो दर्जन आदिवासी परिवारों के घर बने हैं। यहां न तो सरकारी नल है और न ही कोई सरकारी बोर। मजबूरी में महिलाएं और पुरुष तहसील कैंपस से ठेलिया में पानी भरकर घर लाने को लाचार हैं। कई लोग सर पर रखकर भी पानी ढोते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि नहाने, कपड़ा धोने और खाना बनाने तक के लिए पानी नहीं मिल पाता। गर्मी में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। कई बार ब्लॉक और जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। आदिवासी बस्ती के लोगों ने जिलाधिकारी प्रयागराज से ध्यान आकृष्ट कराया है और मांग की है कि यहां बड़ी मशीन से बोर कराकर पानी का स्थायी इंतजाम किया जाए।

### विधायक ने दिया आश्वासन

मामले के संज्ञान में आते ही कोरांव के क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल ने तत्काल डीसी मनरेगा से वार्ता की। उन्होंने कहा कि दो दिन के अंदर हैंडपंप बोर करवाकर लगवा दिया जाएगा जिससे लोगों को पानी के लिए दूर न जाना पड़े। स्थानीय लोगों ने विधायक के इस त्वरित हस्तक्षेप की सराहना की है।

# अमानीगंज में चरमराई विद्युत व्यवस्था भीषण गर्मी से ग्रामीण बेहाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमानीगंज, आयोध्या । क्षेत्र में लगातार बिगड़ी हुई विद्युत व्यवस्था के कारण आमजन और ग्रामीणों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अनियमित बिजली आपूर्ति और बार-बार हो रही कटौती से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि दिन और रात में कई-कई घंटे बिजली गायब रहने से खेती, पढ़ाई और दैनिक कार्यों पर भी असर पड़ रहा है।

ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए युवा नेता एवं समाजसेवी धनंजय सिंह ने ग्रामीणों के साथ मिलकर विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर आवाज़ उठाई। उन्होंने संबंधित विद्युत विभाग के अधिकारियों से शीघ्र विद्युत आपूर्ति सुचारु करने की मांग की और कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में लोगों को निर्बाध बिजली मिलना आवश्यक है। धनंजय सिंह ने भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो वे जनहित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग से तत्काल आवश्यक कदम उठाकर बिजली आपूर्ति सामान्य करने की अपील की है।

# डीएम ने भूजल संरक्षण के तहत प्रचार-प्रसार वाहन को दिखाई हरी झण्डी, किया रवाना

❒ वर्षा जल संचयन अपनाएं, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें व जल संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं-डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। भूगर्भ जल सप्ताह-2026 के तहत 16 से 22 जुलाई तक जनपद में जल संरक्षण एवं भूजल संर्वधन के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्वेश्य से प्रचार-प्रसार अभियान का शुभारम्भ किया गया। डीएम ने जल विभाग द्वारा आयोजित भूजल संरक्षण एवं जन-जागरूकता अभियान के लिए प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही भूजल स्तर को संरक्षित एवं संवर्धित किया जा सकता है। उन्होंने आमजन से वर्षा जल संचयन अपनाने, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा जल संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। बताया कि भूजल सप्ताह में इस बार का विचार बिन्दु जल संरक्षण का करें संकल्प- इसका नही है कोई विकल्प रखा गया है। बताया कि प्रचार-प्रसार वाहन जनपद के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर भूजल सप्ताह-2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण तथा जल संरक्षण के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा। वाहन के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण का संदेश देते हुए उन्हें अभियान से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। भूजल सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पंचायत, विकास खंड, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम एवं जनपद स्तर पर जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पौधारोपण, जन-जागरूकता रैली, शपथ, कार्यशाला तथा अन्य विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार, सीनियर हाइड्रोजियोलॉजिस्ट सौरभ शाह तथा लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## पत्रकार पर हमले के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग,राज्यपाल को भेजा गया ज्ञापन

रायबरेली। महिला पत्रकार एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रेस क्लब महाराजगंज की अध्यक्षा सोनी कुमारी पर हुए कथित जानलेवा हमले के मामले में पत्रकारों और क्षेत्र के नागरिकों ने मुख्य आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी तथा पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी महाराजगंज के माध्यम से सौंपा।ज्ञापन में कहा गया है कि 14 जुलाई 2026 को सोनी कुमारी के साथ कथित रूप से मारपीट, लूटपाट और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। इस मामले में थाना महाराजगंज में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद मुख्य आरोपी रामनरेश प्रजापत्ति उर्फ जादूगर की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि मुख्य आरोपी पूर्व से सजायाफ्ता अपराधी है तथा उस पर पुलिस संरक्षण में अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटान कराने का भी आरोप लगाया गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र के पत्रकारों एवं प्रबुद्ध नागरिकों में आक्रोश व्याप्त बताया गया है।

## वाराणसी नगर निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों का चुनाव शुक्रवार को

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी नगर निगम की कार्यकारिणी समिति के छह सेवानिवृत्त सदस्यों के रिक्त पदों पर होने वाला निर्वाचन 17 जुलाई शुक्रवार को होगा। चुनाव के लिए सदन की बैठक मैदागिन स्थित टाउनहाल सभागार में अपरान्ह 2.30 बजे बुलाई गई है।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र सज्जन सिंह उर्फ अभय प्रताप सिंह का चाल-चलन सही नही है इसके द्वारा किये गये किसी भी तरह का कार्य व लेने-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। अब इसका मेरे परिवार से कोई सम्बन्ध नहीं है। इसलिये मैने अपने छोटे पुत्र सज्जन सिंह उर्फ अभय प्रताप सिंह को चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हूँ। अब मेरे परिवार से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। प्रार्थी, राम नरेश सिंह, निवासी ग्राम-रामनगर, थाना माल,परगना व तहसील मलिहाबाद लखनऊ।

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**

(साधारण प्रारुप)

**न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त महोदय देवीपाटन मण्डल, गोण्डा**

**वाद संख्या- ए201508000000397**

**सूरजलाल प्रति रामनेवास आदि**

**तारीख पेशी- 28.07.2026**

1. विजयपाल, 2. गरीबलाल पुत्रगण रामनेवास, 3. जशमती पुत्री रामनेवास निवासीगण ग्राम चपरहिया, पर0 व तह0 उतरौला, जिला बलरामपुर, 4. मेवालाल 5. राम महेश, 6. रक्षाराम पुत्रगण जगप्रसाद निवासीगण ग्राम मधपुर, पर0 व तह0 उतरौला, जिला बलरामपुर, 7. शब्बीर हसन पुत्र अब्दुल रसीद निवासी ग्राम मोटेडीह, मशमूले ईटईरामपुर, पर0 व तह0 उतरौला, जिला बलरामपुर। चूंकि ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह निवेदन किया है कि अतः एवं आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 28.07.2026 को 10:00 बजे पूर्वान्ह स्वयं और सम्यक को अनदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हों और ऐसा करने में सफल न रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

**मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक 16.07.2026 को निकाली गयी।**

**- न्यायालय**


# नगर आयुक्त ने जोन-4 कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिये निर्देश

❒ भवन के रेनोवेशन, मीटिंग हॉल, रिवॉर्ड रूम एवं लिफ्ट स्थापना के निर्देश, साफ-सफाई और जल निकासी व्यवस्था पर भी जताई गंभीरता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गुरुवार को नगर निगम के जोन-4 स्थित जोनल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जोनल अधिकारी जोन-4 शिल्पा कुमारी, जोनल सेनेटरी ऑफिसर पंकज शुक्ला, अधिशासी अभियंता जोन-4 अतुल मिश्रा सहित जोन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने कार्यालय भवन का जायजा लेते हुए अधिशासी अभियंता को भवन के रेनोवेशन के निर्देश दिए। साथ ही भवन के द्वितीय तल पर मीटिंग हॉल एवं रिवॉर्ड रूम विकसित करने तथा कार्यालय परिसर में लिफ्ट स्थापित कराने के निर्देश दिए।

### जब्त सामान हटाकर परिसर को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश

नगर आयुक्त ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जब्त किए गए सामान का निरीक्षण करते हुए उसे तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय परिसर स्वच्छ एवं व्यवस्थित होना चाहिए, जिससे अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके।

### पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत आवेदनों की समीक्षा

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने डूडा के काउंटर का निरीक्षण कर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं उनकी प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना के लाभार्थियों को समयबद्ध एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### साफ-सफाई एवं जब्त पॉलीथिन के निस्तारण पर विशेष जोर

नगर आयुक्त ने जोनल कार्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए जोनल सेनेटरी ऑफिसर को परिसर की नियमित एवं बेहतर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परिसर में रखी जब्त पॉलीथिन को भी तत्काल हटाने एवं उसके उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### विनीत खंड-6 में जल निकासी के समाधान के लिए दिए निर्देश

निरीक्षण के उपरांत नगर आयुक्त ने विनीत खंड-6 के समीप जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा कराए जा रहे रेनोवेशन कार्य के चलते नाले में लगाए गए अस्थायी बंधे के कारण बरसात के समय पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। इस संबंध में उन्होंने नगर अभियंता को एलडीए के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर वर्षा ऋतु के दौरान उक्त बंधे को हटाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# बायोडिग्रेडेबल विकल्प उपलब्ध कराए बिना सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर पूर्ण रोक संभव नहीं : अमरनाथ मिश्र

❐ गुरुवार को सिंगल यूज़ प्लास्टिक से पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों तथा उसके व्यवहारिक विकल्पों पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई



कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं लखनऊ व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सिंगल यूज़ प्लास्टिक से पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों तथा उसके व्यवहारिक विकल्पों पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह ने की। बैठक में मुख्य पर्यावरण अधिकारी प्रवीण कुमार एवं क्षेत्रीय अधिकारी जे.पी. मौर्य भी उपस्थित रहे। लखनऊ व्यापार मंडल का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने किया।

बैठक की शुरुआत में डॉ. रविन्द्र प्रताप सिंह ने व्यापारियों से सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रभावी नियंत्रण तभी संभव है जब सरकार, व्यापारी और आम नागरिक मिलकर व्यवहारिक समाधान अपनाएँ। वरिष्ठ महामंत्री जितेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि कम कीमत पर उपलब्ध प्लास्टिक की पानी की बोतलों एवं ठेला-रेहड़ी संचालकों द्वारा इनके अत्यधिक उपयोग के कारण प्लास्टिक का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है। महामंत्री सोमेश मिश्रा ने बताया कि चंद्रनगर आलमबाग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने सिंगल यूज़ पॉलिथीन का पूर्ण बहिष्कार कर चाय कुल्हड़ में देना शुरू किया है, जिसका सकारात्मक प्रभाव पूरे बाजार में देखने को मिल रहा है।

ट्रांस गोमती अध्यक्ष एवं भूतनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि भूतनाथ बाजार में व्यापारियों से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील की गई थी, जिसका परिणाम यह है कि लगभग 99 प्रतिशत बाजार में इसका उपयोग बंद हो चुका है। कोषाध्यक्ष सुहेल हैदर अल्वी ने कहा कि फर्नीचर पैकिंग में प्रयुक्त प्लास्टिक को 75 माइक्रोन मानक के अनुरूप करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन उपयुक्त विकल्प उपलब्ध न होने के कारण कठिनाइयाँ बनी हुई हैं। महामंत्री सुशील तिवारी ने कहा कि केवल व्यापारियों पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि आम जनता को भी जागरूक करना होगा तथा सरकार को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का निर्माण करने वाली इकाइयों पर कड़ाई से नियंत्रण करना चाहिए। महामंत्री मनीष गुप्ता ने कहा कि नगर निगम की टीमें समय-समय पर बाजारों में केवल औपचारिक छापेमारी करती हैं, जबकि व्यापारियों को कोई व्यवहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं कराया जाता। महामंत्री मनजीत सिंह दुआ ने कहा कि चारबाग क्षेत्र में बाहर से आने वाले ग्राहकों को भी कपड़े या जूट का थैला लेकर खरीदारी करने की आदत डालनी होगी। महामंत्री प्रियंक गुप्ता ने सुझाव दिया कि बाजारों में होर्डिंग, बैनर एवं जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाए। बीकेटी परिक्षेत्र महामंत्री शशि शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े बाजारों में विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री की खरीदारी होती है, इसलिए सरकार को व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं के लिए सस्ता एवं व्यवहारिक विकल्प उपलब्ध कराना चाहिए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने बायोडिग्रेडेबल पैकिंग सामग्री के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। निखिल रस्तोगी ने कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाना चाहिए। अरविंद पाठक ने कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनों को गंभीर क्षति पहुँच रही है और इसके लिए हम सभी समान रूप से जिम्मेदार हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रविंद्र यादव ने कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए केवल प्रतिबंध पर्याप्त नहीं है। सरकार को पर्यावरण के अनुकूल एवं किफायती विकल्प उपलब्ध कराने के साथ-साथ जनजागरूकता अभियान को भी व्यापक स्तर पर चलाना चाहिए, ताकि व्यापारी और आम नागरिक स्वेच्छा से इसका उपयोग बंद करें। बैठक में बीकेटी परिक्षेत्र महामंत्री शशि शुक्ल निखिल रस्तोगी, मनोज चौरसिया, नितिन जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करें सुनिश्चित : ए.के.शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गुरुवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान विद्युत बिल संशोधन, नए विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर स्थापना, पेयजल, सीवर, सफाई, अतिक्रमण सहित अन्य जनसमस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं।

मंत्री शर्मा ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत का निस्तारण संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ किया जाए।

जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंत्री शर्मा ने आज विशेष रूप से ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर यूपीपीसीएल के निदेशक (वाणिज्य) ध्यान मथाई तथा निदेशक (तकनीकी) जी. डी. द्विवेदी जनसुनवाई में उपस्थित रहे। मंत्री शर्मा ने दोनों अधिकारियों को विद्युत संबंधी शिकायतों का मौके पर परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए।

# सर्वेश पाठक के जन्मदिवस पर महा रक्तदान शिविर, सैकड़ों लोगों ने किया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक के जन्मदिवस के अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल हॉस्पिटल में विशाल महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। कार्यक्रम में संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया।

इस अवसर पर सर्वेश पाठक ने कहा कि ''एक यूनिट रक्त तीन लोगों का जीवन बचाने की क्षमता रखता है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है।'' उन्होंने युवाओं से अपने जन्मदिवस और अन्य विशेष अवसरों को समाज सेवा से जोड़ने तथा नियमित रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने बताया कि वह प्रत्येक वर्ष अपने जन्मदिवस पर रक्तदान अभियान आयोजित करते हैं और इस वर्ष उत्तर प्रदेश के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों में भी यह अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्षा सुश्री गीता गुप्ता ने कहा कि सर्वेश पाठक का समाज सेवा के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से संचालित ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रानू सिंह के नेतृत्व में इंदिरानगर तथा राष्ट्रीय अध्यक्षा गीता गुप्ता के नेतृत्व में गोमतीनगर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

रक्तदान शिविर में प्रसिद्ध भोजपुरी गायक दिवाकर द्विवेदी सहित अमर सिंह चौहान, धर्मेंद्र पाठक, सुधीर सिंह, प्रिया सिंह, रुचि सिंह, सुनीता चटर्जी, दिव्या पांडे, उमा, सरिता बाजपेयी, अनीता तिवारी, करिश्मा, सुनीता शर्मा, राहुल पांडे, अंकल पांडे, कुलदीप पांडे, आशू सिंह, करण सिंह, मुकेश, प्रियंका, पूजा सिंह, आकाश गुप्ता, उमर खान, अभिषेक, आकाश एवं कुशाग्र सहित बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया।

# स्व0 पवन भारद्वाज की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धा का महासंगम

❐ हजारों लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । नगराम क्षेत्र के अनैया खरगापुर निवासी स्वर्गीय पवन भारद्वाज की चौथी पुण्यतिथि पर पवन पेट्रोलियम संस्थान परिसर में श्रद्धांजलि सभा एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर स्व. पवन भारद्वाज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने स्व. पवन भारद्वाज के सामाजिक योगदान, जनसेवा और सरल व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज के हर वर्ग के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनकर एक अलग पहचान बनाई थी। उनके द्वारा किए गए जनहित के कार्य आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम के उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों, ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सौहार्द का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि आज उनके पूज्य पिता स्व. पवन भारद्वाज की चौथी पुण्यतिथि है। उन्होंने कहा कि पिता के आदर्शों, संस्कारों और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शुभचिंतकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति ने स्व. पवन भारद्वाज के प्रति लोगों के गहरे सम्मान और आत्मीयता को एक बार फिर उजागर कर दिया।

## केशवनगर में जुए के अड्डे पर पुलिस का छापा, 6 गिरफ्तार



**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मड़ियांव थाना पुलिस ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए केशवनगर क्षेत्र में संचालित जुए के अड्डे पर छापेमारी कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं।सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और छह लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान मौके से 3.05 लाख रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते तथा आरोपियों की जामा तलाशी से 5,010 रुपये बरामद किए गए।पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 3/4/5 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। साथ ही आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

## सड़क पर रोककर महिला, पति और बेटे से मारपीट

**सरोजनीनगर,लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के हडाईन खेड़ा गांव की रहने वाली एक महिला ने गांव के ही पांच लोगों पर रास्ता रोककर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। हडाईन खेड़ा निवासी साधना पत्नी मनोज यादव के अनुसार, 13 जुलाई 2026 की सुबह करीब 7:30 बजे गांव के ही लवकुश यादव, उनके भाई ललित यादव, पिता राम स्वरूप यादव और माता रामदर्शिनी ने अपने घर के बाहर सड़क पर उन्हें, उनके पति मनोज यादव और 13 वर्षीय पुत्र कृष्णा को रोक लिया। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लात-घूसों से मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि मारपीट में उन्हें और उनके पुत्र कृष्णा को चोटें आईं, जिसके बाद उन्होंने उपचार कराया। इसके बाद वह थाने पहुंचीं और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## उत्साह के साथ बच्चों ने मनाया मैंगो-डे



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** द राइजिंग स्टार प्री स्कूल में गुरुवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विद्यालय परिसर में मैंगो डे (Mango Day) बड़े ही उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय को आम की आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगे पोस्टरों एवं मनमोहक कलाकृतियों से सजाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पीले रंग की वेशभूषा पहनकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने ''Mango Party'' थीम के साथ सुंदर फोटो सेशन कराया तथा आम से जुड़ी रोचक गतिविधियों में भाग लिया। शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में बच्चों ने मिलकर ताज़े आम का स्वादिष्ट मैंगो शेक तैयार किया और उसका आनंद लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या आकांक्षा बाजपेई ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में रचनात्मकता, सहभागिता, आत्मविश्वास तथा सीखने के प्रति रुचि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बृहस्पतिवार को राजधानी लखनऊ में भगवान जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यह यात्रा संदोहन देवी मंदिर से प्रारंभ होकर सारी मलिक से होता हुई चौक चौराहा सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। रथ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया तथा यात्रा के शांतिपूर्ण और सफल आयोजन में स्थानीय लोगों का भी सहयोग रहा।

# शोरूम में घुसकर युवकों ने की मारपीट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी

लखनऊ । सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक शोरूम के अंदर घुसकर दो युवकों ने पहले गाली-गलौज की और फिर 8-10 लोगों को बुलाकर कर्मचारियों की पिटाई कर दी। आरोपियों ने पीड़ित का मोबाइल भी छीनकर जमीन पर पटक दिया। घटना की सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी पुलिस के सामने भी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है।

पीड़ित महेश नारायण निवासी हरिहरपुर ने थानाध्यक्ष सुशांत गोल्फ सिटी को दी गई तहरीर में बताया कि दोपहर करीब 2 बजे वह शोरूम के अंदर बैठा था। इसी दौरान ठध्32 गठ्ठ 7303 नंबर की गाड़ी से दो युवक अंदर आए और बिना बात के गाली देने लगे।जब उन्होंने गाली देने का कारण पूछा तो आरोपियों ने उनका कॉलर पकड़कर खींचना शुरू कर दिया।आरोपियों ने अपना नाम अली और राजन सिंह बताया। तहरीर के अनुसार पीड़ित ने कहा कि वह अपने मालिक से बात करा देता है तो आरोपियों ने उसका फोन छीनकर जमीन पर दे मारा और मालिक को भी अपशब्द कहे। इसके बाद दोनों ने फोन कर 8-10 लोगों को बुला लिया। सभी ने शोरूम से बाहर खींचकर पीड़ित और अन्य स्टाफ के साथ लात-घूसों से मारपीट की।

पीड़ित ने बताया कि किसी तरह उसने 112 नंबर डायल किया।पुलिस के पहुंचने के बाद भी आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और वहां से चले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# प्राचीन स्मारक हमारी सांस्कृतिक चेतना के केन्द्र: जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में प्राविधानित कुल धनराशि 14 करोड़ 81 लाख 81 हजार 200 रुपये अवमुक्त कर कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा जैन विद्या शोध संस्थान लखनऊ के खाते में जमा करा दी गई है

लखनऊ । राज्य पुरातत्व विभाग के अंतर्गत आने वाले राज्य संरक्षित 08 स्मारकों पर वृहद अनुरक्षण कराये जाने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में प्राविधानित कुल धनराशि 14 करोड़ 81 लाख 81 हजार 200 रुपये अवमुक्त कर कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा जैन विद्या शोध संस्थान लखनऊ के खाते में जमा करा दी गई है। इस धनराशि से झांसी, ललितपुर, फिरोजाबाद, शामली तथा लखनऊ में स्थित स्मारकों पर वृहद अनुरक्षण कार्य कराये जायेंगे। ये प्राचीन स्मारक हमारी सांस्कृतिक चेतना के केन्द्र हैं। साथ ही हमारी विरासत का हिस्सा हैं।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि झांसी स्थित डिमरौनी गढ़ी के वृहद अनुरक्षण कार्य के लिए 03 करोड़ 46 लाख 51 हजार 520 रुपये, ललितपुर स्थित मर्दनसिंह की बैठक में वृहद अनुरक्षण कार्य के लिए 01 करोड़ 42 लाख 65 हजार 860 रुपये, इसी जनपद के लक्ष्मणगढ़ मन्दिर पिपराई ललितपुर के कार्य के लिए 55 लाख 40 हजार 920 रुपये तथा रणक्षोण मन्दिर धोजारी के लिए 28 लाख 55 हजार रुपये की धनराशि अवमुक्त की गई है।

जयवीर सिंह ने बताया कि इसी प्रकार झांसी के ठाकुरपुरा गढ़ी पर वृहद अनुरक्षण कार्य हेतु स्वीकृत 4 करोड़ 88 लाख 98 हजार 80 रुपये की धनराशि, फिरोजाबाद जनपद के चन्द्रवाड़ का किला पर वृहद अनुरक्षण कार्य करने के लिए 1 करोड़ 60 लाख 69 हजार की धनराशि, शामली जनपद के प्राचनी गुम्बद पर वृहद अनुरक्षण कार्य हेतु 1 करोड़ 70 लाख 20 हजार रुपये तथा लखनऊ स्थित बड़ा शिवाला पर वृहद अनुरक्षण कार्य के लिए 88 लाख 88 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत कराते हुए जैन विद्या शोध संस्थान के खाते में जमा करा दी गई है।

जयवीर सिंह ने बताया कि उपरोक्त स्मारक पुरातात्विक महत्व के हैं। इनका निर्माण अनूठी शैली में किया गया है। साथ ही स्थापत्य कला के अद्भुत नमूने हैं। इनको संरक्षित कर भावी पीढ़ी को सांस्कृतिक चेतना और गौरव की अनुभूति कराना है। ये पुराने निर्माण अपने में एक लम्बा इतिहास समेटे हुए हैं। इनकों आकर्षक रूप दे कर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आकर्षित करना भी है। साथ ही बुनियादी सुविधाएं सुलभ कराना है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में प्राचीन स्मारकों, किलों, धार्मिक स्थलों तथा ऐतिहासिक महत्व के भवनों को सहेजा जा रहा है, इन स्मारकों से आसपास के लोगों की स्मृति जुड़ी हुई है। इस प्रकार राज्य सरकार अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आम जनता के उपयोगार्थ प्रस्तुत करने का प्रयास कर रही है।

# लकड़ी के रथ पर रंगीन कपड़े से श्रृंगारित होकर नगर यात्रा पर निकले भगवान जगन्नाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा के संग फूलों से सुसज्जित लकड़ी के रथ पर रंग बिरंगे कपड़े से श्रृंगारित होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए ऐशबाग लखनऊ स्थित मोतीनगर के श्री गौडीय मठ से नगर यात्रा पर निकले। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा को रत्न जड़ित पगड़ी, पीताम्बर वस्त्र और कीमती आभूषणों से सुशोभित किया गया था।

श्री श्री जगन्नाथ रथयात्रा का शुभारंभ मंदिर समिति के मठाध्यक्ष सुधा सिंधु महाराज ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान को झूला झुलाते हुए चंदन-कपूर मिश्रित जल छिड़ककर रथ समार्चना कर आरती से किया। इसके पश्चात हजारों भक्तों ने भगवान की काष्ठ प्रतिमाओं को अपने कंधों पर उठाकर नाचते गाते हुए फूलों से सजे रथ पर विराजमान किया। ऐशबाग के शकुंतलम भवन के भक्तों की ओर से श्री गौड़ीय मठ मंदिर के भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का पूजन अर्चन, कमल की माला अर्पित कर फलों व मिष्ठान का भोग लगाकर रथयात्रा का स्वागत किया गया। रथयात्रा में सबसे आगे माता तुलसी को अपने सिर पर विराजमान कर संतगण चल रहे थे। उनके पीछे चैतन्य महाप्रभु का भव्य चित्र विराजमान था।रथयात्रा के मार्गों पर हजारों भक्तों ने झाड़ू लगाकर एवं भगवान जगन्नाथ के रथ को अपने हाथों से खींचकर पुण्य लाभ कमा रहे थे। बैंडबाजों तथा संकीर्तन करते भक्तों के बीच रथ पर विराजे बलभद्र, सुभद्रा व जगन्नाथ के दिव्य दर्शन पाने के लिए हजारों भक्तगण मार्गों के दोनों ओर एकत्र हुए थे। कई स्थानों भगवान की पूजा अर्चना, पुष्प वर्षा के विशेष प्रबंध किए गए थे। मृदंग की थाप पर झूमते भक्तों ने जय जय जगन्नाथ स्वामी, हरि हरि बोल, राधे राधे के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे साथ ही जगन्नाथ, जगन्नाथ चका नैन, चका नैन लीलाचल वरे

मंदिर समिति की ओर से रथयात्रा में भक्तों को पूड़ी, बूंदी, मीठे चावल का प्रसाद वितरण किया गया। गणेशगंज में मित्तल परिवार द्वारा जगन्नाथ प्रभु का भव्य स्वागत किया गया तथा प्रभु को भोग एवं महा आरती की गई। यह रथयात्रा श्री गौड़ीय मठ मंदिर मोतीनगर से ऐशबाग रोड, नाका हिण्डोला, बांसमंडी चौराहा, लाटूश रोड, श्रीराम रोड, अमीनाबाद रोड, गणेशगंज से नाका हिण्डोला, आर्यानगर, मोतीनगर चौराहा होते हुए वापस श्री गौड़ीय मठ मंदिर में पहुंचकर समाप्त हुई। जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर श्री गौडिया मठ की रथयात्रा प्रतिवर्ष निकाली जाती है।

# लखनऊ की गौरवशाली शतायु नागरिक प्रतिभा जोशी के 100वें जन्मदिवस पर हुआ सम्मान, महापौर ने दीं शुभकामनाएँ

❐ महापौर ने जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त के साथ उनके आवास पहुँचकर किया सम्मान, मुख्यमंत्री के निर्देश पर भेंट किया उपहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । इन्दिरा नगर निवासी एवं लखनऊ की गौरवशाली शतायु नागरिक प्रतिभा जोशी के 100वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल ने उनके आवास पर पहुँचकर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी. अय्यर जी, नगर आयुक्त गौरव कुमार तथा अध्यक्ष पर्वतीय महापरिषद गणेश चंद्र जोशी भी उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शतायु नागरिक का किया गया सम्मान

मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार महापौर सुषमा खर्कवाल जी ने श्रीमती प्रतिभा जोशी जी का सम्मान करते हुए उन्हें उपहार भेंट किया। इस दौरान उनसे आत्मीय संवाद करते हुए उनके जीवन के प्रेरणादायी अनुभवों को जानने का अवसर प्राप्त हुआ। उनकी सादगी, सकारात्मक सोच और जीवन के प्रति उत्साह ने उपस्थित सभी जनों को प्रभावित किया।

### इंटरमीडिएट में उत्तर प्रदेश की टॉपर रह चुकी हैं प्रतिभा जोशी

महापौर ने कहा कि यह जानकर अत्यंत गर्व की अनुभूति हुई कि श्रीमती प्रतिभा जोशी जी अपने समय में इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तर प्रदेश की टॉपर रहीं। उस समय जब बेटियों की शिक्षा को लेकर समाज में अनेक चुनौतियाँ थीं, तब उन्होंने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता का नया इतिहास रचा। उनका जीवन आज की युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का एक सशक्त उदाहरण है।

### स्वतंत्र भारत से विकसित भारत तक की यात्रा की साक्षी हैं शतायु नागरिक

प्रतिभा जोशी जी ने अपने 100 वर्षों के जीवन में भारत को स्वतंत्र होते देखा है और आज देश को विकसित भारत के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ते हुए देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उनका अनुशासित जीवन, सकारात्मक दृष्टिकोण और समाज के प्रति प्रेरणादायी विचार हम सभी के लिए अनुकरणीय हैं।

### महापौर ने की उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना

महापौर सुषमा खर्कवाल ने ईश्वर से प्रतिभा जोशी के उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और उनका आशीर्वाद आने वाली पीढ़ियों को मार्गदर्शन देता रहेगा।

# डीएम ने मॉडल प्रेरणा कैन्टीन का किया उद्घाटन प्रत्येक ब्लॉक में स्थापित की जाएंगी प्रेरणा कैन्टीन

❐ उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्थापित मॉडल प्रेरणा कैंटीन

❐ जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कैन्टीन में गुणवत्तायुक्त एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी के साथ विकास भवन परिसर में स्थित उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्थापित मॉडल प्रेरणा कैंटीन का फीता काटकर तथा शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया।

इस कैन्टीन में चाय, कॉफी, नाश्ता, कढ़ी-चावल, छोले-भटूरे, मिनरल वाटर सहित अन्य खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध रहेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कैन्टीन में गुणवत्तायुक्त एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जाए। ताकि कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन में प्रतिदिन आने वाले आमजन, अधिवक्ताओं तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित खाने-पीने की सुविधाएं प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार की प्रेरणा कैन्टीनें जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में स्थापित की जाएंगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण खाद्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हों। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक पीडीडीआरडीए अवधेश राम, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद में तीन दिवसीय सहजन पौधरोपण अभियान शुरू, डीएम ने किया पौधारोपण

❐ हरिशंकरी वृक्षों के संरक्षण एवं नियमित जियो टैगिंग के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवासों पर सहजन के पौधों के रोपण के लिए 16 से 18 जुलाई तक तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक, डीसी मनरेगा हर्षवर्धन सिंह तथा खंड विकास अधिकारी ददरौल के साथ ग्राम पंचायत मधवामई में हरिशंकरी वृक्षों का रोपण किया।

डीएम ने निर्देश दिए कि हरिशंकरी वृक्षों की सुरक्षा के लिए ईंटों से ट्री गार्ड का निर्माण कराएं तथा उन पर आवश्यक विवरण पेन्ट से लिखवाएं। साथ ही पौधों की नियमित देखरेख करें तथा प्रत्येक सप्ताह जियो टैग युक्त फोटोग्राफ उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि जनपद के प्रत्येक अंत्येष्टि स्थल पर कल्पवृक्ष एवं चंदन के पौधे भी लगाए जाएं। जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व वाले वृक्षों का संवर्धन हो सके। डीएम ने ग्राम पंचायत सचिवालय में कराई गई वॉल पेंटिंग पर अंकित अधिकारियों के दूरभाष नंबरों की स्वयं फोन कर जांच की और प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से अपील की कि वे अपने आवास के आसपास एक से पांच पौधे अवश्य लगाएं। उन्होंने लाभार्थियों को सहजन के पौधों के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवालय स्थित प्रेरणा केंद्र एवं ई-लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। बताया कि जनपद की 161 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों में बच्चों एवं युवाओं को डिजिटल शिक्षा और ज्ञान से जोड़ने के उद्देश्य से डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं। इन लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, स्किल डेवलपमेंट से संबंधित सामग्री, पुस्तकें, ई-कोर्स, हाई स्पीड इंटरनेट एवं अन्य डिजिटल सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने ग्रामीणों से इसका अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की। इस अवसर पर पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान/प्रशासक कुसुम सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तहसील गेट के बाहर खड़ी बाइक में अचानक लगी आग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ चंद मिनटों में जलकर राख महज 500 मीटर दूर फायर स्टेशन होने के बावजूद नहीं पहुंची दमकल, लोगों ने उठाए सवाल

धौरहरा, लखीमपुर, खीरी। धौरहरा तहसील गेट के बाहर गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क किनारे खड़ी एक बाइक में अचानक आग भड़क उठी।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही मिनटों में पूरी बाइक जलकर राख हो गई।घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए।ईसानगर निवासी जावेद पुत्र सलीम खान अपनी 2019 मॉडल की बाइक यूपी-31 बीएच-8370 से तहसील कोर्ट में पेशी के सिलसिले में आए थे।वह अपने अधिवक्ता राजू शुक्ला के चैंबर में मौजूद थे।इसी दौरान तहसील गेट के सामने मैदान में खड़ी उनकी बाइक से अचानक धुआं उठने लगा और कुछ ही क्षणों में आग की तेज लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया।बाइक में मौजूद पेट्रोल के कारण आग तेजी से फैल गई और वाहन धू-धू कर जलने लगा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।लेकिन शुरुआती समय में आग बुझाने के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं थे।स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया।लेकिन तब तक बाइक लगभग पूरी तरह जल चुकी थी।हैरानी की बात यह रही कि घटना स्थल से करीब 500 मीटर की दूरी पर फायर स्टेशन होने के बावजूद आग बुझाने के लिए दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंचा।इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली।लोगों का कहना था कि यदि समय पर दमकल पहुंच जाती तो बाइक को पूरी तरह जलने से बचाया जा सकता था।सूचना मिलने पर कस्बा चौकी इंचार्ज वीरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।हालांकि तब तक बाइक पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी।फिलहाल आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।पुलिस मामले की जांच कर रही है।वहीं घटना ने एक बार फिर आपातकालीन सेवाओं की तत्परता और फायर स्टेशन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## कृषि यंत्रों पर अनुदान पाने का सुनहरा अवसर

रायबरेली। उप कृषि निदेशक हिमांशु पाण्डेय ने जनपद के समस्त किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा है कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा संचालित नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन (एनएमएएम) सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों पर अनुदान प्राप्त करने का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन के तहत फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि ड्रोन, विभिन्न एकल कृषि यंत्र तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना के अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित एकल कृषि यंत्र, कस्टम हायरिंग सेंटर एवं एग्रीगेटर सहित अन्य योजनाओं के लिए ऑनलाइन बुकिंग/आवेदन 16 जुलाई 2026 दोपहर 12:00 बजे से 10 अगस्त 2026 की रात्रि 12:00 बजे तक किए जाएंगे।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने व गर्भपात कराने का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना तिलहर पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाने व जबरदस्ती उसका गर्भपात कराने, गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीती 07 जुलाई को थाना तिलहर पुलिस को तहरीर देकर गांव बंथरा के रहने वाले अजय प्रताप सिंह और उसके परिजनों पर गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आरोप था कि अजय प्रताप सिंह ने युवती को शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती गर्भवती हो गई, तो जबरदस्ती उसका गर्भपात कराया। इसके बाद युवती से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई। तहरीर के आधार पर अभियुक्त अजय प्रताप सिंह, उसके भाई विजय प्रताप, बहन महिमा और मां आशा देवी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसी क्रम में थाना तिलहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सरयू पुलिया के पास से नामजद अभियुक्त अजय प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अजय प्रताप सिंह को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

# अब शहद की मिठास घोलेगी शराब, सीतापुर बस स्टेशन पर हनी-बेस्ड मदिरा की नई दुकान का शुभारंभ

❐ आम, शहतूत, केला, पुदीना समेत कई फ्लेवर में मिलेगी मीड, कंपनी अधिकारियों ने बताई अल्कोहल प्रतिशत और कीमतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। उत्तर प्रदेश के आबकारी राजस्व में लगातार महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जनपद सीतापुर में मदिरा कारोबार का दायरा अब एक नए आयाम की ओर बढ़ गया है। शहर के बस स्टेशन क्षेत्र में आबकारी विभाग द्वारा आवंटित नई दुकान पर शहद (हनी) से निर्मित मदिरा (मीड) की बिक्री का शुभारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही सीतापुर उन चुनिंदा जिलों में शामिल हो गया है, जहां उपभोक्ताओं को शहद आधारित मदिरा का नया विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है।

नई दुकान पर MAEVE ब्रांड की हनी-बेस्ड मीड के साथ फलों और प्राकृतिक फ्लेवर वाली मदिरा उपलब्ध कराई गई है। अब सीतापुर के उपभोक्ताओं को आम (Mango Melomel), शहतूत (Mulberry Morat), केला (Banana Caramel), पुदीना (Traditional Mint) तथा Braggot जैसे अलग-अलग स्वादों में मीड मिलेगी।

कंपनी अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न उत्पादों में अल्कोहल की मात्रा (ABV) और कीमतें अलग-अलग निर्धारित की गई हैं। Banana Caramel में 15 प्रतिशत अल्कोहल है और इसकी कीमत 140 रुपये रखी गई है। Braggot में 8 प्रतिशत अल्कोहल के साथ कीमत 180 रुपये है, जबकि Traditional Mint में 8 प्रतिशत अल्कोहल और कीमत 200 रुपये निर्धारित की गई है। वहीं प्रीमियम श्रेणी के Mango Melomel और Mulberry Morat में 12 प्रतिशत अल्कोहल है तथा इनकी कीमत 1200 रुपये रखी गई है।

कंपनी का कहना है कि मीड शहद के किण्वन (Fermentation) से तैयार की जाती है और इसमें प्राकृतिक फलों के स्वाद को विशेष तकनीक से शामिल किया जाता है। यही कारण है कि इसका स्वाद पारंपरिक शराब से अलग और विशिष्ट माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह पेय काफी लोकप्रिय है और अब भारतीय बाजार में भी इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है।

सीतापुर लंबे समय से प्रदेश के प्रमुख आबकारी राजस्व देने वाले जिलों में शामिल रहा है। ऐसे में हनी-बेस्ड मीड की बिक्री शुरू होने से आबकारी कारोबार में एक नई श्रेणी जुड़ गई है। अधिकारियों का मानना है कि इससे उपभोक्ताओं को नए विकल्प मिलेंगे और सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

# गुणवत्ता से समझौते पर जीरो टॉलरेंस!

❐ सकरन में बीडीओ ने निर्माणाधीन सभागार का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन, सीतापुर। विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खंड विकास अधिकारी श्रीश गुप्ता ने बुधवार को विकास खंड परिसर में निर्माणाधीन सभागार कक्ष का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन भवन की गुणवत्ता, निर्माण सामग्री तथा कार्य की प्रगति का गहन निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकारी धन से कराए जा रहे निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बीडीओ ने निर्माण स्थल पर मौजूद अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा प्रयुक्त निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने जूनियर इंजीनियर एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य पूरी तरह शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग, अनियमितता या गुणवत्ता में कमी पाई गई तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के तहत बनने वाले भवन आम जनता की सुविधा के लिए होते हैं, इसलिए उनकी गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करते हुए पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित की जाएं, ताकि सभागार शीघ्र ही क्षेत्रवासियों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने निर्माण स्थल पर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा कार्य की गति बनाए रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है और मानकों की अनदेखी करने वालों को किसी भी स्तर पर बख्शा नहीं जाएगा।

# डीएम ने सड़क निर्माण का किया औचक निरीक्षण गुणवत्ता व समयबद्धता के दिए निर्देश

❐ डीएम ने मौके पर मौजूद अधिशासी अधिकारी, अवर अभियंता से निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । जनपद में बेहतर सड़क संपर्क और नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चल रहे विकास कार्यों की निगरानी लगातार की जा रही है। इसी क्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने नगर पालिका परिषद लखीमपुर के मोहल्ला कंचनपुरी में नहर पटरी से उमेश कुमार के मकान होते हुए गोला मार्ग तक निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

यह सीसी सड़क लगभग 430 मीटर लंबी एवं 4 मीटर चौड़ी निर्मित की जा रही है। निरीक्षण के समय सड़क निर्माण के लिए नहर की ओर बॉक्सिंग का कार्य प्रगति पर था। डीएम ने मौके पर मौजूद अधिशासी अधिकारी, अवर अभियंता से निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, बॉक्सिंग की मजबूती, सड़क निर्माण के संबंध में जरूरी निर्देश दिए।डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य पूरी पारदर्शिता और निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराया जाए। कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा घटिया सामग्री का प्रयोग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य के प्रत्येक चरण की नियमित निगरानी की जाए तथा तकनीकी मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब न होने पाए। निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण कार्य पूरा किया जाए, ताकि नगरवासियों को शीघ्र बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा करने और किसी भी कमी को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए।

## अपर मुख्य सचिव बी.एल. मीना ने किया खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों व उद्यान योजनाओं का निरीक्षण

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** अपर मुख्य सचिव, उद्यान, रेशम तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 शासन बी0एल0 मीना द्वारा वित्त नियंत्रक उद्यान विभाग संजय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दीक्षा जोशी, उप जिलाधिकारी सिधौली अवनीश कुमार तथा जिला उद्यान अधिकारी, सीतापुर के साथ ग्राम-सलेमपुर, मनवा वि0ख0-सिधौली में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 द्वारा अनुदानित इकाई हिलेरी फ्लफ प्रा0लि0 का स्थलीय निरीक्षण एवं पौध रोपण किया गया। साथ ही साथ उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजना पर ड्राप मोर क्राप अन्तर्गत ग्राम-मनवा वि0ख0-सिंधौली में विवेक सिंह चौहान के ड्रिप सिंचाई पद्धति पर अमरूद बाग, एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत ग्राम-गाजीपुर वि0ख0-सिधौली में जे0वी0के0एस0 फार्मर प्रोड्यूसर कं0 द्वारा प्रथम पंक्ति प्रदर्शन अन्तर्गत सहजन की खेती/प्रसंस्करण इकाई का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा निर्देशित किया गया है कि विभाग में संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए।

## मिश्रिख में विधिक जागरूकता शिविर, छात्राओं को बताए गए कानूनी अधिकार

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में व मा0 जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर ''श्री आशीष जैन'' के निर्देशानुसार आज दिनांक-16.07.2026 को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आलोक यादव, द्वारा समयः-12:00 बजे से स्व0 यशोदा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मिश्रिख सीतापुर में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा महिलाओं को प्राप्त कानूनी अधिकारों व अन्य महिलाओं से सम्बन्धित प्रावधानों के तहत प्राप्त कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सरस्वती बन्दन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन गरिमा तिवारी व अभिजीत गौड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री हरिनाम सिंह, विद्यालय प्रशासक द्वारा अपने विद्यालय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। श्री सुजीत बाजपेई, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफ़ेन्स काउंसिल व श्री भूपेन्द्र कुमार दीक्षित, लीगल एड डिफेंन्स काउंसिल सिस्टम द्वारा वहॉ पर उपस्थित समस्त छात्र/छात्राओं को बाल सेवा योजना के बारे जानकारी प्रदान की गयी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कैसे गरीब व असहाय व्यक्तियों की सहायता की जाती है, इस पर भी प्रकाश डाला, प्री-लिटिगेशन के बारे में भी जानकारी दी गयी। उक्त कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी।

## वन महोत्सव महायज्ञः सीओ सिटी कपूर कुमार ने पीएसएसएस कार्यालय में किया वृक्षारोपण

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** दिन बुधवार को वनमहोत्सव महायज्ञ के अवसर पर ल्लएक पेड़ अपनी मां के नामङ्क अभियान के अंतर्गत पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति (पीएसएसएस) के केंद्रीय कार्यालय, सावित्रीनगर (सीतापुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग) पर क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण मानव जीवन का आधार है, इन्हीं के कारण हम सभी को शुद्ध वायु मिलती है और जीवन संभव है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि हर व्यक्ति कम से कम एक पेड़ अपनी मां के नाम अवश्य लगाए और इस अभियान को आगे बढ़ाए। उन्होंने सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ल्लएक पेड़ मां के नामङ्क अभियान से लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। साथ ही पत्रकार सुरक्षा सेवा समिति द्वारा इस अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए संगठन को धन्यवाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर के आगमन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बिनोद वर्मा, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी प्रताप तिवारी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. आर.के. यादव व अन्य पदाधिकारियों ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राशिद खान चांद, असद जुनैद (लखनऊ मंडल मीडिया प्रभारी), अचल कुमार गुप्ता, आशिफ खान, दानिश कुरैशी, शाहनवाज खान, संजय भारती, ललित पांडेय, जावेद खान, शैलेन्द्र वर्मा, पूजा तिवारी सहित बड़ी संख्या में पत्रकार एवं संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

## धौरहरा में कैंटीन में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

**धौरहरा, खीरी , कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** कस्बा धौरहरा के मोहल्ला इज़्ज़त नगर में गुरुवार देर रात एक कैंटीन की दुकान में अचानक आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। कैंटीन संचालक दिलशाद पुत्र शमशाद ने बताया कि वह रोज की तरह रात करीब 10:30 बजे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। सुबह पड़ोसियों का फोन आया कि उनकी दुकान से धुआं निकल रहा है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित दिलशाद के अनुसार आग में करीब 6 लाख रुपये का सामान, 80 हजार रुपये की नकदी और दो मोबाइल फोन जलकर नष्ट हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि इस हादसे से उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया बिजली का शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# मदरसा शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

❐ कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। अरबी-फारसी मदारिस एसोसिएशन के अध्यक्ष इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां के नेतृत्व में प्रदेश के अनुदानित मदरसों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

जिससे उन्हें और उनके परिवारों को समय पर बेहतर उपचार मिल रहा है। जबकि अनुदानित मदरसों के शिक्षक एवं कर्मचारी भी राज्य की शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न अंग हैं और वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, फिर भी वे इस महत्वपूर्ण सुविधा से वंचित हैं। मांग की गई कि प्रदेश के सभी अनुदानित मदरसों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भी अन्य विभागों के कर्मचारियों की तरह कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ प्रदान किया जाए। इससे हजारों शिक्षक, कर्मचारी एवं उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए प्राप्त होंगी तथा वे अधिक समर्पण एवं उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे। इस दौरान इजहार हसन, जहूर अहमद, जाहिद, मोईन खान, सैयद शारिक अली, हैदर अली, साजिद अली खान, मौलाना इमरान खान, मोहम्मद अनीस, सोहेल अहमद, मिर्ज़ा खालिद बेग, नवील खान आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय के मिड-डे मील में कीड़े मिलने का आरोप, वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप

❐ ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की उठाई मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन, खीरी। निघासन विकासखंड की ग्राम पंचायत नौरंगाबाद के गांव फरदहिया स्थित प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय में बच्चों को परोसे गए भोजन में कीड़े मिलने का आरोप सामने आया है। घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद अभिभावकों और ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार, भोजन परोसे जाने के दौरान कुछ बच्चों ने उसमें कीड़े होने का दावा किया। इसके बाद छात्रों ने कथित तौर पर घटना का वीडियो बनाकर अपने परिजनों और ग्रामीणों को दिखाया। वीडियो सामने आने के बाद गांव में चर्चा का विषय बन गया और विद्यालय की भोजन व्यवस्था पर सवाल उठने लगे। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में मिड-डे मील की गुणवत्ता को लेकर पहले भी शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी सुधार नहीं हुआ। उनका आरोप है कि यदि भोजन की गुणवत्ता की नियमित निगरानी होती, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

ग्रामीणों और अभिभावकों ने बेसिक शिक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों और भोजन व्यवस्था से जुड़े लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्यालय के बच्चों को आगे से स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण मिड-डे मील उपलब्ध कराया जाए।

# मामा ने की भांजे की हत्या, बचाने आई बहन को भी मारी गोली, हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। कादरचौक थाना क्षेत्र से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति ने अपने भांजे की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने अपनी विधवा बहन को भी गोली मारी, जिससे वह घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।आपको बता दे कि कादरचौक थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत लखुपूरा का मजरा के गांव बखतपुर में बुधवार रात एक युवक ने अपनी सगी बड़ी बहन और एक भांजे को तमंचे से गोली मार दी। भांजे की मौके पर मौत हो गई, जबकि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। घटना से पहले आरोपी ने अपने भांजे के साथ शराब पी थी। इसी दौरान दोनों में विवाद हुआ था। वारदात के बाद आरोपी तमंचे को लेकर मौके से भाग गया। एसपी सिटी और सीओ उझानी ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की। वारदात पास में लगे सीसी कैमरे में भी कैद हुई है। वहीं ग्राम पंचायत लखुपूरा का मजरा के गांव बखतपुरा में वीर सिंह के मकान के सामने ही उसकी सगी बड़ी बहन संतोषी मकान बनाकर अपने पांच बच्चों में दो पुत्र और तीन पुत्रियों के साथ रहती है। संतोषी के पति मलखान की मौत हो चुकी है। बताते हैं कि बुधवार रात वीर सिंह अपने भांजे आकाश के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान दोनों के बीच नशे में विवाद शुरू हो गया। दोनों में पहले मारपीट हुई। इसी दौरान संतोषी बीचबचाव करने आ गई। विवाद के दौरान वीर सिंह ने तमंचे से पहले आकाश को गोली मारी। उसके बाद अपनी बहन संतोषी को गोली मार दी। एक गोली आकाश के सीने में जा लगी, जिससे आकाश की मौके पर मौत हो गई। संतोषी के पेट में गोली लगी है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर ने संतोषी का प्राथमिक उपचार किया। उसके बाद उसे सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है। इधर, आकाश अपने भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। वहीं बहन और भांजे को गोली मारने की घटना में प्रधान के पति भूपेंद्र के घर के बाहर लगे सीसी कैमरे में कैद हुई है। इस कांड में यह अहम सबूत माना जा रहा है। इस वारदात के बाद चर्चा हो रही है कि आरोपी वीर सिंह की पत्नी सुषमा पिछले 15 दिन से मायके में है। वीर सिंह के उत्पीड़न से परेशान होकर वह मायके गई थी, लेकिन वीर सिंह को शक है कि उसकी बहन संतोषी ने उसकी पत्नी को भड़काया, इसलिए वह मायके चली गई। चर्चा यहां तक हो रही है कि वीर सिंह और आकाश के बीच शराब पीने के दौरान इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ था। विवाद गोलीकांड तक पहुंच गया। वहीं, प्रधान के पति भूपेंद्र का मकान भी आरोपी वीर सिंह के घर के नजदीक है। उसी के सीसी कैमरे में गोलीकांड की वारदात कैद हुई है। भूपेंद्र ने भी आरोपी वीर सिंह की पत्नी सुषमा के 15 दिन पहले मायके जाने की बात कही है। वहीं संतोषी की 15 साल की बेटी भावना भी मेडिकल कॉलेज पहुंची हुई थी। उसने बताया कि मम्मी और मामा के बीच बुधवार की देर रात झगड़ा हुआ था। इसके बाद शराब में धुत मामा ने पहले भाई आकाश पर और फिर मम्मी पर गोली चलाई थी। उसके पापा नहीं हैं, इस कारण मम्मी मामा के घर के पास मकान बनाकर रहती थी। इस कांड के बाद संतोषी का पूरा परिवार बेहद डरा हुआ है। वहीं संतोषी के गोली कोख में लगी और पेट से होकर निकल गई। मेडिकल कॉलेज में हुए एक्सरे में गोली पेट में नहीं मिली है। वहीं एसपी सिटी अभिषेक सिंह ने बताया थाना कादरचौक क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बखतपुर में एक युवक द्वारा अपनी बहन व भांजे के गोली मारने व भांजे की मृत्यु हो जाने पर थाना कादरचौक पर अभियोग पंजीकृत किया गया, वही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है,जल्दी आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# न्यायालय के बाद मुख्य डाकघर को बम से उड़ाने मिली धमकी, घंटे चली तलाशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। मुख्य डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। अज्ञात ईमेल से मिली धमकी के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने तुरंत डाकघर खाली कराकर बम निरोधक दस्ते व डॉग स्क्वायड से तलाशी ली। घंटे की जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, प्रशासन ने राहत की सांस ली। आपको बता दें कि मुख्य डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी मेल के जरिए मिलने के बाद बृहस्पतिवार को पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। डाकघर के आधिकारिक ईमेल पर अज्ञात व्यक्ति की ओर से भेजी गई मेल का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधिकारियों ने ग्राहकों को बाहर कराकर डाकघर का कोना-कोना छाना।वहीं पुलिस की कई टीमों ने बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड के साथ जांच की। डाकघर और आसपास के परिसर को खाली कराकर सघन तलाशी अभियान चलाया। तीन घंटे तक पुलिस ने कोने-कोने की जांच की। डाकघर में रखे पार्सल, लेटर और अन्य सामान को भी बारीकी से चेक किया गया। वहीं तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला। इसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। धमकी भरा मेल मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं थीं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डाकघर के मेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई गई। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर डाकघर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मेल भेजने वाले की पहचान के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करने की तैयारी में है। गौरतलब है कि बुधवार को जिला न्यायालय परिसर को भी बम से उड़ाने की धमकी के बाद पुलिस टीमों ने सघन चेकिंग की थी।

# कछला पर तैनात सिपाही की अश्लील हरकतों से महिला परेशान, सीओ नें बैठाई जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। एक महिला द्वारा सिपाही पर लगाए गए गंभीर आरोप, शराब के नशे में आदि एक सिपाही की हरकतों से परेशान महिला खुद एसएसपी दफ्तर आई। आपको बता दे की कछला तैनात पीआरबी 112 गाड़ी नंबर... फोर व्हीलर पर तैनात एक सिपाही की अश्लील हरकतें, कछला की रहने वाली एक कई गंभीर आरोप लगाए हैं,वहीं महिला बृहस्पतिवार को उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर शराबी सिपाही की करतूत बताई है,वहीं महिला ने आरोप लगाया है कि शराब पीकर अश्लील हरकतें और भी कई गंभीर आरोप महिला ने सिपाही पर लगाए हैं, वहीं उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद इस पूरे मामले में एसएसपी कार्यालय पेश होकर सिपाही स्पष्टीकरण मांगा है, वहीं जांच के बाद इस सिपाही पर कठोर कार्रवाई हो सकती है। सीओ उझानी सुनील कुमार ने बताया कि महिला द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।




# 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अन्तर्गत 'सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार' से संबंधित लघु शोध पत्र तैयार करेंगे बाल वैज्ञानिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में सहभागिता के लिए मुख्य विषय 'सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार' से संबंधित स्थानीय स्तर पर 10 से 17 आयु वर्ग के बच्चे छोटी छोटी परियोजनाएं तैयार कर के विभिन्न स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में प्रस्तुत करेंगे। बाल विज्ञानियों द्वारा संबंधित मुख्य एवं उप विषयों से संबंधित विज्ञान विधि से परियोजना तैयार करने के लिए हिन्दी और अंग्रेजी में विस्तृतमार्गदर्शिकाएं तैयार की गई हैं। ये जानकारी राज्य समन्वयक डॉ एस के सिंह, प्रयागराज द्वारा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के आयोजन कराने के लिए नामित जिला समन्वयक डॉ नन्द कुमार शुक्ल ने दी है। जिला समन्वयक डॉ शुक्ल ने आगे बताते हुए कहा कि इस वर्ष का मुख्य विषय 'सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार' जिसके अंतर्गत पांच उप विषय क्रमशः अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु अपशिष्ट को कम करना, पुनः उपयोग, पुनर्प्राप्ति, पुनर्रचना एवं पुनर्चक्रण, दूसरा ऊर्जा के लिए अन्वेषण, प्रयोग, संवर्द्धन एवं विकास रखा गया है। तीसरा उपविष्य जल के अंतर्गत वर्षा जल संचयन, जल का समुचित उपयोग, पुनर्चक्रण एवं संरक्षण है। चौथा उपविषय खाद्य, कृषि एवं स्वास्थ्य तथा पांचवां उप विषय सतत विकास हेतु भारतीय ज्ञान प्रणाली का अनुप्रयोग निर्धारित किया गया है। इन पांच उप विषयों में से बच्चे अपनी रुचि और स्थानीय समस्याओं पर आधारित किसी भी एक उप विषय से संबंधित परियोजना तैयार करेंगे जिनके मार्गदर्शन के लिए किसी एक विषय विशेषज्ञ शिक्षक का सहयोग लेने की परम्परा रही है।

शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए आन लाइन और ऑफ लाइन प्रशिक्षण कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि बाल विज्ञान कांग्रेस में सहभागिता से बच्चों के सोचने, समझने, लिखने और प्रस्तुत करने के तरीकों में अभूतपूर्व बदलाव आ जाता है, जिससे वे अपने व्यवहारिक जीवन में सहज ही सफलता प्राप्त कर लकते हैं। इस कार्यक्रम में 2-2 बच्चों के समूह में शोध परक प्रोजेक्ट तैयार किए जाते हैं। इस प्रक्रिया से बच्चो का ज्ञानवर्धन तो होगा ही और उनमें सोचने, समझने और करने का नजरिया ही बदल जाएगा और परिणामतः अपने भविष्य को तार्किक कसौटी पर कसने के साथ ही सही तरीके से संवारेंगे।

# नाम बदला, खेल नहीं! वीबी जी राम जी योजना में फर्जीवाड़े के गंभीर आरोप

**ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुंगरोल, त्रिलोकपुर, दिनारा, खौदी व राजापुर में मची है लूट**

**कागजों पर मिट्टी खोदाई मस्टर रोल में फर्जी हाजिरी, गरीबों के रोजगार पर किसका डाका**

**ऐसी अंधेर गर्दी पर लगाम कब लगेगी पूछ रही है जनता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले के मुजेहना ब्लॉक में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी है।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि पुराने कार्य और नाम बदलकर मनरेगा श्रमिकों के घर-घर जाकर हाजरी लगाकर भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।इतना बड़ा खेला होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं और प्रधान, रोजगार सेवक व अन्य जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी वीबी रामजी योजना का भट्ठा बैठाने में लगे हुए हैं।केंद्र व प्रदेश सरकार वीबी राम जी योजना में मोदी सर कार ने पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखी है,जिससे श्रमिकों को गांव में ही काम मिल सके, परन्तु जिले के मुजेहना विकास खंड की ग्राम पंचायत मुंगरोल,त्रिलोकपुर,दिनारा,खौदी व राजापुर के जिम्मेदार इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे हैं।इन ग्राम पंचायतों में वी बीजी राम जी (मनरेगा ) कार्यों में चल रहे फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है,बल्कि सरकार की मंशा पर पा नी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है,वहीं ग्रामी णों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कु छ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं,बाकी मजदूर कागजों में दिखाई देते हैं।ग्रामीणों के अनुसार,रोज गार सेवक,प्रधान के द्वारा अपने स्वार्थ के लिए द र्जनों से अधिक की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डलवा दिया गया है और उनके नाम पर भुगतान भी होता रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिले के स म्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के कार्यों का औचक निरीक्षण करें तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी।सवालों के घेरे में उपायु क्त श्रम रोजगार मनरेगा की भूमिका का है,क्योंकि कागजो पर चल रहे का खेल का जिम्मा इनका ही है,लेकिन जिम्मेदार आंख मूंद कर बैठे हुए हैं।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांचः सीडीओ

मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधि कारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्र ष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाए गा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर वीबी राम जी (मनरेगा )योजना में भ्रष्टाचार की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

# पांच एसडीएम को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर दी गई विदाई

एजेंसी




उरई। उत्तर प्रदेश के उरई में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को आयोजित एक विदाई समारोह में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने अन्य जनपदों में स्थानांतरित हुए पांच उप जिलाधिकारियों हेमंत पटेल, विशेश्वर सिंह यादव, अमित शेखर, वीरेंद्र गुप्ता एवं ज्योति सिंह को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी। इस अवसर पर उनके कार्यकाल के दौरान जनहित एवं प्रशासनिक क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद जालौन में तैनाती के दौरान उक्त सभी उपजिलाधिकारियों ने निष्ठा, लगन और मेहनत के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सफलता टीम भावना से कार्य करने में निहित होती है और अधिकारियों की मेहनत एवं समर्पण के कारण ही जनपद शासन की विभिन्न रैंकिंग में लगातार टॉप-5, टॉप-10 सहित शीर्ष स्थान पर रहा है।

पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि एक अधिकारी का वास्तविक मूल्यांकन उसके पद से नहीं, बल्कि जनता के प्रति उसकी संवेदनशीलता, कार्यशैली और निष्पक्ष निर्णयों से होता है। अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने नए तैनाती स्थल पर भी इसी प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए शासन की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने भी अधिकारियों की कार्यशैली की सराहना की। स्थानांतरित उप जिलाधिकारियों ने भी जनपद जालौन में मिले सहयोग एवं स्नेह के लिए जिलाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जालौन में प्राप्त अनुभव उनके प्रशासनिक जीवन की अमूल्य पूंजी रहेगा तथा यहां की कार्यसंस्कृति और टीम भावना सदैव प्रेरणा देती रहेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार आदि अधिकारी सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# 'कैच द रेन'' को जनआंदोलन बनाएं, जल की हर बूंद का संरक्षण ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी

एजेंसी

उरई । उत्तर प्रदेश के उरई में 16 से 22 जुलाई तक आयोजित भू-जल सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में जल गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष/प्रशासक डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संचालित ''कैच द रेन'' अभियान का उद्देश्य वर्षा की प्रत्येक बूंद को संरक्षित कर भू-जल स्तर को बढ़ाना तथा जल संकट का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सभी लोगों से वर्षा जल संचयन को अपनाने तथा जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि ''जहाँ गिरे, जब गिरे, वर्षा जल को वहीं संचित करें'' के मूल मंत्र को अपनाकर ही जल संकट का प्रभावी समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि भू-जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, विद्यालय, कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों पर वर्षा जल संचयन की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भू-जल सप्ताह के दौरान जनपद में जागरूकता रैलियां, गोष्ठियां, प्रतियोगिताएं, पौधरोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय जल मिशन के अंतर्गत उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों को ''जल शपथ'' भी दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे जल का विवेकपूर्ण उपयोग करेंगे, पानी की प्रत्येक बूंद का संरक्षण करेंगे, ''जल शक्ति अभियान : कैच द रेन'' को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देंगे तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी जल बचाने और जल का अपव्यय रोकने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही यह संकल्प भी लिया गया कि जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं समृद्ध भविष्य का निर्माण किया जाएगा। गोष्ठी में जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण, जल स्रोतों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि यदि आज जल संरक्षण के प्रति सजग नहीं हुए तो भविष्य में जल संकट और गंभीर हो सकता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को जल बचाने की आदत अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनानी होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, परमार्थ संस्था से वरुण सिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# कानपुर में साइबर ठगी के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, 13 शातिर गिरफ्तार, 16 की तलाश जारी

एजेंसी

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर कमिश्नरेट की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गुरुवार को अंतरराज्यीय साइबर ठगी करने वाले गिरोह के 13 अपराधियों को गिरफ्तार कर करीब दो करोड़ रुपये की साइबर ठगी का खुलासा किया है। गिरोह अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल, खुद को पुलिस अधिकारी बताकर धमकाने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देकर लोगों से रुपये ऐंठता था। पुलिस ने इस मामले में 16 अन्य आरोपितों को वांछित घोषित किया है। पुलिस उपायुक्त अपराध श्रवण कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि साइबर क्राइम थाना पुलिस को तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरोह के सक्रिय होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद थाना सचेण्डी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में एक साथ दबिश देकर 13 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपित मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों से संपर्क कर उन्हें अपने जाल में फंसाते थे। वीडियो कॉल और अश्लील सामग्री के जरिए ब्लैकमेल करने के साथ ही पुलिस अधिकारी बनकर कार्रवाई का भय दिखाया जाता था। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर भी लोगों से बैंक खातों और यूपीआई के जरिए रकम मंगवाई जाती थी।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 29 मोबाइल फोन, जिनमें 11 कीपैड और 18 एंड्रॉयड फोन शामिल हैं, तीन चारपहिया वाहन तथा साइबर अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। जांच में 48 आईएमईआई और 68 मोबाइल नंबर सक्रिय मिले हैं। व्हाट्सएप चैट, कॉल रिकॉर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी पुलिस के हाथ लगे हैं। एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज 189 साइबर शिकायतों में से 60 शिकायतकर्ताओं के मोबाइल नंबर इस गिरोह से जुड़े पाए गए हैं। जांच में दिल्ली, केरल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों के लोगों के साथ ठगी होने की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार अब तक करीब दो करोड़ रुपये की साइबर ठगी का अनुमान है।

गिरफ्तार आरोपितों में थाना सचेण्डी निवासी राजवीर सिंह, शनि सिंह, विशाल सिंह द्विवेदी, मुकेश सिंह, विकाश कुमार, छोटू सिंह उर्फ जगजीवन सिंह, दीपक सिंह, सुमित सिंह, आर्यन सिंह और खुशबू सिंह, बलवीर सिंह, अर्जुन सिंह और सुब्रत सिंह शामिल है।

शुरुआती जांच में यह भी ज्ञात हुआ है कि इतनी गिरफ्तारी के बावजूद 16 शातिर अशोक कुमार, शिव सिंह, ताहर सिंह, नितिन, ब्रह्मा सिंह, रायवेंद्र सिंह, अमित सिंह और निखिल सिंह, हरदेव, दीपक, गोलू सिंह, शिवकरन, जयपाल, महेंद्र, मोहित और सोनू सिंह भी फरार हैं।

डीसीपी ने आगे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और दूरसंचार अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बरामद मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। साथ ही गिरोह से जुड़े अन्य आरोपितों, बैंक खातों और आर्थिक लेनदेन की जांच भी जारी है।

# गुरु नानक चौराहा बना जाम चौक, सुबह होते ही सड़क पर सज जाता अवैध टैक्सी स्टैंड

## मुख्यमंत्री के आदेश बेअसर, एंबुलेंस और स्कूल वाहन भी जाम में फसते

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । शहर का सबसे व्यस्त गुरु नानक चौराहा इन दिनों अवैध टैक्सी स्टैंड और भीषण जाम की सम स्या से जूझ रहा है।सुबह होते ही चौराहे पर सड़क के बीचोंबीच टैक्सी,ऑटो और निजी बसों का क ब्जा हो जाता है।बृहस्पतिवार सुबह हालात इतने बिगड़ गए कि करीब आधे घंटे तक लंबा जाम ल गा रहा,जिसमें एंबुलेंस, स्कूल वाहन और सैकड़ों राहगीर फंस गए।लोग किसी तरह वाहनों को हटा कर यातायात बहाल कराया, लेकिन जाम की मूल वजह पर कोई स्थायी कार्रवाई नहीं हुई।स्थानीय लोगों का कहना है कि डग्गा मार बसे और रोडवेज बसों की अव्यवस्थित आवाजाही और सड़क पर संचालित अवैध टैक्सी स्टैंड के कारण रोजाना या तायात बाधित होता है। सड़क पर पर्याप्त जगह न




मिलने से सुबह और शाम जाम आम बात बन गई है।मुख्यमंत्री के निर्देश भी नहीं बदल पाए तस्वीर

प्रदेश सरकार अवैध टैक्सी स्टैंड समाप्त करने के लिए कई बार निर्देश जारी कर चुकी है।शासन स्त र से कार्रवाई के आदेश भी दिए गए, लेकिन गुरु नानक चौराहे पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। पिछले वर्ष पुलिस, नगर पालिका और परिवहन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर कुछ दिनों तक कार्रवाई की थी, लेकिन अभियान खत्म होते ही अवैध स्टैंड फिर से संचालित होने लगे। इससे प्रशासनिक कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### सड़क पर वसूली का खेल,संरक्षण के आरोप

स्थानीय लोगों और सूत्रों का आरोप है कि गुरु नानक चौराहे के पास सड़क पर खड़े वाहनों से कथित रूप से प्रति टैक्सी 100 से 150 रुपये तक वसूले जाते हैं।आरोप है कि सड़क पर ही सवारी भरवाने के कारण जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है।एक कार चालक से भी कथित रूप से बदसलूकी कर रुपये वसूलने की बात साम ने आई है।इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो स की है।

### डीआईजी के कार्यकाल में नहीं लगने दिया जाता था अवैध स्टैंड

स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व डीआईजी अमित पाठक के कार्यकाल में रोडवेज बस स्टेशन के आसपास अवैध टैक्सी स्टैंड पर सख्ती से रोक थी और सड़क पर वाहन खड़े नहीं होने दिए जाते थे।उनके तबादले के बाद फिर से सड़क पर अवैध स्टैंड संचालित होने लगे, जिससे जाम की समस्या बढ़ गई है।

### ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में सड़क पर सवारी

चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की नियमित ड्यूटी के बावजूद सुबह सड़क पर टैक्सी और ऑटो खड़े कर सवारी भरने का सिलसिला जारी रहता है। इससे यातायात लगातार प्रभावित हो रहा है और लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वही ''शहर में संचालित अवैध टैक्सी स्टैंड बंद कराए जाएंगे।जो लोग इन्हें संचालित करा रहे हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।पूरे मा मले की जांच कराई जाएगी।''– सीओ सिटी

# नवविवाहिता की बरामदगी में देरी मोतीगंज पुलिस की कार्रवाई पर उठने लगे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । मोतीगंज थाना क्षेत्र में मोहर्रम का मेला देख ने गई एक नवविवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है।परिज नों ने गांव के ही एक युवक पर उसे बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पु लिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं।पीड़ित परिवार ने युवती की बरामदगी और आरोपित के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना मोतीगंज क्षेत्र के ग्राम पेड़ारन निवासी शांति देवी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी करीब बीस वर्षीय पुत्री अनीता 26 जून को दोपहर करीब तीन बजे राजगढ़ बाजार में मोहर्रम का जुलूस (मेला) देखने गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, काफी खोजबीन के बाद जानकारी मिली कि अनी ता कथित रूप से धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बछई पुर




निवासी अजय कुमार के साथ चली गई है,परि जनों का कहना है कि अनीता का विवाह इसी वर्ष 28 अप्रैल को गांव के ही रज्जन लाल के साथ हु आ था।आरोप है कि वह अपने साथ शादी के कुछ जेवरात भी ले गई है, जिससे दोनों परिवारों की चिं ता और बढ़ गई है,पीड़िता की मां का आरोप है कि घटना की सूचना अगले ही दिन थाना मोतीगंज में दी गई,लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।इससे परिवार में आक्रोश और बेचैनी बढ़ गईं है।वही पीड़ित परिवार के लोगो पुलिस देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक से मिलकर मां ग कि है कि उनकी पुत्री की शीघ्र बरामदगी कर मा मले की निष्पक्ष जांच और आरोपित के विरुद्ध वि धिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।वही मोती गंज थाने में तैनात उप निरीक्षक से ज़ब बात कि ग ईं तो उन्होंने बताया चार-पांच दिन में लड़की की बरामदगी की कर ली जाएगी।

**मोहर्रम मेले से लापता नवविवाहिता, बरामदगी न होने से बढ़ा परिवार का आक्रोश..**

**लापता नवविवाहिता का नहीं लगा सुराग, कार्रवाई को लेकर पुलिस घेरे में**

**दो माह पहले हुई थी शादी,जेवर लेकर जाने का आरोप:कार्रवाई न होने पर डीआईजी से न्याय की लगाई गुहार**

# देवीपाटन मंडल में श्रावस्ती-बलरामपुर का परचम आयुक्त ने डीएम-सीडीओ की खुलकर सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने जून माह की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के बाद ज नहित और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर श्रावस्ती और बलरामपुर के जिला प्रशासन की सराहना की है।उन्होंने दोनों जिलों के जिलाधिका री और मुख्य विकास अधिकारियों को प्रशंसा पत्र भेजा।आयुक्त ने बताया कि 'किसान चकरोड मुक्त अभियान' में श्रावस्ती ने चकरोडों का सीमांकन, अतिक्रमण हटाने और खड़ंजा-इंटरलॉकिंग जैसे कार्यों में मंडल में पहला स्थान हासिल किया।उन्हों ने कहा कि यह उपलब्धि प्रभावी कार्ययोजना और बेहतर मॉनिटरिंग का परिणाम है।वहीं, बलरामपुर में 1,817 परिषदीय विद्यालयों के 16,155 छात्र-छात्राओं को फोल्डेबल स्टडी टेबल उपलब्ध कराए गए, जिससे बच्चों की पढ़ाई



**चकरोड अभियान में श्रावस्ती अव्वल, शिक्षा के नवाचार में बलरामपुर ने बनाई अलग पहचान**

के प्रति रुचि और वि द्यालयों में उपस्थिति बढ़ी।इस पहल के दम पर ब लरामपुर शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश के शीर्ष पांच जि लों में शामिल हुआ।मंडलायुक्त ने कहा कि दोनों जिलों के नवाचार और जनहितकारी कार्य अन्य जनपदों के लिए भी प्रेरणादायक हैं तथा अधिका रियों से इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य जारी रखने की अपेक्षा की।

## भाजपा सरकार गरीब, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों का कर रही उत्पीड़न : रामआसरे विश्वकर्मा

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने गुरुवार को शहर स्थित साईं मंदिर परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर तीखा हमला बोला। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने की, जबकि संचालन सुबोध ओझा ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में सबसे अधिक अत्याचार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज पर हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा किसी तरह सरकार तो बना लेती है, लेकिन सत्ता में आने के बाद गरीबों और पिछड़े वर्गों का उत्पीड़न करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर जनविरोधी सरकार को हटाने और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें। पूर्व मंत्री ने मंदिर चंदे के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस गंभीर विषय को प्रमुखता से उठाया है ।

# चार्जशीट के नाम पर तीस हजार लेने का आरोप, डीआईजी का फूटा गुस्सा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । देवीपाटन रेंज की जनसुनवाई में बृहस्पतिवा र को पुलिस विभाग में कथित भ्रष्टाचार का एक ऐसा मामला सामने आया,जिस पर डीआईजी अशोक कुमार शुक्ला का गुस्सा खुलकर सामने आ गया।तरबगंज थाने के एक दरोगा पर चार्जशी ट लगाने के नाम पर तीस हजार रुपये लेने और बाद में उसी मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाने का आरोप लगा।शिकायत मिलते ही डीआईजी ने मौ के पर ही तरबगंज थानाध्यक्ष को फोन लगाया और कड़े शब्दों में कहा, इस ''आदमी के रुपये तु रंत वापस कराओ।नहीं तो कार्रवाई होगी।भ्रष्टा चार से पूरे जिले और रेंज की नाक कटवा रखी है।मन्नीपुर निवासी किंग उपाध्याय जनसुनवाई में प हुंचे और आरोप लगाया कि उनकी कार में तोड़ फोड़ व मारपीट के मुकदमे में विवेचक ओम प्रका श यादव ने चार्जशीट लगाने के लिए फरवरी में ती स हजार रुपये लिए थे।बाद में मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई।कई बार रुपये वापस मांगने के बावजूद न तो रकम लौटी और न ही दरोगा ने फो न उठाया।

## रुपये वापस कराओ, विभाग की नाक कटवा रहे हो' : डीआईजी

### व्हाट्सएप चैट देखते ही भड़क उठे डीआईजी

पीड़ित ने डीआईजी को दरोगा के साथ हुई व्हाट्स एप चैट दिखाई।चैट देखने के बाद डीआईजी ने एसओ से कहा, ''अगर दरोगा ने पैसे नहीं लिए होते तो पूछ ता कि कौन से पैसे....? वह चुप है, इसका मतलब मामला गंभीर है। ऐसे में भ्रष्टाचार पर रोक लगाना एसपी और थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी है।यदि कार्र वाई नहीं हुई तो जिम्मेदारी आपकी भी तय होगी।''डीआईजी ने एसओ को निर्देश दिया कि मुकदमे की मेरिट की दोबारा जांच कराई जाए।यदि चार्ज शीट बनती है तो दाखिल की जाए और यदि रिश्वत लेने के आरोप सही मिलते हैं तो संबंधित दरोगा के खिलाफ विधिक एवं विभागीय कार्रवाई की जाए।डीआईजी की फटकार के बाद भी नहीं लौटे रुपये यह मामला नौ जुलाई की जनसुनवाई का बताया जा रहा है,लेकिन इसका वीडियो अब सामने आया है।पीड़ित का दावा है कि डीआईजी के सख्त निर्दे श के बाद भी उसे अब तक तीस हजार रुपये वा पस नहीं मिले हैं।वही ऐसे में पुलिस अधिकारियों के आदेशों के पालन पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### डीआईजी के फटकार के बाद भी नहीं लौटाए पैसे

मामला नौ जुलाई की जनसुनवाई का है,लेकिन इ सका वीडियो अब सामने आने के बाद पुलिस वि भाग में हड़कंप मच गया है।पीड़ित का दावा है कि डीआईजी के सख्त आदेश और सार्वजनिक फट कार के बावजूद अब तक उसे तीस हजार रुपये वापस नहीं मिले हैं।वही जन सुनवाई के दौरान डीआईजी की यह बात चर्चा में है''थाने में भ्रष्टाचार होगा तो एसओ भी जिम्मे दार होगा।विभाग की साख से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता।''

# गोंडा के किसानों के लिए खुलेंगे विदेशी बाजार के द्वार,निर्यात के गुर सीखकर बढ़ाएंगे आमदनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के किसानों की उपज सिर्फ स्थानीय मं डियों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की तैयारी शुरू हो गई है।बेल सर ब्लॉक के लौव्वा टेपरा स्थित अथरिष्ट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफपीओ) में गुरुवार को आयो जित कृषि निर्यात संवर्धन क्षमता संवर्धन कार्यक्रम में किसानों को निर्यात की पूरी प्रक्रिया,गुणवत्ता मा नकों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानका री दी गई।एफपीओ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुलदीप मिश्रा ने कहा कि बदलते कृषि परिदृश्य में किसानों को केवल उत्पादन तक सीमित रहने के बजाय मूल्य संवर्धन और निर्यात की दिशा में भी आगे बढ़ना होगा।एफपीओ किसानों को बेहत र बाजार, उचित मूल्य और आधुनिक तकनीक उ पलब्ध कराने के लिए लगातार



**स्थानीय मंडी से वैश्विक बाजार तक''– गोंडा के किसानों को निर्यात की राह दिखाने की पहल,**

**गुणवत्ता आधारित खेती और एफपीओ मॉडल पर सबसे अधिक जोर**

प्रयासरत है।सहाय क विपणन अधिकारी डॉ.अमित यादव ने कृषि नि र्यात नीति, निर्यात योग्य फसल क्लस्टर और सर कारी प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से वैश्विक मांग के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण उत्पादन करने का आह्वान किया।विशेषज्ञ डॉ. हनुमान प्रसाद पांडेय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए किसानों को गुड एग्रीकल्चरल प्रैक्टिसेज (क्ऋघ) अपनानी होंगी, जिससे उत्पादों की गुणवत्ता और स्वीकार्यता दोनों बढ़ेंगी।एपीडा के सत्येन्द्र सिंह लोधी ने आयात-निर्यात कोड (ऋऋए), आरसीएमसी पंजीकरण, निर्यात प्रक्रिया और एपीडा की योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।वहीं नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक पलक और सहायक उद्यान अधिकारी गिरीश कुमार मिश्रा ने उद्यानिकी, प्रसंस्करण और वित्तीय सहायता से जुड़ी योज नाओं की जानकारी साझा की।कार्यक्रम के समापन पर ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक हरि किशोर वर्मा ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को वैश्विक बाजार की आवश्यकताओं से जोड़ने और उनकी आय बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान और एफपीओ सदस्य मौजूद रहे।

# गन्ना किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा अभियान शुरू, तीन दिवसीय जागरूकता मेले का शुभारंभ

## बीमा, पेंशन और सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर जोर,18 जुलाई तक होगा नामांकन, किसानों को दी गई विस्तृत जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । गन्ना किसानों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने और उन्हें प्रदेश सरकार की बीमा व पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से गुरुवार को सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड मैजा पुर और करनैलगंज में तीन दिवसीय सामाजिक सुरक्षा जागरूकता एवं नामांकन मेले का शुभारंभ हुआ। मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ मौके पर ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू कराई गई।मैजापुर में मेले का उद्घाटन गन्ना समिति के अध्यक्ष प्रतिनि धि रामजी शुक्ल और देवीपाटन मंडल के उप गन्ना आयुक्त डॉ.आर.बी.राम ने किया,जबकि करनैलगं ज में अध्यक्ष प्रतिनिधि सी.पी. सिंह और जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।उप गन्ना आयुक्त डॉ.आर.बी. राम ने किसानों से अपील की कि वे सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से



जुड़कर अपने परिवार का भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित करें। जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बीमा और पेंशन जैसी योजनाएं किसी भी विपरीत परिस्थिति में किसान परिवारों के लिए मजबूत आर्थिक सहारा बनती हैं।चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) पी.के. प्रभात ने मिल द्वारा संचालित गन्ना विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को आधुनिक खेती और उत्पादन बढ़ाने से जुड़े सुझाव भी दिए। मेले में किसानों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, प्रीमियम, बीमा सुरक्षा और मिलने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई।अधिकारियों ने बताया कि यह जागरूकता एवं नामांकन मेला 18 जुलाई तक चलेगा, जिसमें अधिक से अधिक गन्ना किसानों का पंजीकरण कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजना ओं से जोड़ा जाएगा।कार्यक्रम में लीड बैंक कॉर्डिने टर,वित्तीय सलाहकार, आरोह फाउंडेशन के प्रति निधि, गन्ना समिति के अधिकारी,ज्येष्ठ गन्ना विका स निरीक्षक, सचिव गन्ना समिति करनैलगंज तथा बड़ी संख्या में गन्ना कृषक मौजूद रहे।

# 237 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार एसएसबी व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच,नानपारा। 59वीं वाहिनी एसएसबी और थाना मोतीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने भारत-नेपाल सीमा पर कार्रवाई करते हुए 237 ग्राम स्मैक (हेरोइन) के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के निर्देशन में गोपनीय सूचना के आधार पर सीमा चौकी बलईगांव के पास सीमा स्तंभ संख्या-664 के निकट अभियान चलाया गया। सुबह करीब 4:05 बजे भारत से नेपाल की ओर जा रहे एक संदिग्ध युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 237 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इशरार (36) पुत्र करामत अली, निवासी ग्राम मेड़किया (पौड़ा), थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वह स्मैक को सीमावर्ती गांवों में छोटी-छोटी मात्रा में बेचने के लिए ले जा रहा था। बरामद मादक पदार्थ की पुष्टि एसएसबी के प्रशिक्षित डॉग 'रॉक' ने भी की। बरामद स्मैक और आरोपी को थाना मोतीपुर के सुपुर्द कर दिया गया है, जहां एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# रियान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, छात्र-छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रियान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, नानपारा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय, बहराइच के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने बच्चों और विद्यालय स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया।

शिविर में चिकित्सकों की टीम ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण तथा नेत्र परीक्षण किया। साथ ही उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, मौसमी बीमारियों से बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में



महत्वपूर्ण जानकारी दी। आवश्यकता अनुसार दवाइयों का वितरण किया गया। किशोरी छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए गए तथा मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी प्रदान की गई। विद्यालय के निदेशक डॉ. साबिर हुसैन ने कहा कि बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, जिससे विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े और वे स्वस्थ भविष्य की ओर अग्रसर हों। विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमाब जहाँ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, बहराइच का विद्यालय के अनुरोध पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने हेतु हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. साबिर हुसैन, उप-प्रधानाचार्य अंकित श्रीवास्तव एवं अंसार अहमद, प्री-प्राइमरी समन्वयक प्रीति शर्मा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। सभी ने चिकित्सा दल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की सराहना की।

# 59वीं वाहिनी एसएसबी में अंतर क्षेत्रक आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । एसएसबी 59वीं वाहिनी नानपारा में आयोजित अंतर क्षेत्रक आर्म्स रेसलिंग प्रतियोगिता-2026 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में क्षेत्रक मुख्यालय लखीमपुर खीरी, गोरखपुर और भिलाई के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले खेले। समापन समारोह में कमांडेंट कैलाश चंद रमोला ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक क्षमता के साथ-साथ अनुशासन, धैर्य, आत्मविश्वास और समर्पण का भी प्रतीक हैं तथा खिलाड़ियों को



भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 59वीं एवं 42वीं वाहिनी एसएसबी के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान मौजूद रहे। प्रतियोगिता ने खिलाड़ियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, टीम भावना और आपसी समन्वय को मजबूत करने के साथ-साथ जवानों में शारीरिक दक्षता और संगठनात्मक एकता को भी बढ़ावा दिया।

# पिछड़ा वर्ग आयोग ने स्थानीय निकायों में प्रतिनिधित्व का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने की। इस दौरान ग्रामीण निकायों में पिछड़े वर्ग की भागीदारी, उनके अधिकारों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में आयोग के सदस्य बृजेश कुमार, संतोष कुमार विश्वकर्मा, डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया और एस.पी. सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने बताया कि आयोग यह आकलन कर रहा है कि स्थानीय निकायों में पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण की भावना के अनुरूप राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि अब तक विभिन्न जिलों से जुटाई गई जानकारी के अनुसार पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व 20 प्रतिशत से अधिक दिखाई दे रहा है और फिलहाल कोई गंभीर विसंगति सामने नहीं आई है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पिछड़े वर्ग की जनसंख्या अधिक है तो जनसंख्या के अनुपात में उनके प्रतिनिधित्व पर विचार किया जा सकता है। हालांकि, इस संबंध में अंतिम फैसला राज्य सरकार को ही लेना होगा। आयोग अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सरकार को आवश्यक सुझाव देगा। सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों पर बोलते हुए आयोग के अध्यक्ष ने शिक्षा को सबसे बड़ी समस्या बताया। उनका कहना था कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के कई बच्चे बेहतर शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, जिससे उनके विकास पर असर पड़ता है। इस दिशा में विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने बताया कि सुलतानपुर आयोग का लगभग 10वां या 11वां जिला दौरा है। आयोग प्रदेश के सभी जिलों का भ्रमण कर आवश्यक जानकारी एकत्र करेगा। इसके बाद तथ्यों के आधार पर अंतिम रिपोर्ट तैयार कर शासन को सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में शामिल सुझाव फिलहाल गोपनीय हैं, इसलिए इस समय उन्हें सार्वजनिक नहीं किया जा सकता।

# भाजपा कार्यालय पर बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला बैठक का आयोजन हुआ।बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्ज्वलन से हुई जिसने मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी गुलशन आनंद उपस्थित रहे हैं।बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की बैठक का संचालन जिला महामंत्रीअनुराग अग्निहोत्री ने किया है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन द्वारा विधानसभा स्तर पर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित होंगे इन सम्मेलनों के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा।जिला प्रभारी गुलशन आनंद ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बिना कोई मानदेय लिए राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखने के लिए ईमानदारी से काम करते है हम सभी कार्यकर्ता 2047 को विकसित भारत का निर्माण करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे है।उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी सरकार निरंतर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य कर रही है हमे कार्यकर्ता के रूप में केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है।इस बैठक में जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा , महादेव गाईन जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, मनोज गुप्ता, नमन प्रताप राजपूत, लेखराज भारती, विकास श्रीवास्तव, जिला मंत्री रेनू राज, विकास वाल्मीकि, सत्यपाल वर्मा, नागेन्द्र प्रताप गंगवार, सृष्टि गुप्ता, ऋचा सिंह पटेल, अमित कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह , बरखेड़ा , जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा गीता मिश्रा, जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा शांति स्वरूप सोनकर, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सतनाम सिंह, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा महेश वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार , जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर, जिला आई टी संयोजक हरिओम शर्मा, जिला आई टी सह संयोजक पंकज प्रजापति, जिला सोशल मीडिया संयोजक अभिनीत पाण्डेय, जिला सह सोशल मीडिया संयोजक विजय सरकार, मंडल अध्यक्ष महेंद्र पाल राजपूत , कपिल सिंह , महेश राजपूत , प्यारेलाल कश्यप ,भगवती सिंह ,ब्रजेश शुक्ला , सुमित सागर , सुमित गंगवार , संजीव मौर्य ,मनोज शर्मा , प्रमोद कश्यप , मण्डल प्रभारी हर्षित चौधरी , अकलीम मलिक, अंशुमन तिवारी, अमनदीप मिश्रा, प्रतीक पाण्डेय, सतीश पांडेय, शिवम माथुर, अनूप वाल्मीकि, विवेक शुक्ला प्रमुखता से सम्मिलित रहे है।

# पूरनपुर मे धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ रथयात्रा, झूमे भक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर में बृहस्पतिवार को भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई श्री जगन्नाथ के जयकारों से शहर गुंजायमान हो उठा भजनों पर लोग जमकर झूमे रथ यात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया मोहल्ला कायस्थान काली माता मन्दिर से शुरू हुई रथ यात्रा नगर के कई मार्गों से होकर निकली काली माता मन्दिर और मोहल्लेवासियों की ओर से निकाली गई रथयात्रा मैन मार्केट और मुख्य मार्गों से होते वापस मन्दिर मे जाकर संपन्न हुई मंदिर से भगवान जगन्नाथ को पालकी के जरिये बाहर लाया गया और उन्हें एक बड़े रथ में विराजमान किया गया रथयात्रा का जगह-जगह लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर व भगवान जगन्नाथ की आरती उतार कर स्वागत किया गया यात्रा में शामिल भक्त वाद्य-यंत्रों की सुरीली धुनों पर भक्ति गीतों पर शामिल लोग झूमते चल रहे थे शहर उनकी भक्ति में सराबोर नजर आया रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ की जगह-जगह आरती उतारी गईं भक्तों में रथ को खींचने की होड़ दिखी भक्तजन लाल ध्वज हाथ में लेकर जय जगन्नाथ के उद्घोष करते चल रहे थे इस दौरान बच्चों से लेकर बढ़े तक उत्साह से शामिल हुए इस मौके पर आलोक रस्तोगी, सुरेश रस्तोगी, आकाश रस्तोगी सहित अन्य रस्तोगी एवं जायसवाल परिवार के लोग मौजूद रहे।

# शराब के नशे में कार सवारों का तांडव, अल्टो में तोड़फोड़ व मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरसिंहपुर में शराब के नशे में धुत कार सवारों द्वारा एक व्यक्ति की कार में तोड़फोड़, गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हरसिंहपुर निवासी सूबेदार सिंह पुत्र महेंद्र सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 9 जुलाई 2026 की रात करीब 11 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ी अल्टो कार के पास खड़ा था इसी दौरान डस्टर कार संख्या ठघ्21 इट 0101 वहां पहुंची आरोप है कि कार से उतरे लोग शराब के नशे में थे और उन्होंने शराब की बोतल तथा डंडों से उसकी अल्टो कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर घर के अंदर से हरमन और गुरनेक बाहर आए और बीच-बचाव का प्रयास किया आरोप है कि इस दौरान रविंद्र सिंह पुत्र गुरपेज सिंह, गुरपेज सिंह पुत्र झिरमल सिंह निवासी ग्राम मकरंदपुर तपा कम्बाइन तथा उनके साथ मौजूद दो अज्ञात फोरमैन ने लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों की डस्टर कार को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई पीड़ित ने अपने परिवार की जान-माल को खतरा बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की थी कोतवाली पूरनपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद एवं अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।

## पुलिस ने चार गुमशुदा बालिकाओं को सकुशल किया बरामद

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत चार गुमशुदा बालिकाओं को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा में जनपद अमेठी में गुमशुदा की तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन मुस्कान के तहत थाना संग्रामपुर के थानाध्यक्ष संजय सिंह मय हमराह द्वारा अथक प्रयास करते हुये चार गुमशुदा बालिकाओं को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।दिनांक चौदह जून, उन्नीस जून, पांच जुलाई और चौदह जुलाई को उनके गुम हो जाने के संबंध में परिजनों द्वारा थाना संग्रामपुर पर गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी जिनकी बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा संबंधित को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये थे।थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा तलाश गस्ती जारी कर, सर्विलांस व अन्य विभिन्न माध्यमों की मदद से उक्त गुमशुदा बालिकाओं को सकुशल बरामद किया गया। बालिकाओं के परिजनों द्वारा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया गया।थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में महिला समेत दो लोग घायल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर क्षेत्र में दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला और एक युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि युवक को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। क्षेत्र के लोहिया नगर-विशेश्वरगंज मार्ग स्थित सोनारी मोड़ के पास हुई। प्रतापगढ़ जिले के थाना अंतू क्षेत्र के पूरे उपाध्याय गांव निवासिनी प्रभावती देवी पत्नी मुन्नालाल अपने पुत्र की मोटरसाइकिल पर बैठकर विशेश्वरगंज जा रही थीं। इसी दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वह सड़क पर गिर गईं और उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें सीएचसी संग्रामपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसी क्रम में डेहरा पाण्डेय का पुरवा निवासी कमल मिश्रा पुत्र दिवाकर मिश्रा के साथ हुई। वह ई-रिक्शा से विशेश्वरगंज बाजार जा रहे थे। रास्ते में ब्रेकर पर ई-रिक्शा उछलने से उनके सिर में गहरी चोट लग गई। एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी संग्रामपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने सिर पर टांके लगाकर प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया है।

## पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने जा रही महिला को बचाया

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना अमेठी क्षेत्र के ककवा रोड पर स्थित रेलवे क्रासिंग के पास रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने जा रही महिला को अमेठी पुलिस ने सकुशल बचा लिया है। बुधवार की रात करीब पौने बारह बजे डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी कि थाना अमेठी क्षेत्रान्तर्गत ककवा रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास एक महिला आत्महत्या करने के लिये रेलवे पटरी पर जा रही है।सूचना प्राप्त होते ही महिला पीआरवी-6903 द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में महिला ने बताया कि वह पारिवारिक विवाद के कारण मानसिक रूप से परेशान होकर आत्महत्या करने जा रही थी। घटना के संबंध में थाना अमेठी से समन्वय स्थापित कर उक्त महिला को थाने लाया गया तथा आवश्यक काउंसलिंग एवं समझाने के उपरान्त पुलिस टीम द्वारा महिला को सकुशल उसके घर पहुंचाया गया जहां उसकी पुत्री मौजूद मिली। आवश्यक कार्यवाही एवं समझाने के बाद महिला को उसकी पुत्री के सुपुर्द कर दिया गया।अमेठी पुलिस एवं यूपी-112 की तत्परता, संवेदनशीलता एवं समयबद्ध कार्रवाई से एक महिला का जीवन सुरक्षित बचाया गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर फूंका, 10 बजे तक नहीं आ सकी बिजली

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मझोला नगर पंचायत के गुलड़िया भिंडारा क्षेत्र में सोमवार रात हुई तेज बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से 400 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया। इससे पूरे मझोला नगर में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई।घटना के बाद अवर अभियंता और उपकेंद्र के कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर लाइन को दुरुस्त करने का प्रयास शुरू किया। टीम ने कई घंटे तक कड़ी मशक्कत की, लेकिन रात 10:00 बजे तक बिजली सुचारु नहीं हो सकी।अवर अभियंता ने बताया कि ट्रांसफार्मर में अंदरूनी क्षति आई है। उसे ठीक करने का काम तेजी से किया जा रहा है। तकनीकी टीम लगातार लगी हुई है। जल्द ही ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करवाकर विद्युत लाइन चालू कर दी जाएगी।बारिश और उमस के बीच बिजली गुल होने से क्षेत्रवासियों को काफी परेशानी हुई। लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी और बरसात के मौसम में भी विद्युत विभाग के कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर आपूर्ति बहाल करने में जुटे हैं। उनकी मेहनत सराहनीय है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ट्रांसफार्मर को जल्द बदला जाए और वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि आगे इस तरह की दिक्कत न हो।

## दहेज उत्पीड़न में पति समेत पांच नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे घर से निकालने के मामले में कोतवाली पूरनपुर पुलिस ने पति सहित पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है पीड़िता विनीता पत्नी विष्णू कश्यप, मूल निवासी कस्बा बरखेड़ा तथा वर्तमान निवासी नारायणपुर, थाना पूरनपुर ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी शादी करीब एक वर्ष पूर्व हिन्दू रीति-रिवाज से हुई थी शादी में उसके माता-पिता ने अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार दान-दहेज दिया, लेकिन पति और ससुराल पक्ष के लोग उससे संतुष्ट नहीं थे आरोप है कि पति, सास मुल्लो, जेठानी बेला, जेठानी रेनू तथा ननद सीमा पत्नी सूरज लगातार मोटरसाइकिल, वॉशिंग मशीन और फ्रिज की मांग करते रहे विवाहिता का कहना है कि मांग पूरी न होने पर उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया गया। मामला पहले समझौता केंद्र भी पहुंचा, जहां समझौता हुआ था, लेकिन आरोपियों ने उसका पालन नहीं किया इसके बाद कथित रूप से मारपीट कर उसे ससुराल से निकाल दिया गया वर्तमान में वह अपने छोटे बच्चे के साथ मायके में रह रही है पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पूरनपुर पुलिस ने पति समेत नामजद आरोपियों के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पीलीभीत जिला सहकारी बैंक के नवनिर्मित भवन का भव्य लोकार्पण, किसानों और युवाओं को मिली सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पीलीभीत में जिला सहकारी बैंक के नवनिर्मित आधुनिक भवन का सोमवार को भव्य समारोह के बीच आधिकारिक लोकार्पण किया गया उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर भवन का उद्घाटन किया समारोह में जनप्रतिनिधियों, बैंक अधिकारियों, सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में किसानों व नागरिकों की उपस्थिति रही कार्यक्रम के दौरान मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने बैंक के आधुनिक परिसर का अवलोकन किया और कहा कि सहकारिता आंदोलन को मजबूत करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है उन्होंने कहा कि जिला सहकारी बैंक किसानों, युवाओं और छोटे उद्यमियों की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं तथा सरकार सहकारिता क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही मृतक आश्रितों को नियुक्ति संबंधी प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति के चेक वितरित किए गए, जबकि किसानों और युवाओं को स्वरोजगार के लिए ट्रैक्टर एवं ई-रिक्शा की चाबियां सौंपकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रोत्साहित किया गया कार्यक्रम के दौरान ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया इसके अलावा उन्होंने सहकारिता विभाग की योजनाओं, उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सहकारी संस्थाओं को तकनीकी रूप से आधुनिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जाएगा, जिससे किसानों को बेहतर सुविधाएं और समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध हो सके यह पहल क्षेत्र के किसानों, युवाओं और स्थानीय उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, प्रदेश परिषद सदस्य सत्यपाल गंगवार, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बाबूराम पासवान,पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत, पूर्व पीसीयू चेयरमैन सुरेश गंगवार, जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री, पीलीभीत नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल सहित बैंक एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप, निष्पक्ष जांच व फाइनल रिपोर्ट की मांग को लेकर एसपी से लगाई गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पुराने विवाद की रंजिश में झूठे मुकदमे में फंसाकर पूरे परिवार की सामाजिक छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए एक युवक नें गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने एसपी को शिकायती पत्र सौंपकर न्यायालय के आदेश पर दर्ज पशु क्रूरता अधिनियम के मुकदमे को पूरी तरह मनगढ़ंत बताते हुए निष्पक्ष जांच और विवेचना के बाद अंतिम रिपोर्ट (फाइनल रिपोर्ट) न्यायालय में भेजने की मांग की। जानकारी के अनुसार थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव बबरौआ निवासी अवधेश कुमार पुत्र स्व.रामस्वरूप नें एसपी को दिए हुए शिकायत पत्र में बताया है कि कहा कि गांव के ही अजयपाल की ओर से न्यायालय के माध्यम से अवधेश कुमार, राजकुमार उर्फ रामविलन, शोभित समेत अन्य लोगों के खिलाफ गौवंशीय पशु को कसाइयों को बेचने और पशु क्रूरता जैसे गंभीर आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। जबकि हकीकत इससे बिल्कुल अलग है और पूरे घटनाक्रम को रंजिश के चलते तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है।पीड़ित नें बताया है कि 23 मार्च 2026 को उनके साथ हुई मारपीट के मामले में थाना सेहरामऊ उत्तरी में गांव के ही आलोक, आकाश, अनिकेत एवं सुबोध के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसका आरोप पत्र भी न्यायालय में दाखिल हों चुका है।

इसी मुकदमे के बाद विपक्षी समझौते का दबाव बनाते रहे। जब उन्होंने समझौता करने से इनकार कर दिया तो उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रची गई और न्यायालय के माध्यम से पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया गया। पीड़ित का कहना है कि जिस वीडियो को मुकदमे का आधार बनाया गया है, उसमें केवल एक बछिया को एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाते हुए दिखाया गया है। वीडियो में कहीं भी न तो किसी गौवंशीय पशु को कसाइयों को बेचने का कोई प्रमाण है और न ही पशु क्रूरता का कोई दृश्य दिखाई देता है। मुकदमें में नामजद शोभित ने भी स्पष्ट किया है कि वीडियो में दिखाई देने वाली बछिया उसी की है, जिसे वह पीपल के पेड़ के नीचे से खोलकर अपने घर ले जा रहा था।शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस मामले की स्थानीय पुलिस पहले भी कई बार जांच कर चुकी है और आरोपों की पुष्टि नहीं हुई। इसके बावजूद न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया गया। साथ ही आरोप लगाया गया कि एक कथित पत्रकार ने भी बिना तथ्यों की पुष्टि किए भ्रामक समाचार प्रकाशित कर उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई, जिसके विरुद्ध न्यायालय में वाद विचाराधीन है।पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं तथ्यपरक विवेचना कराई जाए। यदि जांच में आरोप निराधार पाए जाते हैं तो उनके सहित सभी नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित की जाए, ताकि निर्दोष लोगों को अनावश्यक कानूनी उत्पीड़न से राहत मिल सके।खबर में सभी आरोप शिकायतकर्ता के प्रार्थना पत्र के आधार पर हैं। पुलिस जांच और न्यायालय के अंतिम निर्णय के बाद ही तथ्यों की आधिकारिक पुष्टि होगी।

# लाखों रुपए खर्च के बाद भी निजी भवन में नहीं संचालित हो पाया पंचायत भवन

## कुड़वार विकास खंड के सड़ांव ग्राम पंचायत का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार सुल्तानपुर। पिछली पंच वर्षीय योजना में प्रधान की लापरवाही से काश्तकार की खाते की जमीन में पंचायत भवन का निर्माण हो जाने के कारण अभी तक पंचायत भवन सरकारी भवन में संचालित नहीं हो सका है। अस्थाई पंचायत भवन के सहारे विकास कार्य निपटाया जा रहा है। स्थानीय विकास खंड के सड़ांव ग्राम पंचायत में वर्ष 2015 से 2021 के पंचायती वर्ष में ग्राम प्रधान पंकज सिंह द्वारा लापरवाही पूर्वक खातेदार शिव नारायण सिंह की खतौनी की जमीन में पंचायत भवन का निर्माण करा दिया। करीब 17 लाख रुपए की लागत से पंचायत भवन निर्मित होने के बाद काश्तकार द्वारा अपनी जमीन के बदले में ग्राम सभा की जमीन मांगी जाने लगी। काश्तकार द्वारा जमीन की अधिक मांग किए जाने के कारण गांव सभा द्वारा जमीन नहीं दी गई। इस कारण लाखों रूपये खर्च कर बनाए गए पंचायत भवन में अभी तक विभागीय कार्य शुरू नहीं हो पाया। धीरे धीरे 2021 से 2026 पंचवर्षीय कार्यकाल समाप्ति की तरफ है लेकिन विभागीय लापरवाही की चलते अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका और वर्तमान प्रधान रमाशंकर पांडेय द्वारा पंचायत भवन का संचालन किराए के भवन में किया जा रहा है।इस संबंध मे जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला ने बताया कि जमीन हस्तांतरण की फाइल राजस्व विभाग में लंबित है। जल्द ही जमीन हस्तांतरित कराकर पंचायत भवन से कार्य संपादित कराया जाएगी।

# कड़ी मेहनत व लगन से यूपी एसआई में सिलेक्ट हुआ आरक्षी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार/सुल्तानपुर। वर्ष 2025 में हुई आरक्षी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद पहली पोस्टिंग पर तैनात सिपाही ने कड़ी मेहनत व लगन से यूपी एसआई परीक्षा को भी उत्तीर्ण कर लिया।सिपाही की तरक्की पर थाना प्रभारी ने सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दे कि कुड़वार थाना पर तैनात सिपाही अभय सिंह पुत्र सूरज सिंह यादव कानपुर जिले के झिझक गांव के निवासी है। वर्ष 2025 में यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती में अपना स्थान बनाने वाले अभय ने मेहनत के बदौलत 2026 की यूपी एसआई परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली। उन्होंने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा कानपुर में ही हुई है।और इन्होंने 2024 में स्नातक करने के बाद पुलिस परीक्षा की तैयारी शुरू की थी। इनके पिता प्राइवेट नौकरी करते है और मां मुन्नी देवी गृहिणी है। परिवार के पहले व्यक्ति है जो पुलिस सेवा में है। सिपाही के यूपी एसआई परीक्षा पास करने के बाद प्रभारी निरीक्षक प्रवीण यादव व वरिष्ठ उपनिरीक्षक दिनेश यादव सहित समस्त स्टाफ ने इन्हें शुभकामना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि अभय बहुत ही मेहनती है और ड्यूटी में भी सजग है। ईमानदारी व मेहनत की वजह से इन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। इनकी सफलता पर हम पुलिस परिवार गर्व की महसूस कर रहे है।

## सम्पादकीय

# पार्टनर तुम्हारी पॉलिटिक्स क्या है

देश की खराब कर दी गई शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को सुधारने और धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन लगातार 25 दिनों से जारी है। इस आंदोलन में शामिल सोनम वांगचुक जंतर-मंतर पर पिछले 17 दिनों से अनशन पर हैं। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजित दिपके का कहना है कि सोनम सर खुद से न बैठ पा रहे हैं, न खड़े हो रहे हैं। जाहिर है उनकी बिगड़ती सेहत ने न केवल उनके समर्थकों की चिंता बढ़ा दी है, बल्कि अब कई जानी-मानी हस्तियां भी सोनम वांगचुक के लिए फिक्रमंद हो रही है। अखिलेश यादव ने एक लंबी-चौड़ी पोस्ट लिखकर उनसे अनशन खत्म करने की अपील की है। अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे, रोहित पवार, फारुख अब्दुल्ला, आतिशी, सांसद महुआ मोईत्रा, संजय सिंह, जॉन ब्रिटास, किसान नेता गुरुनाम सिंह चढ़ूनी समेत हजारों लोगों ने उन्हें खुलकर समर्थन दिया है और उनसे अनशन समाप्त करने की लगातार अपीलें हो रही हैं। लेकिन 59 वर्षीय वांगचुक अपने फैसले पर अडिग हैं। उन्होंने कहा, श्मैंने जो शुरू किया है, उसे उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाना होगा। सोनम वांगचुक ने संदेश दिया है कि श्मैं बाहर से कमजोर हूं, लेकिन अंदर से मजबूत हूं।श खुद को महात्मा गांधी का अनुयायी बताते हुए वांगचुक कहते हैं कि वे गांधी के अहिंसक आंदोलन के सिद्धांतों में विश्वास करते हैं और उसी तरह भूख हड़ताल के जरिए सरकार की अंतरात्मा को जगाना चाहते हैं। बेशक गांधीजी के सिद्धांतों की कोई काट ही नहीं है, लेकिन अंतरात्मा तो उसी की जगाई जा सकती है, जिसके भीतर यह विद्यमान हो। मौजूदा मोदी सरकार का निष्ठुर रवैया देखकर तो यह कतई उम्मीद नहीं दिखती कि उसे किसी की भी तकलीफ से कोई फर्क पड़ता है। नीट पेपर लीक होने और उसके बाद दोबारा परीक्षा करवाए जाने के मानसिक तनाव में कितने होनहार युवाओं ने अपनी जिंदगी ले ली, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने संवेदना का एक शब्द नहीं कहा। वहीं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस मुद्दे पर कोटा में राहुल गांधी द्वारा आयोजित छात्रों की गूंज रैली के लिए कहा था कि उसमें दहशतगर्दों को तैयार किया जा रहा है, इसके साथ ही उन्होंने सीजेपी और उसके समर्थकों को श्विघटनकारी तत्वों की बी-टीमश बताते हुए कहा था कि उन्हें देश की तरक्की पर भरोसा नहीं है। जिन नेताओं को विरोध की आवाज पसंद नहीं और आंदोलन के लोकतांत्रिक हक को जो लोग देशविरोधी गतिविधि समझते हैं, ऐसे सत्ताधारी क्या खाक अंतरात्मा जैसे शब्दों के मायने समझेंगे। अभिजित दिपके ने कहा कि समझ नहीं आता कि सरकार देश के नागरिकों की बात को इतनी आसानी से क्यों खारिज कर रही है। हम सिर्फ जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। हमारी केवल इतनी मांग है कि जो शिक्षा मंत्री परीक्षाएं ठीक से नहीं करा सका, उनकी जिम्मेदारी तय की जाए। बेशक अभिजित दिपके ने मुख्य न्यायाधीश द्वारा युवाओं के लिए कहे गए कॉकरोच शब्द से आहत होकर कॉकरोच जनता पार्टी बना ली और इस मुहिम को सोशल मीडिया पर समर्थन भी खूब मिला। लेकिन जब वे जमीन पर आंदोलन करने उतरे हैं तो उन्हें अपनी राजनैतिक परिपक्वता भी दिखानी होगी और मुक्तिबोध के शब्दों को उधार लेकर कहें तो पार्टनर अपनी पॉलिटिक्स भी बतानी होगी। अभिजित दिपके को यह समझना चाहिए कि मौजूदा सरकार के तौरतरीके पिछली तमाम सरकारों से बिल्कुल अलग हैं। लोकतंत्र का चोगा तो नजर आता है, लेकिन भीतर धड़कनें अधिनायकवाद की हैं। देश में पहले भी कई आंदोलन हुए हैं, जिनमें जमकर सरकार की धज्जियां उड़ाई गई हैं। सबसे बड़ी मिसाल तो 2011 का अन्ना आंदोलन ही है, जिसकी वजह से यूपीए सरकार की विदाई हुई। तब 11 दिन अन्ना हजारे अनशन पर बैठे थे और इस बीच सरकार विरोधी सारी मुहिम के बावजूद मंत्री, नेता, पदाधिकारी लगातार अन्ना हजारे और उनकी टीम से मिलते रहे। लोकपाल विधेयक कैसा होना चाहिए इसका मसौदा तैयार करने में उनसे बाकायदा चर्चा की गई। दिन-रात डा.मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और गांधी परिवार को कोसा गया तो भी ऐसा नहीं हुआ कि आंदोलनकारियों को सरकार ने मरने के लिए छोड़ दिया।

# आस्था, परम्परा, आध्यात्मिक चेतना का विराट उत्सव

रथयात्रा के पीछे अनेक पौराणिक कथाएं भी जुड़ी हैं। कहा जाता है कि एक बार सुभद्रा ने द्वारका नगर देखने की इच्छा व्यक्त की। तब भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने उन्हें अलग रथ पर बैठाकर नगर भ्रमण कराया। उसी स्मृति में तीनों भाई-बहनों की संयुक्त रथयात्रा निकाली जाती है। एक अन्य कथा के अनुसार भगवान की अपूर्ण प्रतिमाओं का निर्माण स्वयं विश्वकर्मा ने किया था, जो आज भी जगन्नाथ संस्कृति की विशिष्ट पहचान है। इस महायात्रा का एक अत्यन्त मार्मिक पक्ष यह भी है कि स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान अस्वस्थ माने जाते हैं और लगभग पन्द्रह दिनों तक सार्वजनिक दर्शन नहीं देते। इसके पश्चात वे रथों पर आरूढ़ होकर अपनी मौसी के घर गुण्डिचा मंदिर जाते हैं। वहां नौ दिनों तक विश्राम करते हैं और फिर बहुड़ा यात्रा के माध्यम से पुनः श्रीमंदिर लौटते हैं। लौटते समय भगवान का पोडा पीठा ग्रहण करना, पंचमी को देवी लक्ष्मी का रुष्ट होकर रथ का पहिया तोड़ना तथा बाद में भगवान द्वारा उन्हें मनाने की परम्परा भक्तिभाव एवं मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण है। पुरी की रथयात्रा का एक अन्य अद्भुत दृश्य छेरा पहरा है।

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से प्रारम्भ होकर दस दिनों तक चलने वाली भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, लोकआस्था, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक दर्शन का विराट उत्सव है। पुरी की यह महायात्रा हजारों वर्षों की परम्परा का जीवंत प्रतीक है, जिसमें भगवान स्वयं अपने भक्तों के बीच आते हैं। इसी कारण इसे 'महायात्रा' कहा जाता है। भारत के चार धामों में प्रतिष्ठित श्री जगन्नाथ धाम की यह यात्रा देश ही नहीं, सम्पूर्ण विश्व के करोड़ों श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बनती है। वर्ष 2026 की रथयात्रा भी अपार श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जा रही है, किन्तु इस बार इसके साथ एक नया विवाद भी जुड़ गया है। देश एवं विदेश के अनेक स्थानों पर इस्कॉन द्वारा स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग तिथियों पर रथयात्राएं आयोजित किए जाने पर कुछ धार्मिक एवं परम्परावादी संगठनों ने आपत्ति व्यक्त की है। उनका मत है कि जगन्नाथ रथयात्रा की तिथि वही होनी चाहिए जो पुरी श्रीमंदिर द्वारा निर्धारित होती है। दूसरी ओर इस्कॉन का तर्क है कि विदेशों में स्थानीय प्रशासन की अनुमति, सार्वजनिक अवकाश, मौसम तथा अन्य व्यावहारिक कारणों से कभी-कभी तिथि में परिवर्तन आवश्यक हो जाता है। यह विवाद केवल तिथि का नहीं, बल्कि परम्परा और वैश्विक विस्तार के बीच संतुलन खोजने का विषय बन गया है। वास्तव में यह समझना आवश्यक है कि पुरी की रथयात्रा और अन्य स्थानों पर आयोजित रथयात्राओं का स्वरूप अलग-अलग हो सकता है, किन्तु उनका मूल उद्देश्य भगवान जगन्नाथ की भक्ति, लोककल्याण और धर्मप्रचार ही है। यदि परम्परा का सम्मान बना रहे और श्रद्धा अक्षुण्ण रहे तो मतभेद संवाद के माध्यम से सुलझाए जा सकते हैं। धर्म का मूल स्वरूप जोड़ना है, विभाजन करना नहीं। पुरी का श्रीमंदिर भगवान जगन्नाथ का मुख्य धाम है। लगभग 800 वर्ष पुराने इस मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण जगन्नाथ स्वरूप में अपने बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ विराजमान हैं। प्रतिवर्ष केवल एक बार तीनों देव विग्रह अपने गर्भगृह से बाहर निकलकर भक्तों को दर्शन देते हैं। यही इस यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता है। सामान्य दिनों में जहां भगवान के दर्शन सीमित होते हैं, वहीं रथयात्रा में प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के भगवान के साक्षात दर्शन कर सकता है। यात्रा की तैयारियां अक्षय तृतीया से प्रारम्भ हो जाती हैं। उसी दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के तीनों विशाल रथों का निर्माण आरम्भ होता है। प्रत्येक वर्ष नए रथ बनाए जाते हैं। यद्यपि उनका स्वरूप और आकार सदियों से समान रहता है, फिर भी प्रत्येक वर्ष नई लकड़ी, नई सज्जा और नवीन निर्माण किया जाता है। भगवान जगन्नाथ का रथ गरुड़ध्वज (कपिलध्वज), बलभद्र का तालध्वज तथा सुभद्रा का दर्पदलन अथवा पद्मध्वज कहलाता है। इन रथों के निर्माण की प्रक्रिया केवल शिल्पकला नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक साधना मानी जाती है। कारीगर विशेष धार्मिक नियमों का पालन करते हुए इन्हें बनाते हैं। यह परम्परा हमें यह संदेश देती है कि प्रत्येक वर्ष मनुष्य भी अपने भीतर की ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार और लोभ को त्यागकर स्वयं का नव-निर्माण करे। रथयात्रा के पीछे अनेक पौराणिक कथाएं भी जुड़ी हैं। कहा जाता है कि एक बार सुभद्रा ने द्वारका नगर देखने की इच्छा व्यक्त की। तब भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने उन्हें अलग रथ पर बैठाकर नगर भ्रमण कराया। उसी स्मृति में तीनों भाई-बहनों की संयुक्त रथयात्रा निकाली जाती है। एक अन्य कथा के अनुसार भगवान की अपूर्ण प्रतिमाओं का निर्माण स्वयं विश्वकर्मा ने किया था, जो आज भी जगन्नाथ संस्कृति की विशिष्ट पहचान है। इस महायात्रा का एक अत्यन्त मार्मिक पक्ष यह भी है कि स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान अस्वस्थ माने जाते हैं और लगभग पन्द्रह दिनों तक सार्वजनिक दर्शन नहीं देते। इसके पश्चात वे रथों पर आरूढ़ होकर अपनी मौसी के घर गुण्डिचा मंदिर जाते हैं। वहां नौ दिनों तक विश्राम करते हैं और फिर बहुड़ा यात्रा के माध्यम से पुनः श्रीमंदिर लौटते हैं। लौटते समय भगवान का पोडा पीठा ग्रहण करना, पंचमी को देवी लक्ष्मी का रुष्ट होकर रथ का पहिया तोड़ना तथा बाद में भगवान द्वारा उन्हें मनाने की परम्परा भक्तिभाव एवं मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण है। पुरी की रथयात्रा का एक अन्य अद्भुत दृश्य छेरा पहरा है। गजपति महाराज स्वयं स्वर्ण निर्मित झाड़ू से रथों के मार्ग की सफाई करते हैं। यह परम्परा संदेश देती है कि ईश्वर के समक्ष राजा और सामान्य व्यक्ति सभी समान हैं। सत्ता का सर्वोच्च पद भी सेवा से बड़ा नहीं हो सकता। रथयात्रा के समय जगन्नाथ मंदिर का महाप्रसाद भी विशेष आकर्षण का केन्द्र होता है। विश्व की सबसे बड़ी मंदिर रसोइयों में से एक इस रसोई में मिट्टी के पात्रों में प्रसाद बनाया जाता है। दाल, चावल, सब्जियाँ, मालपुआ, गजामूंग, लाई, नारियल तथा अनेक प्रकार के व्यंजन अत्यंत अल्प मूल्य पर श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराए जाते हैं। यह प्रसाद केवल भोजन नहीं, बल्कि समानता और साझेदारी का प्रतीक है। धार्मिक ग्रन्थों में रथयात्रा का अत्यन्त महत्व बताया गया है। स्कन्द पुराण, ब्रह्म पुराण, पद्म पुराण तथा उत्कल खण्ड में भगवान जगन्नाथ की महिमा का विस्तार से वर्णन मिलता है। मान्यता है कि रथयात्रा के दर्शन एवं रथ को स्पर्श करने से अनेक जन्मों के पाप नष्ट होते हैं तथा रथ खींचने वाले को मोक्ष का अधिकारी माना गया है। यद्यपि इन मान्यताओं का आध्यात्मिक अर्थ यह है कि जो व्यक्ति अपने जीवन-रथ को धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलाता है, वही वास्तविक मुक्ति प्राप्त करता है। जगन्नाथ रथयात्रा की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सामाजिक समरसता है। इस अवसर पर जाति, वर्ग, भाषा, क्षेत्र अथवा सम्प्रदाय



का कोई भेद नहीं रहता। लाखों श्रद्धालु एक साथ रथ की रस्सी खींचते हैं। यही वह क्षण होता है जब धर्म केवल पूजा-पद्धति न रहकर सामाजिक एकता का उत्सव बन जाता है। आज यह यात्रा केवल पुरी तक सीमित नहीं रही। भारत के लगभग सभी प्रमुख नगरों सहित अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका और अनेक यूरोपीय देशों में भी जगन्नाथ रथयात्रा आयोजित होती है। विशेष रूप से इस्कॉन ने इस परम्परा को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। करोड़ों विदेशी भक्तों ने इसी माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण एवं जगन्नाथ संस्कृति को जाना है। इसलिए यदि कहीं तिथियों को लेकर व्यावहारिक परिवर्तन भी किए जाएँ तो उनके पीछे धार्मिक अवमानना नहीं, बल्कि स्थानीय व्यवस्थाओं की विवशता भी हो सकती है। फिर भी यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि जहाँ तक सम्भव हो, श्रीमंदिर की परम्परा और निर्धारित तिथि का सम्मान किया जाए, ताकि सम्पूर्ण विश्व में एकात्मता का संदेश और अधिक सुदृढ़ हो। दार्शनिक दृष्टि से रथ मनुष्य के शरीर का, भगवान आत्मा का तथा रथ को खींचने वाली रस्सियाँ समाज और लोकशक्ति का प्रतीक हैं। आत्मा तभी सार्थक होती है जब समाज सहयोग करे और समाज तभी श्रेष्ठ बनता है जब उसके केन्द्र में ईश्वर, नैतिकता और आत्मशुद्धि का भाव हो। यही कारण है कि जगन्नाथ रथयात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मविशुद्धि, लोकमंगल, समरसता, सेवा और आध्यात्मिक जागरण का अनुपम पर्व है। वर्तमान समय में जब समाज अनेक प्रकार के वैचारिक, सामाजिक और धार्मिक विभाजनों से गुजर रहा है, तब भगवान जगन्नाथ की यह महायात्रा हमें स्मरण कराती है कि धर्म का वास्तविक उद्देश्य विवाद नहीं, बल्कि संवाद है। वर्चस्व नहीं, बल्कि समन्वय है और बाहरी आडम्बर नहीं, बल्कि अंतःकरण की पवित्रता है। यही इस महायात्रा का सनातन संदेश है कि जीवन का रथ तभी सही दिशा में चलता है जब उसमें श्रद्धा, सेवा, समरसता, आत्मसंयम और लोककल्याण के पहिए समान गति से चलते रहें। यही जगन्नाथ महायात्रा की शाश्वत महिमा है और यही इसकी वैश्विक प्रासंगिकता। **– ललित गर्ग**

# खुशी हो या गम सेल्फी हो हरदम

**सुधाकर आशावादी**

भले ही हर हाथ को रोजगार न मिला हो, मगर अधिकतर हाथों में एंड्रॉयड फोन अवश्य आ गए। बदलते युग में हर कोई सेलिब्रिटी बनने की राह पर है। फोटो शूट के लिए हर किसी को सेल्फी पॉइंट की तलाश रहती है, जहाँ वह अपनी फोटो अपने आप ही खींच सकता है। सार्वजनिक क्षेत्र में चर्चित रहने के लिए सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर चेपने का चलन इतना बढ़ गया है, कि हर कोई प्रत्येक अवसर पर अपने लिए सेल्फी पॉइंट ढूँढ ही लेता है।

एक समय था, जब पासपोर्ट साइज का फोटो खिंचवाने के लिए फोटो स्टूडियो के चक्कर लगाने पड़ते थे। पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार फोटो खिंचवाने का मुहूर्त निकालना पड़ता था। उसके उपरांत नहा धोकर अच्छे से कपड़े पहन कर फोटो खिंचवाने की कवायद की जाती थी। उस समय फटाफट फोटो प्राप्त करने का चलन नहीं था। यदि कहीं फटाफट फोटो की आवश्यकता होती थी, तो काले कपड़े से ढके लकड़ी के खांचे वाला कैमरा प्रयोग में लाया जाता था, अन्यथा फोटो ग्राफर रील पूरी होने की संभावना का अनुमान लगाकर फोटो बनाकर देने की तिथि एक रसीद पर लिखकर देता था। बहरहाल जहाँ चाह वहीं राह। समय के साथ फोटोग्राफी की तकनीक भी बदल गई। कैमरे भी अद्यतन हो गए। पहले कैमरे केवल फोटो खींचने तक ही सीमित थे, अब मोबाइल में कैमरे फिट होकर एक पंथ अनेक काज करने लगे। फोटो खींचने से लेकर रील बनाने तक, रील बनाने से लेकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने तक अनेक भूमिकाएं मोबाइल फोन निभाने लगे। भले ही हर हाथ को रोजगार न मिला हो, मगर अधिकतर हाथों में एंड्रॉयड फोन अवश्य आ गए। बदलते युग में हर कोई सेलिब्रिटी बनने की राह पर है। फोटो शूट के लिए हर किसी को सेल्फी पॉइंट की तलाश रहती है, जहाँ वह अपनी फोटो अपने आप ही खींच सकता है। सार्वजनिक क्षेत्र में चर्चित रहने के लिए सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर चेपने का चलन इतना बढ़ गया है, कि हर कोई प्रत्येक अवसर पर अपने लिए सेल्फी पॉइंट ढूँढ ही लेता है। मसलन कुछ लोग किसी सेलिब्रिटी के पास खड़े होकर सेल्फी लेने लगते हैं, कुछ पारिवारिक उत्सवों में सेल्फी ले लेकर अपने मोबाइल की फोटो गैलरी में अल्बम बनाने से नहीं चूकते तथा उपयुक्त समय पर उस सेल्फी का प्रयोग सोशल मीडिया पर करने लगते हैं। जिन्हें स्वयं सेल्फी लेनी नहीं आती, वे इस पुनीत कार्य के लिए किसी सहायक को साथ लेकर चलते हैं। पहले सेल्फी पॉइंट पर्वत, झरने, खाई आदि प्राकृतिक सौंदर्य स्थलों तक ही सीमित थे। अब विवाह उत्सवों में बाकायदा अनेक सेल्फी पॉइंट तैयार किये जाने लगे हैं, जिन पर सेल्फी प्रेमियों का जमघट लगता ही है। हद तो तब हो जाती है, जब किसी मृतक की शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले शोकाकुल सेल्फी प्रेमी मृतक की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करने की सेल्फी खींचकर उसे भी सोशल मीडिया पर प्रसारित करने में देर नहीं लगाते। लगता है, कि पहले के मुकाबले लोग अधिक व्यवहारिक हो गए हैं, जो ख़ुशी हो या गम हर स्थिति में सेल्फी सेल्फी खेलकर प्रसन्न रहने का संदेश सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित करने में विलम्ब नहीं करते।

## सेहत मंत्र

# खड़े होकर पानी पीने से किडनी और हृदय रोग का बढ़ जाता है खतरा

पानी यानी की जल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है और इसके बिना जीवन की कल्पना कर पाना भी मुश्किल है। सभी को पता है कि हर व्यक्ति को दिन में कम से कम 2 से 3 लीटर पानी पीना चाहिए ताकि उसका शरीर निरोग व स्वस्थ रहे। पर्याप्त पानी पीने से शरीर के हानिकारक तत्व मल मूत्र के जरिए बाहर निकलते हैं । लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके द्वारा पानी पीने का गलत तरीका आपके लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है। खड़े होकर पानी पीने से न केवल हमारे पाचन तंत्र को नुकसान पहुंचता है बल्कि हृदय और किडनी संबंधित समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं । अगर आप खड़े होकर पानी पीते हैं तो आपको अपनी ये आदत सुधारने की जरूरत है। अपने अक्सर अपने बड़े-बुजुर्गों से सुना होगा कि बैठ कर शांति से पानी पीना चाहिए। दरअसल विज्ञान कहता है कि बैठने से हमारी मांसपेशियां और नर्वस सिस्टम रिलेक्स हो जाता है और तब पानी पीने से शरीर को फायदा मिलता है। जबकि कुछ लोग जल्दबाजी में खड़े होकर व चलते-फिरते ही पानी पीते हैं, जो न उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि कई अंगों को काम करने में भी दिक्कत होती है। अगर आप भी खड़े होकर पानी पीने के नुकसान से अनजान हैं तो हम आपको इससे जुड़े कई तथ्य बताने जा रहे हैं, जो आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। खड़े होकर पानी पीने से पानी गुर्दों से बिना साफ हुए शरीर में पहुंच जाता है, जिसके कारण पानी में मौजूद हानिकारक पदार्थ आपके पूरे शरीर में फैल सकते हैं । ऐसी स्थिति में पानी बिना छने ही किडनी से बाहर निकलने लगता है जिसके कारण किडनी में कई प्रकार की इंफ़ेक्शन हो जाते हैं। खड़े होकर पानी पीने से इसोफ़ेगस के जरिए तेजी से पानी पेट में पहुंचता है और आपके पेट पर अधिक प्रेशर पड़ता है। पेट पर प्रेशर पड़ने से पेट व आसपास की जगह और डाइजेस्टिव सिस्टम को क्षति पहुंचती है। पानी के तेजी से पेट में जाने के कारण पानी इंप्योरिटीज ब्लैडर में जमा हो जाता है, जिससे किडनी को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

## धर्म मंत्र

# हनुमानजी और लक्ष्मणजी दोनों ही वैराग्य की प्रतिमूर्ति हैं

विगत अंक में हमें यह देखकर परम आश्चर्य हुआ था कि सुग्रीव को श्री हनुमान जी ने आखिर ऐसा कौन-सा मंत्र दिया था, कि सुग्रीव भयभीत भी हुआ और प्रभु श्रीराम जी की सेवा में उपस्थित होने का संकल्प भी ले लेता है। आपने ध्यान से अध्ययन किया होगा तो पाया होगा कि श्री लक्ष्मण जी सुग्रीव को चार विधियों का विशेष प्रकार का ज्ञान प्रदान करते हैं। जिसे पाने के पश्चात सुग्रीव में आमूल चूल परिर्वतन आ जाता है। पथभ्रष्ट कदम पुनः अपने मूल की और पलट जाते हैं। सोचिए अगर वह विधि आज के मानव को मिल जाये, तो मानव का तो कल्याण ही हो जायेगा। कारण कि सुग्रीव की ही भाँति आज का मानव भी तो ऐसे ही समस्त विषयों से त्रस्त है। बलात्कार, अनाचार व अन्य जघन्य अपराध इन विषयों की ही तो पौध हैं। जिन्हें समाप्त करने के लिए एक से एक उपाय किए जा रहे हैं। लेकिन तब भी परिणाम पूर्णतः शून्य से अधिक तो आ ही नहीं रहा न। घर से लेकर पाठशाला, पाठशाला से लेकर उच्च शिक्षा केन्द्र और साथ में विभिन्न प्रकार की धार्मिक की शिक्षाएँ, सब मिलकर भी वर्तमान मनुष्य की विषाक्त बुद्धि का विष हर नहीं पा रहे हैं। लेकिन यहाँ श्री हनुमान जी ने ऐसा मंत्र फूँका कि फनीअर नाग को भी सुंदर फूलों की माला बनने में क्षण मात्र न लगा। यूँ लगा कि कोई कुआँ सदियों से कड़वा था और श्री हनुमान जी ने पता नहीं कौन-सी शहद की चार बूंदें डालीं कि पूरा कुआँ ही शहद का स्रोत बन गया। हमें निश्चित ही श्री हनुमान जी द्वारा प्रदत, वह चारों विधियों का ज्ञान पाने का प्रयास करना ही होगा। क्योंकि उस महान ज्ञान का प्रभाव हम अपनी आंखों से सुग्रीव के जीवन में देख ही पा रहे हैं।

पर्यटन



# बर्फ के बीच कुदरती सौंदर्य का खज़ाना है हिमाचल प्रदेश का लाहुल-स्पीति

मैदानों में गर्मी की तपिश है तो देश में ऐसे भी क्षेत्र हैं, जहां बिछी है बर्फ की चादर। इन्हें नैसर्गिक स्वरूप में देखना हो तो चले आइए लाहुल-स्पीति। विशाल पर्वतों के दायरे, बर्फीली वादियों और इनके बीच बसी स्पीति घाटी। इस जगह पर बारिश नहीं, बस बर्फबारी होती है। साल के 6 माह जहां देखें बस बर्फ की सफ़ेद चादर बिछी होती है। हरियाली का नामोनिशा नहीं। हां, लाहुल में आपको जंगल मिल जाएंगे, लेकिन यहां लद्दाख और तिब्बत की सीमा से सटी झीलों और हिमखंडों से घिरी स्पीति घाटी में यह हरियाली नहीं मिलेगी। दरअसल, लाहुल-स्पीति आने का एहसास अनिवर्चनीय है। गोंपा और बौद्ध भिक्षुओं के मंत्रोच्चारण की गूंज ऐसी अलौकिक अनुभूति से भर देती है कि आप उसे ताउम्र नहीं भुला पाते। प्राचीन काल से यह स्थान घुमक्कड़ों, बौद्ध साधकों, व्यापारियों और खोजियों को अपने मोहपाश में बांधता आया है। यदि आप एडवेंचर के शौकीन हैं तो आप पाएंगे कि यह आपके लिए रोमांच का एक आदर्श पड़ाव है। लाहुल स्पीति भी खास है। यहां के मंडी संसदीय क्षेत्र के टशीगंग मतदान केंद्र को दुनिया का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र होने का गौरव हासिल हुआ है। टशीगंग 15256 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इस मतदान केंद्र में कुल 49 मतदाता हैं। इसमें 29 पुरुष व 20 महिलाएं हैं। खास बात यह है कि इस बार इतनी ऊंचाई पर यह मतदान केंद्र पहली बार मतदाताओं के लिए तैयार किया गया है। पहले यह मतदान केंद्र कम ऊंचाई वाले सामुदायिक भवन में था। बरसात के कारण जब यह सामुदायिक भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, तब इसे राजकीय प्राथमिक स्कूल टशीगंग के भवन में स्थापित किया गया था। लाहुल घाटी में बारालाचा दर्रा सैलानियों की पहली पसंद बनने लगा है। यह दर्रा मनाली व लाहुल को लेह से जोड़ता है। इस दर्रे पर आपको जून-जुलाई में भी बर्फ के दीदार हो सकते हैं। मनाली से लेह जाने वाला हर यात्री यहां रुककर बर्फ में अठखेलियों का आनंद लेता है। वास्तव में यह पूरा रास्ता दिलफरेब है।

# विकास केवल निर्माण नहीं, जनविश्वास का दायित्व है : आलोक तिवारी

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण, गुणवत्ता व समयबद्धता पर दिया विशेष जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी। किसी भी नगर का विकास केवल ईंट, सीमेंट और सड़कों का विस्तार नहीं होता, बल्कि वह नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की एक सतत प्रक्रिया होती है। इसी सोच के साथ नगर पंचायत हैदरगढ़ के अध्यक्ष आलोक तिवारी ने बुधवार को नगर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया और निर्माण की गुणवत्ता तथा प्रगति का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान श्री तिवारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे निर्माणाधीन नाले, बछरावा रोड पर बन रहे नाले सहित अन्य विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

उन्होंने कहा कि विकास का वास्तविक अर्थ केवल नई संरचनाओं का निर्माण नहीं, बल्कि जनता को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। यदि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होंगे तो उनका लाभ आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचेगा, वहीं लापरवाही जनता के विश्वास को आहत करती है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने सड़कों के किनारे साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद कर्मचारियों को नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। एक आधुनिक नगर की पहचान केवल चौड़ी सड़कों से नहीं, बल्कि स्वच्छ वातावरण और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं से होती है।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी विकास कार्यों को लेकर अपनी बातें रखीं, जिन पर अध्यक्ष ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नगर के सर्वांगीण विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए नगर पंचायत निरंतर कार्य कर रही है तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है।

''विकास तब सार्थक होता है जब उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और उसकी गुणवत्ता समय की कसौटी पर खरी उतरे।'' इसी संकल्प के साथ हैदरगढ़ नगर पंचायत नगर को एक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित नगर बनाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है।

# ईपीएस-95 पेंशनर्स ने सांसद तनुज पुनिया को सौंपा ज्ञापन, जंतर-मंतर आंदोलन में शामिल होने का मिला आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के तत्वावधान में अपनी चार सूत्री मांगों के समर्थन में बुधवार को समिति के पदाधिकारियों ने बाराबंकी के सांसद एवं श्रम सलाहकार समिति के सदस्य माननीय तनुज पुनिया को ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को ईपीएस-95 पेंशनधारकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनकी मांगों को केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाने का अनुरोध किया। इस दौरान समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनकी चार सूत्री मांगों को लेकर देशभर में आंदोलन चल रहा है।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सतीश चन्द्र अग्निहोत्री, पं. ओंकार मिश्रा तथा नरेश राय उपस्थित रहे। सांसद तनुज पुनिया ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे ईपीएस-95 पेंशनर्स की मांगों के प्रति सकारात्मक सहयोग करेंगे तथा 5 अगस्त 2026 को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित ईपीएस-95 के धरना-प्रदर्शन में भी उपस्थित रहने का आश्वासन दिया।

### बिजली चोरी के मामले में प्रवर्तन दल ने दो उपभोक्ताओं के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

उरई,। उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में गुरुवार को विद्युत प्रवर्तन दल ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। प्रवर्तन दल ने उरई शहर में दो स्थानों पर मीटर से छेड़छाड़ कर बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए दो उपभोक्ताओं को पकड़ा, जिनके विरुद्ध कोतवाली उरई में विद्युत अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई। प्रवर्तन दल के प्रभारी उप निरीक्षक एम. आरिफ के नेतृत्व में अवर अभियंता प्रमोद कुमार, उप निरीक्षक सुनीता वर्मा, मुख्य आरक्षी गोवर्धन, मुख्य आरक्षी रविकांत एवं आरक्षी अनुराग तिवारी की टीम ने अभियान चलाया। जांच के दौरान राजेन्द्र नगर निवासी सत्यम चौरसिया के व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर स्थापित विद्युत मीटर की केबल में अतिरिक्त केबल जोड़कर लगभग 5.702 किलोवाट भार का अवैध विद्युत उपभोग किया जाता पाया गया। वहीं सपा कार्यालय के पास उरई निवासी बुजकिशोर निगम के आवास पर मीटर से पूर्व केबल काटकर अतिरिक्त केबल जोड़कर लगभग 6.391 किलोवाट भार का अवैध विद्युत उपयोग करते हुए पकड़ा गया। प्रवर्तन दल ने दोनों मामलों में मौके पर आवश्यक साक्ष्य संकलित कर चेकिंग रिपोर्ट तैयार की तथा संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

# असंद्रा पुलिस की लापरवाही, मवई पुलिस ने दिखाई तत्परता; अज्ञात शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी/मवई (अयोध्या)। बाराबंकी जनपद के असंद्रा थाना क्षेत्र की दिलावलपुर चौकी अंतर्गत रसूलपुर के पास कल्याणी नदी में बुधवार को एक अज्ञात युवक का शव बहता हुआ दिखाई दिया था। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। आरोप है कि मौके पर पहुंची दिलावलपुर चौकी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के बजाय दो युवकों की मदद से नाव के जरिए नदी में आगे बढ़वा दिया, जिससे शव पड़ोसी जनपद अयोध्या के मवई थाना क्षेत्र की ओर चला गया।

गुरुवार दोपहर मवई थाना क्षेत्र के मल्हाहनपुरवा के पास कल्याणी नदी में वही अज्ञात शव दिखाई दिया। सूचना मिलते ही मवई पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से शव को नदी से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने आवश्यक पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

इस घटना के बाद असंद्रा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि बुधवार को ही शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जाती, तो पहचान और जांच की प्रक्रिया समय पर शुरू हो सकती थी। वहीं मवई पुलिस की तत्परता की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों में गुमशुदगी के मामलों का मिलान कराने के साथ मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। यदि असंद्रा पुलिस की कार्यशैली को लेकर लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है। मवई थाना पुलिस के अनुसार एक अज्ञात शव जिसकी उम्र करीब 30 से 35 वर्ष लग रही है दिनांक गुरुवार को समय करीब दोपहर में कल्याणी नदी के किनारे ग्राम मल्लाहन पुरवा के पास पाई गई। मृतक ग्रे कलर का हाफ नेकर जिसमें सफ़ेद रंग की धरी बनी हुई है पहने हुए हैं तथा शरीर पर अन्य कोई कपड़ा मौजूद नहीं था। मृतक का शव लगभग 6 से 7 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ।

# जगन्नाथ रथयात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, जयघोष से गूंजा नगर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की पावन रथयात्रा गुरुवार को श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के अनुपम वातावरण के बीच संपन्न हुई। नागेश्वरनाथ मंदिर से विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभ हुई रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः मंदिर परिसर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और वातावरण ''जय जगन्नाथ'', ''हरि बोल'' तथा ''जगन्नाथ स्वामी नयन पथगामी भवतु मे'' के जयघोष से गुंजायमान रहा।




रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में भगवान के रथ की रस्सी खींचने की अद्भुत होड़ देखने को मिली। मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने का सौभाग्य प्राप्त होने से जीवन में सुख, समृद्धि और पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी विश्वास के साथ महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे पूरे उत्साह के साथ रथ के साथ चलते रहे। श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर नृत्य करते, भजन-कीर्तन गाते और भगवान के जयकारे लगाते नजर आए।

रथयात्रा जब सरस्वती स्वीट्स के सामने पहुंची तो संस्थान के संचालक रवीश कुमार गुप्ता एवं तुषार गुप्ता ने भगवान श्री जगन्नाथ के रथ पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। उन्होंने श्रद्धापूर्वक भगवान की आरती उतारी तथा श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर ''जय जगन्नाथ'' के गगनभेदी जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

नगर के विभिन्न स्थानों पर भी श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। जगह-जगह पेयजल, शरबत और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। पूरे मार्ग पर भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समानता, एकता, करुणा, सेवा और लोककल्याण का दिव्य संदेश देने वाला महापर्व है। यह यात्रा समाज में भाईचारा, सद्भाव और जनसेवा की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देती है।

रथयात्रा के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के समुचित प्रबंध किए गए, जिससे श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण वातावरण में भगवान के दर्शन का लाभ प्राप्त किया। देर शाम तक नगर जय जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान रहा और भक्तों की आस्था एवं उत्साह देखते ही बनता था।

# डीएम के निर्देश पर पेट्रोल पंपों पर बाट-माप विभाग की जांच




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी के निर्देश पर विधिक माप विज्ञान (बाट-माप) विभाग एवं पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को जिले के कई पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण कर ईंधन की मात्रा की जांच की।

निरीक्षण के दौरान विधिक माप विज्ञान निरीक्षक पवन कुमार तिवारी, आपूर्ति निरीक्षक अखिलेश तिवारी एवं अशोक चौरसिया ने दादरा स्थित परिचय पेट्रोल पंप, सुरसंडा स्थित मां विद्यावती फिलिंग स्टेशन तथा नवाबगंज स्थित बद्री प्रसाद रामचंद्र पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति की जांच की। जांच में सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की आपूर्ति निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई। विभाग के अनुसार ईंधन की मात्रा अनुमन्य त्रुटि सीमा (ल) के भीतर मिली, जिससे उपभोक्ताओं को सही मात्रा में पेट्रोल-डीजल दिए जाने की पुष्टि हुई।

## सर्पदंश से किशोरी की मौत, कोहराम

बेलहरा, बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में बीती रात छत पर सो रही एक किशोरी को सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर घटना की जानकारी हुई,जिसके बाद परिजन लड़की को सीएचसी सूरतगंज लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र क्षेत्र के माधवपुरवा गांव निवासी खुशीराम की 16 वर्षीय पुत्री रुचि बुधवार की रात घर की छत पर सो रही थी। इसी दौरान अचानक किसी जहरीले सांप ने उसे डस लिया। सर्पदंश के बाद किशोरी की हालत बिगड़ने लगी। घटना की जानकारी होने पर परिजन आनन-फानन में किशोरी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज शुरू किया लेकिन तब तक उसकी हालत काफी बिगड़ गई और किशोरी ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।




## आयुष विभाग का वृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 45 मरीजों की जांच

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी के तत्वावधान में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय खोर द्वारा रसूलपुर में वृद्धावस्था स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में 45 बुजुर्ग मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। डॉ. वीनम यादव और डॉ. ज्योति मौर्य ने रक्तचाप, शुगर सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप वर्मा भी उपस्थित रहे।

## सर्पदंश से 16 वर्षीय किशोरी की मौत



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसरांय थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में सर्पदंश से 16 वर्षीय लक्ष्मी देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह बुधवार को खेत से लौटकर घर में पूजा करने गई थी, तभी सांप ने उसे डस लिया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे झाड़-फूंक के लिए ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राम औतार सरोज ने इसकी पुष्टि की।

## निंदूरा में क्लस्टर व्यवस्था पर ग्रामीणों की नाराजगी, सचिवों पर बढ़ा कार्यभार

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड निंदूरा की 88 ग्राम पंचायतों में लागू क्लस्टर व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है। कई ग्राम पंचायत सचिवों को छह से सात पंचायतों का दायित्व सौंपा गया है, जिनमें कई पंचायतों के बीच 20 किलोमीटर से अधिक की दूरी है। एक ही दिन दो पंचायतों में बैठने के रोस्टर के कारण आय, निवास, परिवार रजिस्टर, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, पेंशन और आवास जैसी सेवाएं प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों ने शासन से व्यवस्था की समीक्षा कर एक सचिव को प्रतिदिन केवल एक पंचायत में बैठाने की मांग की है। बीडीओ निंदूरा ने बताया कि नए सचिवों की नियुक्ति होने पर अतिरिक्त क्लस्टर आवंटित किए जाएंगे, जबकि प्रभारी डीपीआरओ के अनुसार क्लस्टर का निर्धारण पहले ही शासन स्तर पर जियो लोकेशन और जनसंख्या के आधार पर किया गया था।

## बरायन में 33 केवी लाइन में धमाके के साथ लगी आग, मची अफरा-तफरी

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । साधन सहकारी समिति बरायन के पास गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे 33 केवी विद्युत लाइन में अचानक तेज धमाके के साथ आग लग गई। घटना के समय खाद लेने पहुंचे किसानों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत शुरू कर बिजली व्यवस्था सामान्य करने का प्रयास किया। समिति के सचिव सर्वेश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी तत्काल बिजली विभाग को दी गई थी।

## बिजली संकट, एक लाख आबादी प्रभावित

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बरसात के दौरान विद्युत उपखंड रामसनेहीघाट क्षेत्र में लगातार फाल्ट और ट्रिपिंग से बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। कोटवा सड़क और सनौली फीडर से जुड़े कई गांवों में बुधवार रात 11 बजे से गुरुवार सुबह 8 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे करीब एक लाख आबादी प्रभावित हुई। धान की रोपाई के दौरान किसानों को भी पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने स्थायी समाधान और घोषित रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति की मांग की है। एसडीओ सर्वेश कुमार ने बताया कि राघोपुर के पास तार टूटने से आपूर्ति बाधित हुई थी, जिसे गुरुवार सुबह मरम्मत के बाद बहाल कर दिया गया।

## मतदेय स्थलों के पुनर्गठन पर राजनीतिक दलों के साथ मंथन, डीएम ने मांगे सुझाव

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आगामी चुनावों की तैयारियों के तहत जनपद में मतदेय स्थलों के सम्भाजन (रैशनलाइजेशन) को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और निर्वाचन अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप तैयार प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन मतदेय स्थलों पर 1200 से अधिक मतदाता हैं, उनका विभाजन कर नए मतदेय स्थल बनाए जा रहे हैं। साथ ही अनुपयुक्त भवनों में संचालित मतदान केंद्रों को बेहतर सुविधायुक्त भवनों में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। जनपद में वर्तमान में 2,870 मतदेय स्थल और 1,704 मतदान केंद्र हैं। प्रस्ताव के अनुसार 8 नए मतदेय स्थल तथा 17 नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे, जबकि 117 मतदेय स्थलों और 10 मतदान केंद्रों के भवन बदले जाएंगे। सभी प्रस्तावों पर राजनीतिक दलों से सुझाव और आपत्तियां लेकर अंतिम रूप दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाताओं, विशेषकर दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। प्राप्त सुझावों का परीक्षण कर संशोधित प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को अनुमोदन के लिए भेजे जाएंगे। बैठक में विधायक दिनेश रावत, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निरंकार सिंह, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सावन मेला! स्वास्थ्य विभाग तत्पर

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रीलोधेश्वर महादेवा में 30 जुलाई से शुरू होने वाले सावन मेले के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।मेले में 24 घंटे दो चिकित्सा टीमें एक मेडिकल स्टॉल महादेवा पीएचसी पर अतिरिक्त स्टाफ तथा एक एएलएस व चार बीएलएस सहित कुल पांच एंबुलेंस तैनात रहेंगी।एंटी स्नेक वेनम रेबीज वैक्सीन समेत सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहेंगी।सीएमओ डॉ. रंजन गौतम ने बताया कि श्रद्धालुओं को त्वरित और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वरिष्ठ अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे।

# करंट लगने से युवक की मौत

## ठेकेदार से ढाई लाख रुपये का चेक मिलने के बाद हुआ अंतिम संस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। करंट लगने से युवक की मौत के मामले में गुरुवार को नया घटनाक्रम सामने आया। मृतक के परिजनों ने ठेकेदार की ओर से ढाई लाख रुपये का चेक मिलने के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया। दोपहर करीब एक बजे धोपाप घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले परिजन मुआवजे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अंतिम संस्कार करने से इनकार कर रहे थे।



यह मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के तुराबखानी (लाखीपुर) का है। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के कुबेरशाह पट्टी निवासी दुर्गेश, पुत्र मुरली, की मंगलवार देर रात बिजली संबंधी कार्य के दौरान करंट लगने से मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। परिजनों के विरोध के बाद ठेकेदार की ओर से पुलिस की मौजूदगी में ढाई लाख रुपये का चेक उपलब्ध कराया गया। इसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए। इस दौरान लंभुआ के क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर, लंभुआ पुलिस तथा थाना चांदा की पुलिस मौके पर मौजूद रही। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक किसी के खिलाफ मामला दर्ज होने की पुष्टि नहीं हुई थी।

मृतक के जीजा रिंकू ने आरोप लगाया कि दुर्गेश ठेकेदार भोले सिंह के माध्यम से बिजली का कार्य कर रहा था। उनके अनुसार, ठेकेदार ने रात में काम न करने के निर्देश दिए थे। आरोप है कि भोजन के बाद आराम कर रहे मजदूरों के पास कुछ स्थानीय लोग पहुंचे और दुर्गेश को जबरन काम के लिए ले गए।

रिंकू का दावा है कि ठेकेदार को फोन कर रात में काम न कराने की बात भी कही गई थी, लेकिन इसके बावजूद दुर्गेश से काम कराया गया, जिसके दौरान वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बेटों की याद में महिला ने काशी विश्वनाथ मंदिर को दिया तीन करोड़ का दान

वाराणसी । अपने पति और दोनों बेटों को खोने के बाद सांसारिक जीवन से विरक्त हुई तमिलनाडु की 80 वर्षीय एक महिला ने धार्मिक एवं जनकल्याण कार्यों के लिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर को तीन करोड़ रुपये का गुप्त दान दिया है। महिला की इच्छा का सम्मान करते हुए मंदिर प्रशासन ने उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी है। मंदिर प्रशासन के अनुसार महिला ने अपने दिवंगत दोनों पुत्रों की स्मृति में दो करोड़ रुपये तथा मंदिर के अन्नक्षेत्र के लिए एक करोड़ रुपये का चेक मंदिर न्यास को सौंपा। इसे अब तक मंदिर को मिला सबसे बड़ा व्यक्तिगत दान माना जा रहा है। इससे पहले अंबानी परिवार ने मंदिर को ढाई करोड़ रुपये का दान दिया था। महिला ने वाराणसी मंडल के आयुक्त एस. राजलिंगम को ई-मेल के माध्यम से मंदिर में दान देने की इच्छा व्यक्त की थी और उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलने का अनुरोध किया था। इसके बाद अधिकारियों ने उनसे संपर्क स्थापित किया। महिला ने शुरुआत से ही अपनी पहचान गोपनीय रखने का आग्रह किया था। महिला अपने मैनेजर के साथ 12 जुलाई को मंडलायुक्त से मिलीं और तीन करोड़ रुपये के दो चेक उन्हें सौंपे। इसके अतिरिक्त उन्होंने 25-25 हजार रुपये के पांच अलग-अलग चेक भी दिए तथा इच्छा जताई कि इनकी राशि से प्रत्येक वर्ष श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कराया जाए। दान की औपचारिकता पूरी करने के बाद महिला ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन किया और बिना किसी प्रचार-प्रसार के वाराणसी से लौट गईं।

# मंच सज चुका है, फाइनल में मेस्सी और अर्जेंटीना का मुकाबला यामल और स्पेन से

एजेंसी

न्यूयॉर्क। विश्व कप फाइनल के लिए मंच सज चुका है जिसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण वाली टीम अर्जेंटीना का सामना स्पेन की उस टीम से होगा जिसकी रक्षापंक्ति की मजबूती का कोई सानी नहीं है। खिताबी मुकाबले में खेल की दो अलग-अलग शैलियों का टकराव देखने को मिलेगा। टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना रविवार को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में स्पेन की मजबूत रक्षात्मक टीम से भिड़ेंगे। स्पेन के पास मेस्सी को टक्कर देने के लिए लामिन यामल के रूप में युवा स्ट्राइकर है। स्पेन ने मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में फ्रांस को हराया। इस टूर्नामेंट में वापसी करने में माहिर अर्जेंटीना ने बुधवार को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर जीत हासिल की। अर्जेंटीना अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है



और ब्राजील के बाद लगातार दो बार विश्व कप चैंपियन बनने की ओर अग्रसर है, जिसने 1958 और 1962 में यह उपलब्धि हासिल की थी। स्पेन 2010 में जीतने के बाद अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है। अर्जेंटीना ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 19 गोल किए हैं जबकि टूर्नामेंट में सबसे कम गोल खाने के मामले में स्पेन सबसे आगे है। उसने सिर्फ एक गोल खाया है। दक्षिण अमेरिकी चैंपियन अर्जेंटीना और यूरोपीय चैंपियन स्पेन को मार्च के अंत में कतर के दोहा में फाइनलिस्सिमा में एक दूसरे का मुकाबला करना था लेकिन मध्य पूर्व में जारी जंग के कारण यह मैच नहीं हो पाया। और अब संयोग देखिए कि विश्व कप फाइनल में यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी। यह फुटबॉल के वर्तमान और भविष्य के बीच एक मुकाबला होगा। साथ ही उन टीमों के बीच भी मुकाबला होगा जो विश्व कप से पहले फीफा की विश्व रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर काबिज थीं ऽ अर्जेंटीना नंबर एक और स्पेन नंबर दो पर। साल 2007 में ली गई एक मशहूर तस्वीर है जब मेस्सी यूनिसेफ के एक कार्यक्रम का हिस्सा थे और उन्होंने एक बच्चे के साथ पोज दिया था। वह बच्चा कोई और नहीं बल्कि यामल है जो अब अपने आदर्श खिलाड़ी को टक्कर देने के लिए तैयार है। स्पेन ने फाइनल तक के सफर में छह जीत हासिल की और एक ड्रॉ खेला। उसने अब तक 13 गोल किए हैं और केवल एक गोल खाया है। स्पेन ने ग्रुप चरण में केप वर्दे से गोल रहित ड्रॉ खेलने के बाद सऊदी अरब को 4-0 से और उरुग्वे को 1-0 से हराया। उसने नॉकआउट चरण में ऑस्ट्रिया को 3-0 से, पुर्तगाल को 1-0 से, बेल्जियम को 2-1 से, फ्रांस को 2-0 से हराया। अर्जेंटीना अपने सभी सात मैच जीत कर फाइनल तक पहुंचा है।

# इटली के मूर्तिकार ने तैयार की है विश्व कप ट्रॉफी

एजेंसी

मिलान। फीफा विश्व कप ट्रॉफी का डिजाइन इटली के एक मूर्तिकार ने तैयार किया है। उन्होंने इस सर्पिलाकार आकृति में खेल से जुड़ी तीन भावनाओं को दर्शाने की कोशिश की है जिसमें खिलाड़ियों का संघर्ष, प्रशंसकों का उल्लास और जीत का क्षण शामिल हैं। अमेरिका में चल रहे मौजूदा विश्व कप में रविवार को यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी अर्जेंटीना और स्पेन में से किसी एक के नाम होगी। जब ब्राजील ने 1970 में अपना तीसरा विश्व कप जीतकर मूल ट्रॉफी पर स्थायी अधिकार हासिल कर लिया था तो विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने एक नए डिजाइन के लिए खुली प्रतियोगिता शुरू की। इसके बाद सिल्वियो गज़ानिगा ने मिलान के ब्रेरा इलाके में स्थित अपने स्टूडियो में ट्रॉफी का डिजाइन तैयार किया। यह डिजाइन अब दुनिया भर के फुटबाल प्रेमियों की आंखों में रच बस चुका है। इसमें दो मानव आकृतियां पृथ्वी को पकड़े हुए हैं। गज़ानिगा का 2016 में निधन हो




गया था। इस मूर्तिकार के बेटे जियोर्जियो गज़ानिगा ने कहा, ''जब उन्होंने कप को डिजाइन करना शुरू किया तो वह कई चित्र बना रहे थे। इसके बाद ही उन्होंने अंतिम डिजाइन तैयार किया था। पहले विश्व कप (1930) के लिए जो ट्रॉफी तैयार की गई थी उसमें यूनान की देवी नाइकी का चित्र था। टूर्नामेंट के संस्थापक के नाम पर इसे जूल्स रिमेट ट्रॉफी के नाम से जाना जाता था। ब्राजील ने पूर्व में तय किए गए नियमों के अनुसार तीन विश्व कप जीतने वाला पहला देश बनने के बाद मूल ट्रॉफी पर स्थायी अधिकार हासिल कर लिया था। इसके बाद फीफा ने नई ट्रॉफी तैयार की थी। जूल्स रिमेट ट्रॉफी दो बार चोरी भी हुई थी। पहली बार 1966 में इंग्लैंड के पहली बार चैंपियन बनने के बाद इसे सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शित किया गया था और यह चोरी हो गई थी। फीफा के अनुसार इसे दक्षिण लंदन में एक झाड़ी के नीचे पिकल्स नामक कुत्ते ने खोजा था। ब्राजील के ट्रॉफी पर स्थायी अधिकार होने के बाद 1983 में ब्राजील फुटबॉल महासंघ के मुख्यालय से इसे फिर से चुरा लिया गया था। यह ट्रॉफी आज तक बरामद नहीं हुई है और माना जाता है कि इसे पिघला दिया गया है।

# एशियाई खेलों के के लिए तैयार है राइफल शूटर सोनम मस्कर

एजेंसी

नयी दिल्ली। कभी शौकिया तौर पर निशानेबाजी अपनाने वाली कोल्हापुर की सोनम उत्तम मस्कर अब इस साल सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। इस 23 वर्षीय 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज ने 2024 में विभिन्न प्रतियोगिताओं में तीन रजत पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई। इसमें नयी दिल्ली में आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में उनका शानदार प्रदर्शन भी शामिल है। सोनम चीन के हांगझोऊ में 20 जुलाई से शुरू होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप और उसके बाद सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में भी यह लय बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सोनम ने कहा, ''मुझे शुरू से ही खेलों में दिलचस्पी थी



और मैं शतरंज भी खेलती थी। मैं कुछ अलग करना चाहती थी, इसलिए मैंने शौकिया रूप में निशानेबाजी शुरू की। लेकिन जल्द ही यह एक ऐसा शौक बन गया जिसे मैं अपना करियर बनाना चाहती थी। सोनम ने मुंबई में कॉमर्स की पढ़ाई के दौरान 2018 में पहली बार राइफल उठाई थी। कोविड-19 महामारी और इसके कारण उनके परिवार पर पड़े आर्थिक दबाव से इसमें बाधा भी आई। उन्होंने 2021 में कोल्हापुर शूटिंग रेंज में गंभीरता से प्रशिक्षण फिर से शुरू किया।

# विश्व कप में फिर दिखा मेस्सी 'मैजिक', केन भी हुए कायल

एजेंसी

अटलांटा। लियोनेल मेस्सी ने सही समय पर अपने कौशल का शानदार नमूना पेश करके अर्जेंटीना को विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई, जिसके बाद प्रतिद्वंद्वी टीम के स्टार खिलाड़ी हैरी केन ने भी उनकी जमकर प्रशंसा की। मेस्सी ने भले ही कोई गोल नहीं किया लेकिन उन्होंने अर्जेंटीना की तरफ से दोनों गोल करने में मदद की। इससे उनकी टीम ने फिर से वापसी करके लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। इंग्लैंड के कप्तान केन ने कहा, ''लियो अब भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे लगा कि मैच के बड़े हिस्से में हमने उनका बखूबी सामना किया। लेकिन दुनिया के सबसे खतरनाक खिलाड़ियों की तरह जब गेंद अंतिम छोर पर उनके पास होती है तो वह शानदार खेल दिखाते हैं। आज उन्होंने फिर यही किया। वह सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से



एक हैं। राउंड ऑफ 16 में मिस्र के खिलाफ अप्रत्याशित वापसी के आठ दिन बाद मेस्सी अटलांटा लौटे और उन्होंने अपने करियर में एक और शानदार अध्याय जोड़ा। एंथनी गॉर्डन के 55वें मिनट में किए गए गोल से इंग्लैंड की उम्मीद बंधी थी लेकिन मेस्सी और उनके नीली जर्सी वाले साथियों ने फिर से साबित किया कि वे कभी हार नहीं मानते। खेल के 85वें मिनट में मेस्सी ने एक शॉर्ट कॉर्नर किक मारी। इसके तुरंत बाद ही उन्हें वापस पास मिला। उन्होंने देखा कि एंज़ो फर्नांडीज़ गोल से 25 गज की दूरी पर घात लगाए बैठे हैं। उन्होंने गेंद फर्नांडीज़ को दी जिन्होंने गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड को चकमा देकर स्कोर बराबर कर दिया। उस समय ऐसा लग रहा था कि अर्जेंटीना की जीत निश्चित है। और ठीक वैसा ही हुआ। एक बार फिर मेस्सी ने ही कमाल दिखाया। स्टॉपेज टाइम के दूसरे मिनट में उन्होंने अचानक अपनी गति बढ़ा दी और गोलपोस्ट की ओर दौड़ते हुए पर्याप्त जगह बना ली, जिससे उन्हें पीछे वाले पोस्ट पर सटीक क्रॉस भेजने का मौका मिल गया। गेंद लोटारो मार्टिनेज के पास पहुंची, जिन्होंने दो डिफेंडरों के बीच से निकलकर बड़ी आसानी से हेडर से विजयी गोल दाग दिया। यह मार्टिनेज के लिए एक भावुक क्षण था और यह सब उनके कप्तान की बदौलत ही संभव हो पाया। मार्टिनेज ने कहा, ''यह वास्तव में बहुत प्रभावशाली है। जब मेरे पिताजी ने मुझे पहली बार फुटबॉल के जूते खरीदकर दिए थे, तब से मैं इस तरह का गोल करने का सपना देख रहा था। जब अंतिम सीटी बजी तो मेस्सी मैदान के बीच में घुटनों के बल बैठ गए और अपनी मुट्ठियां हवा में लहराने लगे। मेस्सी ने मौजूदा टूर्नामेंट में अभी तक आठ गोल किए हैं और वह फ्रांस के किलियन एमबाप्पे की बराबरी पर हैं।

## एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का मुकाबला इराक और सीरिया से

**कुआलालंपुर।** भारतीय अंडर17 महिला फुटबॉल टीम को पांच से 11 अक्टूबर तक यहां होने वाले एएफसी अंडर17 एशियाई कप क्वालीफायर में मलेशिया, सीरिया और इराक के साथ ग्रुप ई में रखा गया है। एशियाई फुटबॉल महासंघ (एएफसी) हाउस में बृहस्पतिवार को ड्रॉ निकाला गया। भारत अपने अभियान की शुरुआत इराक के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह सीरिया और मलेशिया का सामना करेगा। ग्रुप की विजेता टीम अगले वर्ष 31 मार्च से 17 अप्रैल तक चीन के सूज़ौ में होने वाले अंडर17 महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करेगी। भारत ने पिछली बार इस प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी। पिछली चैंपियनशिप में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीम मौजूदा चैंपियन उत्तर कोरिया, उपविजेता जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीन ने प्रतियोगिता के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है। उनके साथ क्वालीफायर में आठ ग्रुप की विजेता टीम भाग लेगी।

# केंद्र ने डीजल, एटीएफ निर्यात पर विंडफॉल टैक्स बढ़ाया, पेट्रोल पर शुल्क घटाया

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स (अप्रत्याशित लाभ कर) में बदलाव किया है। केंद्र सरकार ने 16 जुलाई से डीजल और विमानन ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा दिया है, जबकि पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क को घटाया है।

वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी (एसएईडी) के तहत पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात शुल्क में यह संशोधन किए गए हैं। डीजल के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स को 8.50 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 15.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। विमानन ईंधन के निर्यात पर भी टैक्स 7.50 रुपये प्रति लीटर से



बढ़ाकर 14.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। इसी तरह पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क 4 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 2.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। इससे पहले 16 मई को पेट्रोल के निर्यात पर भी शुल्क लगाया गया था। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सरकार ने 27 मार्च को डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर शुल्क लगाया था। इसके बाद हर पखवाड़े इसकी दरों में केंद्र सरकार संशोधन करती है। अधिसूचना में कहा गया है कि घरेलू खपत के लिए निकाले जाने वाले पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकार के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट की पृष्ठभूमि में पेट्रोलियम उत्पादों की घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्यात को हतोत्साहित करने के उद्देश्य से यह अप्रत्याशित लाभ कर लगाया गया है।

# देश में 100 करोड़ लोग सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आए : मांडविया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश में सामाजिक सुरक्षा का दायरा 2015 के 25 करोड़ लोगों से बढ़कर 2026 में 100 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंच गया है। मंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) द्वारा देश की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था को मिली महत्वपूर्ण मान्यता का उल्लेख किया। मांडविया ने लिखा, ''भारत ने सामाजिक सुरक्षा के विस्तार में एक अरब (100 करोड़) का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा दायरे के विस्तार के लिए भारत के प्रयासों को मान्यता देने पर आईएलओ के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. हौंगबो का आभार व्यक्त किया। मंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सामाजिक सुरक्षा दायरा 2015 के 25 करोड़ नागरिकों (19 प्रतिशत) से बढ़कर 2026 में 100 करोड़ से अधिक नागरिकों (68.4 प्रतिशत) तक पहुंच गया है। यह 'सबका साथ, सबका विकास' के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इन आंकड़ों के अनुसार, भारत ने एक दशक से कुछ अधिक समय में अपनी आबादी के पांचवें हिस्से से भी कम लोगों तक सीमित सामाजिक सुरक्षा दायरे को बढ़ाकर दो-तिहाई से अधिक आबादी तक पहुंचा दिया है, जो दुनिया में सामाजिक सुरक्षा के सबसे तेज विस्तारों में से एक है। आईएलओ के अनुसार, वर्ष 2025 तक सामाजिक सुरक्षा दायरा 2015 के 19 प्रतिशत से बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गया था और 94 करोड़ से अधिक नागरिक इसके दायरे में आ चुके थे। इसी उपलब्धि के लिए भारत को अक्टूबर, 2025 में मलेशिया में अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (आईएसएसए) पुरस्कार-2025 के तहत 'सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि' सम्मान प्रदान किया गया था।

# आयकर विभाग ने 2026-27 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक बढ़ाकर 384 किया

एजेंसी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने अचल संपत्ति, प्रतिभूतियों और आभूषणों की बिक्री पर होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना के लिए चालू वित्त वर्ष 2026-27 का लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) बढ़ा दिया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की अधिसूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2026-27 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक 384 निर्धारित किया गया है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ये सूचकांक 376 था। विभाग के मुताबिक लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) की अधिसूचना आयकर अधिनियम, 1961 के तहत प्रत्येक वित्त वर्ष के लिए जारी की जाती है। इसका उपयोग किसी पूंजीगत परिसंपत्ति की




बिक्री पर पूंजीगत लाभ की गणना करते समय 'सूचकांकित अधिग्रहण लागत' (इंडेक्स्ड कॉस्ट ऑफ एक्विजिशन) निर्धारित करने के लिए किया जाता है। आमतौर पर किसी परिसंपत्ति को 'दीर्घकालिक पूंजीगत परिसंपत्ति' की श्रेणी में आने के लिए 36 महीने से अधिक समय तक रखा जाना जरूरी होता है। हालांकि, अचल संपत्ति एवं गैर-सूचीबद्ध शेयर के लिए ये अवधि 24 महीने तथा सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लिए 12 महीने है।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में तेजी गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। वहीं चांदी के भाव में आज लगातार चौथे दिन शुरुआती दौर में कोई बदलाव नहीं हुआ है। चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 720 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 790 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं चेन्नई में आज सोने के भाव में 320 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 340 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी दर्ज की गई है। भाव में आए उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,43,580 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,43,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,31,610 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,31,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने



के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,34,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,43,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,43,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,43,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,31,660 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,43,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,31,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,43,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,43,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,31,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,43,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,31,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,43,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,31,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## सिंधू विश्व में नंबर पांच हान यू को हराकर जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**तोक्यो।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को चीन की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी हान यू को सीधे गेम में हराकर जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जो उनका मौजूदा सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। विश्व रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे दौर के मुकाबले में अपने से उच्च रैंकिंग वाली चीनी शटलर को केवल 35 मिनट में 21-16, 21-14 से पराजित किया। गैर-वरीयता प्राप्त सिंधू ने धीमी शुरुआत के बाद पहले गेम के बीच में लय हासिल की। उन्होंने शटल को सटीक रूप से हिट किया और रैलियों पर हावी होकर बढ़त बना ली। इसके बाद पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने दूसरे गेम में पूरी तरह से दबदबा बनाया और 8-0 की बढ़त हासिल करने के बाद आसानी से मुकाबला जीत लिया। इस जीत से सिंधू ने हान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला जापान की नोजोमी ओकुहारा से होगा, जिन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी आन से-यंग के दूसरे दौर के मैच से हटने के बाद वॉकओवर मिल गया था। तनीशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी के प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद सिंधू अब टूर्नामेंट में भारत की एकमात्र खिलाड़ी बची हैं। तनीशा और ध्रुव की भारतीय जोड़ी चीन की फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से 47 मिनट में 20-22, 17-21 से हार गई।

## पुजारा ने भारत में अधिक जीवंत विकेट तैयार करने की वकालत की

**नयी दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने भारत में अधिक जीवंत विकेट बनाने की वकालत की ताकि उससे गेंदबाजों को भी मदद मिल सके क्योंकि भारतीय बल्लेबाज इंग्लैंड जैसे देशों में तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर जूझ रहे हैं। भारतीय बल्लेबाजों को उछाल और गति का सामना करने में काफी परेशानी हुई और बेलफास्ट में कम रैंकिंग वाली आयरलैंड से 0-2 से हारने के बाद उसे इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 0-4 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय बल्लेबाजों ने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन ब्रिटेन दौरे में वह परिस्थितियों से तालमेल बिठाने में नाकाम रहे। पुजारा ने जियोस्टार से कहा, ''आईपीएल में भी कोई ऐसा मैच नहीं चाहता जहां टीम आसानी से 260 रन का लक्ष्य हासिल कर ले। इसमें भी गेंदबाजों के लिए कुछ होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''टी20 क्रिकेट में पहले ही गलतियों के लिए गुंजाइश बहुत कम होती है विशेषकर तब जबकि पिच सपाट हों और बाउंड्री छोटी हो। इसीलिए यह महत्वपूर्ण है कि पिचें ऐसी होनी चाहिए जो गेंदबाजों को भी थोड़ी मदद प्रदान करें। पुजारा ने कहा, ''इंग्लैंड दौरे में हमें भारतीय बल्लेबाजों से पर्याप्त शॉट देखने को नहीं मिले। मुझे लगता है कि इसका मुख्य कारण इन परिस्थितियों में खेलने के अनुभव की कमी थी।

## विश्व कप के प्रारूप में बदलाव करना अच्छा, लेकिन एसोसिएट देशों पर अधिक ध्यान देने की जरूरतः अश्विन

**नयी दिल्ली।** भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वनडे और टी20 विश्व कप प्रारूपों में अधिक टीमों को शामिल करने के लिए किए गए संरचनात्मक बदलाव समझ में आते हैं, लेकिन खेल को सही मायने में वैश्विक बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को हर द्विपक्षीय श्रृंखला में एसोसिएट देशों की टीमों को भी शामिल करना होगा। आईसीसी ने बुधवार को वनडे और टी20 विश्व कप के प्रारूप में बदलाव की घोषणा की। इसके अनुसार 2027 में होने वाला वनडे विश्व कप तीन चरणों में खेला जाएगा जबकि 2028 में होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में अब 10 टीम को शामिल किया जाएगा। अश्विन ने एक्स पर पोस्ट किया, ''आईसीसी के 2027 के वनडे विश्व कप और 2028 में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए कार्यक्रम के प्रारूप में किए गए बदलाव प्रतिस्पर्धा की दृष्टि से उचित हैं। लेकिन अगर अंतिम लक्ष्य खेल को बढ़ावा देना है, तो उभरते हुए देशों को मजबूती से आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा, ''नीदरलैंड, स्कॉटलैंड, नेपाल, अमेरिका और आयरलैंड जैसी टीमों को केवल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट ही नहीं, बल्कि अधिक सार्थक मैचों की जरूरत है।

### ई20 ईंधन विवाद में मारुति सुजुकी एवं डीलर जिम्मेदार : आयोग

# ई20 से खराब हुआ इंजन, नई कार दे मारुति

एजेंसी




रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला उपभोक्ता विवाद समाधान आयोग ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण (ई20) से जुड़ी तकनीकी खराबी के मामले में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और उसके अधिकृत डीलर नवेरा मेंटेनो स्काई ऑटो मोबाईल्स को सेवा में कमी एवं अनुचित व्यापारिक व्यवहार का दोषी ठहराते हुए उपभोक्ता के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है।

उपभोक्ता अदालत से इस आदेश की प्रति गुरुवार को मिली है। आयोग ने कंपनी को 45 दिनों के भीतर उपभोक्ता को उसी मॉडल की नई ई20 अनुकूल कार उपलब्ध कराने अथवा वाहन की कीमत, बीमा, आरटीओ सहित कुल 20,50,288 रुपये लौटाने का निर्देश दिया है। साथ ही एक लाख रुपये मानसिक प्रताड़ना, 10 हजार रुपये वाद व्यय तथा भुगतान तक सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने के भी आदेश दिए हैं। ये आदेश उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू और सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस की बेंच ने दिया है

आयोग के समक्ष प्रस्तुत अभिलेखों के अनुसार रायपुर निवासी चिकित्सक डॉ. प्रमोद देवड़ा ने तीन जून 2024 को मारुति ग्रैंड विटारा स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड जेटा प्लस 1.5 सीवीटी कार 18.29 लाख रुपये में खरीदी थी। बीमा एवं आरटीओ समेत वाहन पर कुल 20,50,288 रुपये खर्च हुए। कार वारंटी अवधि में थी लेकिन करीब 21,913 किलोमीटर चलने के बाद 11 नवंबर 2024 को इंजन में खराबी के बारे में पता चलने पर कार चलानी बंद कर दी गयी। शिकायतकर्ता के अनुसार वाहन को कई बार अधिकृत वर्कशॉप ले जाया गया। पहली बार पेट्रोल टैंक खाली कर साफ किया गया और नया पेट्रोल डालकर वाहन लौटाया गया लेकिन कुछ दूरी चलने के बाद फिर इंजन बंद हो गया। दूसरी बार कंपनी ने स्वीकार किया कि टैंक पूरी तरह साफ नहीं हुआ था और केमिकलयुक्त ईंधन शेष रह गया था। तीसरी बार भी फ्यूल टैंक, पाइपलाइन और फिल्टर में सफ़ेद परत तथा तरल पदार्थ मिला। चौथी बार कार के इंजन में खराबी आने पर उसे ईवी मोड ने चलाना बंद कर दिया, जबकि पांचवीं बार इंजन पूरी तरह ठप हो गया। आयोग के आदेश में उल्लेख है कि पेट्रोल के नमूने की जांच स्वतंत्र सरकारी मान्यता प्राप्त एसजीएस प्रयोगशाला से कराई गई। रिपोर्ट में पेट्रोल में एथनॉल की पुष्टि हुई तथा निचले हिस्से में सफ़ेद परत के रूप में एथनॉल अलग मिला। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि ईंधन ई20 श्रेणी का था लेकिन सफ़ेद परत बनने के कारण प्रभावी एथनॉल की मात्रा लगभग छह से सात प्रतिशत रह गई। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि वाहन निर्माता यह जानते हुए भी कि केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण की मात्रा 20 प्रतिशत तक बढ़ाई जा चुकी है और देशभर में ई20 पेट्रोल उपलब्ध कराया जा रहा है, उपभोक्ता को ऐसा वाहन बेच दिया जिसका इंजन ई20 ईंधन के अनुरूप नहीं था। आदेश में यह भी कहा गया कि वाहन बेचते समय उपभोक्ता को यह नहीं बताया गया कि संबंधित मॉडल 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल पर संचालित होने के लिए उपयुक्त नहीं है। आयोग ने माना कि केवल ईंधन की गुणवत्ता का तर्क पर्याप्त नहीं है। निर्माता यह स्पष्ट नहीं कर सका कि वाहन में आई खराबी केवल ईंधन के कारण थी या वाहन की तकनीकी संरचना के कारण। आयोग ने यह भी माना कि वाहन बार-बार खराब होने से उपभोक्ता को लगातार वर्कशॉप जाना पड़ा और अपने चिकित्सा पेशे से जुड़े कार्यों में भी व्यवधान आया, जिससे आर्थिक नुकसान एवं मानसिक प्रताड़ना हुई। सुनवाई के दौरान कंपनी ने तर्क दिया कि कार में किसी प्रकार का निर्माण दोष नहीं था और समस्या मिलावटी अथवा गुणवत्ता प्रभावित पेट्रोल के कारण उत्पन्न हुई। कंपनी ने यह भी कहा कि वाहन को वारंटी के तहत आवश्यक मरम्मत की गई तथा कई बार पेट्रोल टैंक साफ कर वाहन उपभोक्ता को सौंपा गया। हालांकि आयोग ने उपलब्ध दस्तावेजों, लैब रिपोर्ट और वाहन की बार-बार हुई खराबियों के आधार पर इन दलीलों को पर्याप्त नहीं माना।

आयोग ने आदेश दिया कि यदि 45 दिनों के भीतर उपभोक्ता को उसी मॉडल की ई20 अनुकूल नई कार उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो कंपनी वाहन की पूरी कीमत, आरटीओ पंजीकरण, बीमा सहित कुल 20,50,288 रुपये लौटाएगी। इसके अतिरिक्त आदेश की तिथि से भुगतान तक सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज, एक लाख रुपये मानसिक प्रताड़ना तथा 10 हजार रुपये वाद व्यय का भुगतान भी करना होगा।

ऑटो विशेषज्ञ के. महेश कुमार ने कहा, ''एथनॉल गन्ने से तैयार होता है। यदि उसमें नमी हो तो वह पेट्रोल में सामान रूप से नहीं घुल पाता, क्योंकि दोनों की डेंसिटी अलग होती है। इससे फ्यूल पंप और फ्यूल सिस्टम के बाकी हिस्सों पर असर पड़ सकता है। हालांकि हर मामले में केवल एथनॉल को इंजन खराब होने की वजह मानना तकनीकी रूप से उचित नहीं होगा।''

उन्होंने कहा, भारत में अभी भी कई वाहन पूरी तरह ई20 ईंधन के अनुरूप विकसित नहीं हुए हैं। जिस तरह से पेट्रोल में बदलाव हो रहा है, उस तरह से गाड़ियों को भी अपडेट करने की आवश्यकता है।

# चढ़ावा चोरी, पेपरलीक, महंगाई पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

एजेंसी



नयी दिल्ली। कंग्रेस ने संसद के मानसून सत्र में परिसीमन विधेयक आने पर उसका विरोध करने के साथ ही चढ़ावा चोरी, पेपरलीक तथा मंहगाई समेत विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने का निर्णय लिया है।

संसद के मानसून सत्र से पहले पार्टी के संसदीय रणनीतिक समूह की गुरुवार को यहां हुई अहम बैठक में सत्र के दौरान अपनाई जाने वाली रणनीति पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक के बाद कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बैठक करीब डेढ़ घंटे चली और पार्टी की संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने इसकी अध्यक्षता की। श्रीमती गांधी के आवास पर हुई इस बैठक में चर्चा के दौरान पार्टी की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। उनका कहना था कि सोमवार से मानसून सत्र शुरू हो रहा है, लेकिन सरकार ने अब तक सत्र में लाए जाने वाले विधेयकों की औपचारिक जानकारी नहीं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सत्र शुरु होने से एक पहले 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक होगी जिसमें सरकार प्रस्तावित विधेयकों के बारे में जानकारी देगी। उन्होंने कहा कि सरकार परिसीमन विधेयक और उससे जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को फिर से लाने का प्रयास कर सकती है, जिसका पार्टी पुरजोर विरोध करेगी। उनका यह भी कहना था कि यदि सरकार मौजूदा 543 लोकसभा सीटों पर महिला आरक्षण लागू कर 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करती है तो कंग्रेस उसका समर्थन करेगी लेकिन महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन की कोशिश स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान की भावना के विपरीत दो-तिहाई बहुमत जुटाने की कोशिश कर रही है, लेकिन कंग्रेस इस मुद्दे पर अन्य विपक्षी दलों के साथ लगातार संपर्क में है और उसे विश्वास है कि सरकार आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं जुटा पाएगी। उनका कहना था कि यदि सरकार इसमें सफल भी होती है तो वह 'कलंकित बहुमत' होगा।

श्री रमेश ने कहा कि कंग्रेस विकसित भारत शिक्षा फाउंडेशन विधेयक, विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) में प्रस्तावित संशोधन तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 में किए जाने वाले संभावित संशोधनों सहित जनविरोधी विधेयकों का भी विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी इन प्रस्तावों के पक्ष में नहीं है और संसद में इनका विरोध करेगी। इसके अलावा कंग्रेस मानसून सत्र में अयोध्या राम मंदिर में 'चढ़ावा चोरी' और आस्था के साथ धोखे, परीक्षा एवं शिक्षा प्रणाली विशेषकर नीट और अन्य पेपर लीक के मामलों, एथनॉल 20 प्रतिशत मिश्रण (ई-20), कमजोर पड़ती विदेश नीति, कमरतोड़ महंगाई तथा अन्य जनसरोकार के विषयों पर सरकार को घेरेगी और इन पर चर्चा की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि संसद का मानसून सत्र 19 दिन का है। इस दौरान अनेक विधेयक पारित होने हैं और विपक्ष चाहता है कि उसके उठाए मुद्दों पर भी चर्चा हो। उनका आरोप था कि मोदी सरकार सर्वदलीय बैठक में विपक्ष के मुद्दों को प्राथमिकता देने की बात करती है, लेकिन सत्र के दौरान उन पर चर्चा नहीं होती और केवल विधेयक पारित कराए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है।

## अगले सात दिनों तक देश के कई हिस्सों में भारी बारिश के आसार

**नयी दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव क्षेत्र के कारण अगले सात दिनों के दौरान पूर्वी, पूर्वोत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में मानसून की गतिविधियां काफी तेज होने वाली हैं। मौसम विभाग ने गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि 19 जुलाई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय होने जा रहा है। मानसून और पश्चिमी विक्षोभ दोनों के कारण देश के कई राज्यों में भारी से अत्यंत भारी बारिश दर्ज किए जाने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने ओडिशा के कुछ हिस्सों में आज 21 सेमी या उससे अधिक की अत्यंत भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। अत्यधिक बारिश के चलते ओडिशा के 23 जिलों और छत्तीसगढ़ के 13 जिलों के निचले इलाकों में 17 जुलाई की सुबह तक अचानक बाढ़ आने की गंभीर चेतावनी जारी की है। इसके अलावा, उत्तराखंड में 18 से 21 जुलाई और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 19 से 21 जुलाई के बीच मूसलाधार बारिश का दौर शुरू होने का अनुमान है। इससे पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन और मैदानी इलाकों में भारी जलभराव का खतरा बढ़ गया है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को फिलहाल उमस भरी भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, मौसम विभाग का अनुमान है कि 17 जुलाई की शाम या रात से मौसम का मिजाज बदलेगा और गरज-चमक के साथ बारिश का दौर शुरू होगा। इसके बाद 18 और 19 जुलाई को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी में बादल छाए रहेंगे, हल्की बारिश होगी और तेज हवाएं चलेंगी। इससे अधिकतम तापमान गिरकर 34 डिग्री सेल्सियस से 37 डिग्री के बीच आ जाएगा, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

## कुवैत में अमेरिकी ठिकाने पर हमला, दो अमेरिकी ड्रोन मार गिराये : ईरान

तेहरान। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने अमेरिका के ताजा हमलों के जवाब में 'ऑपरेशन नस्र-2' के आठवें चरण के तहत कुवैत स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया तथा दो अमेरिकी ड्रोन भी मार गिराये। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, आईआरजीसी ने कहा कि उसकी नौसेना और एयरोस्पेस बल ने बुधवार रात ईरान के दक्षिणी तटीय क्षेत्रों और शहरों पर हुए अमेरिकी हमलों के जवाब में संयुक्त कार्रवाई की है। आईआरजीसी के बयान में दावा किया गया कि इस अभियान में कुवैत के अली अल-सलेम सैन्य अड्डे पर तैनात सी-रैम प्रारंभिक चेतावनी रडार प्रणाली को नष्ट कर दिया गया। इसके अलावा उस स्थान को भी निशाना बनाया गया, जहां अमेरिकी सैनिक मौजूद थे। बयान में कुवैत की भूमि का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए किये जाने की आलोचना करते हुए कहा गया कि क्षेत्रीय सैन्य ठिकानों से होने वाले किसी भी अमेरिकी हमले का जवाब इसी प्रकार दिया जाता रहेगा।इस बीच, आईआरजीसी ने दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने खुजेस्तान प्रांत के अंदीमेश्क के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया। आईआरजीसी के जनसंपर्क विभाग के अनुसार, बुधवार देर रात तैनात नई वायु रक्षा प्रणाली ने इस ड्रोन को निशाना बनाया। इससे पहले बुधवार को ही बंदर अब्बास के ऊपर भी आईआरजीसी ने अमेरिकी 'लुकास' मॉडल का एक ड्रोन मार गिराने का दावा किया था।

# मोदी जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी देंगे

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे हाइड्रोजन क्रांति का आगाज करने जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को हरियाणा के जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

करीब 110 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति के साथ तैयार की गयी यह ट्रेन जींद-सोनीपत खंड के 89 किमी मार्ग पर 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। इस ट्रेन के शुरू होने के साथ ही भारत का नाम दुनिया की सबसे बड़ी हाइड्रोजन ट्रेन को संचालित करने वाले देश के तौर पर इतिहास के पन्नों में अंकित हो जायेगा। रेलने के अनुसार मौजूदा समय में विश्व स्तर पर चलने वाली अधिकतर हाइड्रोजन यात्री ट्रेनों में केवल दो या तीन कोच होते हैं और ये मुख्य रूप से छोटे क्षेत्रीय मार्गों पर ही संचालित होती हैं। वहीं, भारतीय रेलवे की यह ट्रेन 10 कोच वाली है और इसमें लगभग 2,600 यात्री सफर कर सकेंगे। हाइड्रोजन ट्रेन पारंपरिक ईंधन जैसे डीजल और बिजली से चलने वाली ट्रेनों से काफी अलग होगी। इस ट्रेन ऊर्जा हासिल करने का तरीका एकदम भिन्न है। हाइड्रोजन ट्रेन अपने साथ एक छोटा ऊर्जा संयंत्र लेकर चलती है, जो प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन (पीईएम) ईंधन प्रकोष्ठ के रूप में होता है। ट्रेन के सिलेंडरों में संग्रहित हाइड्रोजन ईंधन प्रकोष्ठ के भीतर आसपास की हवा से ऑक्सीजन से विद्युत उत्पन्न करती है, जिससे कर्षण मोटरें चलती हैं और पहिए घूमते हैं। इस विद्युत रासायनिक अभिक्रिया के प्रत्यक्ष उप-उत्पाद केवल जल वाष्प और ऊष्मा हैं। इसमें कोई दहन, धुआं या टेलपाइप से कार्बन उत्सर्जन नहीं होता है। साधारण शब्दों में कहें, तो यह प्रक्रिया किसी जादू जैसी लग सकती है, जिसमें हाइड्रोजन को सीधे ट्रेन के भीतर बिजली में परिवर्तित किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में केवल जलवाष्प ही प्रत्यक्ष उप-उत्पाद के रूप में निकलती है। यह तकनीक भारतीय रेलवे को अधिक पर्यावरण-अनुकूल और हरित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रेलवे के अुसार इस ट्रेन में दो हाइड्रोजन ड्राइविंग पावर कार (डीपीसी) और आठ ट्रेलर कोच (टीसी) शामिल हैं। प्रत्येक ड्राइविंग पावर कार में ईंधन सेल, लिथियम आयरन फॉस्फ़ेट (एलएफपी) बैटरी और हाइड्रोजन भंडारण सिलेंडर लगे होते हैं जो विभिन्न परिचालन स्थितियों में विश्वसनीय संचालन सुनिश्चित करते हुए कर्षण शक्ति प्रदान करने के लिए एक साथ काम करते हैं। रेलवे ने बताया है कि इस ट्रेन के दोनों सिरों पर स्थित दो पावर कार हैं। प्रत्येक ड्राइविंग पावर कार 1,200 किलोवाट (1600 एचपी) बिजली उत्पन्न करती हैं, जो पूरी ट्रेन को 110 किमी/घंटा की गति तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल से चलने वाली यह ट्रेन शुरू में उत्तर रेलवे के जिंद-सोनीपत खंड पर दौड़ेगी।

उद्घाटन वाले दिन यह ट्रेन जिंद सिटी, पांडु पिंडारा जंक्शन, ललित खेड़ा हॉल्ट, भम्भेवा, इसापुर खेरी हॉल्ट, बुटाने हॉल्ट, खंडराई हॉल्ट, राब्रा हॉल्ट, लाठ हॉल्ट, मोहना, बरवासनी हॉल्ट और सोनीपत न्यू सहित मध्यवर्ती स्टेशनों और प्रस्तावित ठहरावों पर भी रुकेगी। रेलवे ने बताया है कि जिस तरह से गाड़ियों में पेट्रोल पंप या सीएनजी भरने की जरूरत होती है और इसके लिए जगह-जगह पंप स्थापिक किये गये हैं। ठीक उसी तरह से हाइड्रोजन ट्रेन में ईंधन भरने की आवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य से भारतीय रेलवे ने हरियाणा के जिंद में देश का सबसे बड़ा हरित हाइड्रोजन उत्पादन एवं रिफ्यूलिंग केंद्र स्थापित किया है। यह केंद्र तीन चरणों में संचालित होता है। सबसे पहले हरित हाइड्रोजन संयंत्र में विद्युत अपघटन द्वारा हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है।

# विकसित उड़ान से ज्यादा तेजी से बढ़ेगी कनेक्टिविटी : नायडू

एजेंसी

नयी दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन ने गुरुवार को कहा कि हाल ही में शुरू की गयी 'विकसित उड़ान' योजना में पिछली योजना की तुलना में कई बदलाव किये गये हैं और इससे देश के दूर-दराज के क्षेत्रों तक कनेक्टिविटी ज्यादा तेजी से बढ़ेगी।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा यहां विज्ञान भवन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के संबंधित अधिकारियों के लिए आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री नायडू ने कहा कि 10 साल पहले शुरू की गयी 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) योजना काफी सफल रही। अपनी तरह की उस पहली योजना से सीखते हुए नयी 'विकसित उड़ान' योजना में बदलाव किये गये हैं।

कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बात करते हुए श्री नायडू ने कहा कि 'उड़ान' योजना का उद्देश्य देश में विमानन पारितंत्र को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि आज बोइंग और एयरबस जैसी विमान बनाने वाली दुनिया की शीर्ष कंपनियां भारत से चार अरब डॉलर के कंपोनेंट खरीद रही हैं। आज दुनिया में बनने वाले लगभग हर विमान का कोई न कोई हिस्सा भारत में बना है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले जिस हवाई अड्डे से सप्ताह में सात उड़ानें रवाना होती थीं, वे इस योजना के पात्र नहीं थे। नयी योजना में इस सीमा को बढ़ाकर सप्ताह में 14 उड़ान कर दिया गया है। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए सप्ताह में 21 उड़ानों की शर्त रखी गयी है। साथ ही, सिर्फ एक शहर के लिए उड़ान होने और पिछले एक साल में 40 हजार से कम यात्रियों की आवाजाही की स्थिति में भी हवाई अड्डे को 'उड़ान' योजना में शामिल किया जायेगा। इससे ज्यादा से ज्यादा शहरों को योजना का लाभ उठाने का मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इससे ज्यादा विमान सेवा कंपनियां उभरेंगी, एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉलिंग) सेवा की मांग बढ़ेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। 'उड़ान' योजना सिर्फ संपर्क के बारे में नहीं है, एक हवाई अड्डा बनने से आसपास के इलाकों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 04 जुलाई को 'विकसित उड़ान' योजना का शुभारंभ किया था। इसके तहत अगले 10 साल में 100 नये एयरोड्रम और 200 हेलीपैड विकसित किये जायेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार 28,840 करोड़ रुपये की राशि आवंटित करेगी।एयरोड्रम के विकास के लिए कुल 12,159 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता दी जायेगी।

# पेज एक का शेष

## 'गवाहों को धमकाने में ...

शामिल नहीं थे। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया में तीन अक्तूबर 2021 को किसानों के विरोध-प्रदर्शन के दौरान चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी। एक एसयूवी ने चार किसानों को कुचल दिया। इसके बाद, नाराज किसानों ने कथित तौर पर एक चालक और भाजपा के दो कार्यकर्ताओं को पीट-पीटकर मार डाला था। इस हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई। मिश्रा और अन्य लोगों पर हिंसा की मुख्य घटना के गवाहों को डराने-धमकाने का आरोप लगाया गया था।

## बुलडोजर कार्रवाई: अवमानना...

कोर्ट ने कहा कि ऐसी शिकायतों को संबंधित हाई कोर्ट के सामने उठाया जाना चाहिए। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी अवमानना याचिकाओ पर दलील सुनने के बाद यह कहा कि इन याचिकाओं में अलग-अलग तथ्यात्मक विवाद है। अलग-अलग तथ्यों को लेकर दाखिल किए गए इन मामलों के प्रत्येक दावे पर सुप्रीम कोर्ट निर्णय नहीं दे सकता है। इसके बाद कोर्ट ने सभी और मानना याचिकाओं को संबंधित हाई कोर्ट में विचार करने के लिए भेजने का आदेश दिया। बुलडोज़र कार्रवाई के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना के आरोप वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान वकील अनस तनवीर ने कहा, ''सुप्रीम कोर्ट की ओर से बुलडोज़र से जुड़ी गाइडलाइंस जारी किए जाने के बाद भी कुछ राज्यों ने उनका पालन नहीं किया। कुछ मामलों में हाई कोर्ट ने पाया कि उन्हें इस फैसले के बारे में जानकारी ही नहीं दी गई थी। ऐसा ही एक खास मामला भी सामने आया। स्मारकों, पूजा-स्थलों और निजी संपत्तियों के खिलाफ बुलडोज़र से कार्रवाई की गई, जो हमारे आरोप के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का पूरी तरह से उल्लंघन था। दरअसल बुलडोजर जस्टिस को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2024 में दिए गए फैसले का उल्लंघन करते हुए अलग-अलग राज्यों में बुलडोजर चलाए जाने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में कई अवमानना याचिकाए दाखिल की गई थी।

## 50 हजार तक की...

673 आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 35(3) के तहत पाबंद किया गया। डीजीपी के अनुसार गिरफ्तार और पाबंद किए गए आरोपियों से जुड़े राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के मामलों में करीब 1,158.70 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। अभियान के दौरान पुलिस ने 3,866 म्यूल बैंक खातों, 17 अवैध कॉल सेंटर, पांच सिम बॉक्स और 11 अवैध सिम विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की। इसके अलावा 53.35 लाख रुपये नकद, 911 मोबाइल फोन, 75 लैपटॉप एवं डेस्कटॉप, 1,270 सिम कार्ड, 648 डेबिट-क्रेडिट कार्ड तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए। डीजीपी ने कहा कि साइबर अपराधियों के खिलाफ इंटेलिजेंस आधारित कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में नागरिकों की सुरक्षा उत्तर प्रदेश पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए तकनीक, बैंकिंग संस्थानों और विभिन्न एजेंसियों के साथ समन्वय को और मजबूत किया जाएगा।

ईडी की विदेशी फंडिंग...

बांग्लादेश निवासी आदिल मोहम्मद असरफी उर्फ आदिल उर रहमान, पश्चिम बंगाल निवासी शेख नजीबुल हक और अबु हुरायरा गाजी को गिरफ्तार किया था। नजीबुल और अबु हुरायरा देवबंद, सहारनपुर में रह रहे थे। ईडी के लखनऊ स्थित जोनल कार्यालय की टीम ने एटीएस के इस केस को आधार बनाकर मामले में अपनी जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया था कि सिंडिकेट फारेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट (एफसीआरए) के तहत रजिस्टर्ड पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से काम करता था और ट्रस्ट को यूके की संस्थाओं से फंड मिलता था। एटीएस की शुरुआती जांच में सिंडीकेट को 20 करोड़ रुपये की फंडिंग सामने आई थी। विदेश से होने वाली फंडिंग की रकम से घुसपैठियों के जाली दस्तावेज बनवाकर उन्हें अलग-अलग शहरों में बसाया जाता था। घुसपैठियों को छह से 10 हजार रुपये तक की छोटी-छोटी किश्तों में फंड ट्रांसफर किया जाता था। जांच में सामने आया था कि सिंडीकेट बंगाल के सीमावर्ती जिलों में सक्रिय अपने साथियों की मदद से रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों को घुसपैठ में मदद करता था। एक अन्य समूह इन घुसपैठियों के लिए जाली भारतीय दस्तावेज तैयार करता था और फिर उन्हें अलग-अलग राज्यों में पहचान बदलवाकर बसाया जाता था। विदेशी फंडिंग की रकम से घुसपैठियों को छोटे-मोटे करोबार करने में मदद करने के साथ ही ई-रिक्शा खरिदवाने, फैक्ट्रियों में नौकरी दिलाने में मदद की जाती थी। जांच में यह भी सामने आया था कि अलीगढ़, बरेली, सहारनपुर समेत अन्य जिलों में घुसपैठियों को मीट कारखानों में भी लगवाया गया था।

## लखनऊ और नोएडा...

तकनीकें तेजी से प्रयोगशाला से उद्योग तक पहुंच सकें और उत्तर प्रदेश वैश्विक प्रौद्योगिकी निवेश का प्रमुख केंद्र बनकर उभरे। बैठक में बताया गया कि इसी उद्देश्य से नोएडा में लगभग 75 एकड़ क्षेत्रफल में 'प्रगति' अर्थात 'पार्क फॉर रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जीपीयू क्लस्टर्स एंड एडवांस्ड टेक्निकल इनोवेशन' विकसित किया जाएगा। यह भारत का पहला एकीकृत रोबोटिक्स एवं एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर होगा, जहां रोबोटिक्स परीक्षण एवं प्रमाणन केंद्र, रैपिड प्रोटोटाइपिंग एवं विनिर्माण सुविधा, एआई कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर, मोशन कैप्चर लैब, फिजिकल एआई डेटा सेंटर, स्टार्टअप इनक्यूबेशन तथा को वर्किंग स्पेस जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही वैश्विक विनिर्माण कंपनियों, कंपोनेंट निर्माताओं, अनुसंधान एवं विकास केंद्रों तथा विशेषीकृत सेवा प्रदाताओं का समग्र औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र भी विकसित किया जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी, जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, रक्षा औद्योगिक गलियारा तथा मजबूत औद्योगिक एवं शैक्षणिक आधार के कारण नोएडा इस परियोजना के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थान है। परियोजना का उद्देश्य प्रदेश को रोबोटिक्स एवं उच्च प्रौद्योगिकी आधारित विनिर्माण का राष्ट्रीय केंद्र बनाना, आयात पर निर्भरता कम करना, एक लाख से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करना तथा अगले पांच वर्षों में लगभग दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का सकल मूल्य संवर्धन सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित यू हब को केवल स्टार्टअप के लिए कार्यस्थल नहीं, बल्कि अनुसंधान, नवाचार, उद्योग, निवेश, शिक्षण संस्थानों और प्रतिभाओं को जोड़ने वाले विश्वस्तरीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसा सशक्त मंच तैयार किया जाए, जहां शोध प्रयोगशालाओं में विकसित तकनीकों का व्यावसायीकरण हो, नवाचार को निवेश मिले और युवाओं को अनुसंधान से उद्यमिता तक आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हों। इसका संचालन पूरी तरह पेशेवर, परिणामोन्मुख और वैश्विक सर्वोत्तम मानकों के अनुरूप किया जाए। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में लखनऊ और नोएडा में दो यू हब स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आईआईटी कानपुर के निदेशक की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय डीप टेक इकोसिस्टम का अध्ययन कर इसकी अवधारणा, संरचना और संचालन मॉडल तैयार किया है। नोएडा यू हब को क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर डिजाइन, फिजिकल एआई, रोबोटिक्स, रक्षा प्रौद्योगिकी तथा उन्नत जैव प्रौद्योगिकी का केंद्र बनाया जाएगा, जबकि लखनऊ यू हब में एप्लाइड एआई, गवटेक, औद्योगिक एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के एआई समाधान, बायोसाइंस तथा एग्री बायोटेक्नोलॉजी पर विशेष फोकस रहेगा। यू हब के माध्यम से प्रदेश में डीप टेक स्टार्टअप, अनुसंधान आधारित नवाचार, प्रौद्योगिकी के व्यावसायीकरण तथा उच्च मूल्य के निवेश को नई गति मिलेगी। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप कौशल उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर, डेटा साइंस तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों में विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं प्रमाणन की व्यवस्था विकसित की जाए। उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल विकास कार्यक्रम तैयार किए जाएं तथा तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा, उद्योग जगत और कौशल विकास संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। मुख्यमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग को निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी आईटी, डिजिटल सेवाओं और नवाचार केंद्र बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाए। सूचना प्रौद्योगिकी नीति को बदलती वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक व्यावहारिक, निवेशक अनुकूल और रोजगारोन्मुख बनाया जाए। आईटी उद्योग का विस्तार केवल गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद तक सीमित न रहकर टियर 2 और टियर 3 शहरों तक हो। इसके लिए आधुनिक आईटी अधोसंरचना विकसित की जाए तथा वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी), स्टार्टअप, नवाचार आधारित कंपनियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम आईटी उद्यमों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति का मूल उद्देश्य प्रदेश के युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित करना होना चाहिए।

# हरेला पर्व पर हरियाली के रंग में रंगा उत्तराखंड

## राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड का लोकपर्व हरेला गुरुवार को पूरे प्रदेश में पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंदिरों में पूजा-अर्चना, घरों में हरेला पूजन और विभिन्न सरकारी और सामाजिक संस्थाओं की ओर से व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कृषि मंत्री गणेश जोशी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और प्रदेशवासियों से अधिकाधिक वृक्षारोपण और उनके संरक्षण का आह्वान किया। राज्यपाल ने लोक भवन स्थित राजप्रज्ञेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इसके बाद उन्होंने प्रथम महिला गुरमीत कौर तथा अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ लोक भवन परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर पारंपरिक लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने हरेला पर्व की लोक संस्कृति को जीवंत किया। राज्यपाल ने कहा कि हरेला उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत, कृषि परंपरा और प्रकृति के प्रति आस्था का प्रतीक है। जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों के दौर में यह पर्व हरित एवं सतत विकास के लिए जनभागीदारी का सशक्त संदेश देता है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से पौधरोपण के साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लेने की अपील की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को लोकपर्व हरेला के अवसर पर खटीमा स्थित तराई नगला में अपने आवास पर पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों को हरेला पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने व उनके संरक्षण का संकल्प



लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरित उत्तराखंड के निर्माण में जनभागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह पर्व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, लोक संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से वृक्षारोपण के प्रति जनजागरूकता बढ़ी है और राज्य में हरेला के अवसर पर व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों, सामाजिक संगठनों और संस्थाओं से इसमें सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने शासकीय आवास, प्रेमनगर स्थित रेशम निदेशालय तथा ग्राम पंचायत सिनौला में फलदार, शहतूत एवं अन्य उपयोगी पौधों का रोपण किया। उन्होंने कहा कि हरेला केवल पौधे लगाने का पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य सुनिश्चित करने का संकल्प है। उन्होंने प्रदेशवासियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की भी अपील की। हरेला पर्व के अवसर पर देहरादून जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट परिसर में पूजा-अर्चना के बाद पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और जनपदवासियों से अधिकाधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि हरेला केवल पारंपरिक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और जीवन के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों का संरक्षण और संवर्धन भी सुनिश्चित किया जाए।

# शहीद भगत सिंह कॉलेज राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि शहीद भगत सिंह कॉलेज 60 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और 'राष्ट्र प्रथम' के संस्कारों के साथ राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह बात उन्होंने गुरुवार को शहीद भगत सिंह कॉलेज के डायमंड जुबली समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने इस गौरवशाली यात्रा के लिए पूरे कॉलेज परिवार, प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और पूर्व छात्रों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की शिक्षा व्यवस्था नवाचार, कौशल, अनुसंधान और राष्ट्र निर्माण के नए मानक स्थापित कर रही है। शहीद भगत सिंह कॉलेज जैसे संस्थान इस राष्ट्रीय अभियान को नई ऊर्जा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शहीद-ए-आज़म सरदार भगत सिंह के नाम पर बने शहीद भगत सिंह कॉलेज की स्थापना 1967 में दिल्ली यूनिवर्सिटी के एक कॉलेज के तौर पर हुई थी, जहां लड़के और लड़कियाँ साथ पढ़ते हैं। शहीद भगत सिंह कॉलेज का विजन इसके मोटो 'राष्ट्र देवो भव' में समाया हुआ है। यह मोटो भारत के महान सपूत, शहीद-ए-आजम भगत सिंह के उन मूल्यों को दर्शाता है, जिनके अनुसार राष्ट्र की सेवा सबसे ऊपर है।

# हरेला पर्व पर नगर निगम का हरित संकल्प अभियान का महापौर ने किया शुभारंभ



कैनवजि टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर नगर निगम, देहरादून ने 'हरित देहरादून- स्वच्छ देहरादून' थीम के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण व पौध वितरण अभियान का शुभारंभ किया।

नगर निगम परिसर से आज महापौर सौरभ थपलियाल ने अभियान की शुरुआत की। मेयर थपलियाल ने कहा कि हरेला केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित भविष्य का संकल्प है, प्रत्येक नागरिक यदि एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का दायित्व निभाए, तो देहरादून को हरित एवं पर्यावरण अनुकूल शहर बनाने का लक्ष्य शीघ्र ही प्राप्त किया जा सकता है। नगर निगम ने मिशन पोषण संकल्प के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में पार्षद के समन्वय से घर-घर जाकर सब्जियों के पौधों का वितरण प्रारम्भ किया गया। अभियान के अंतर्गत लगभग 4 से 5 लाख सब्जियों के पौधों का वितरण किया जाएगा, जिससे प्रत्येक परिवार को पोषणयुक्त किचन गार्डन विकसित करने के लिए प्रेरित किया जा सके। महापौर ने सभी पार्षदों से अपने-अपने वार्डों में जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं पौध वितरण अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। पार्षदों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में नागरिकों को पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। नगर निगम द्वारा आगामी दिनों में विद्यालयों एवं आंगनबाड़ियों में सहजन के पौधों का रोपण, पार्कों, सार्वजनिक स्थलों, अतिक्रमण मुक्त भूमि एवं अन्य चिन्हित स्थानों पर वृहद वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत लगभग 70 हजार फलदार छायादार व चारा प्रजाति के पौधों का रोपण एवं वितरण किया जाएगा। लगाए गए पौधों की जीपीएस मैपिंग व ग्रीन रजिस्टर में पंजीकरण कर उनके संरक्षण एवं नियमित अनुश्रवण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम ने सभी नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं, विद्यालयों, रेजिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशनों एवं स्वयं सहायता समूहों से अभियान में सक्रिय सहभागिता करने की अपील करते हुए कहा कि हरित देहरादून-स्वच्छ देहरादून का लक्ष्य जनसहभागिता से ही साकार होगा। यह अभियान आगामी एक माह तक नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न चिन्हित स्थलों पर चरणबद्ध संचालित किया जाएगा।

# चंडीगढ़ में करीब 45 मिनट रूकेंगे प्रधानमंत्री

## पूरा क्षेत्र हाई सिक्योरिटी जोन में बदला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को चंडीगढ़ में करीब 45 मिनट के लिए रूकेंगे। इस दौरान वह पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर गुरुवार को दिन भर चंडीगढ़ प्रशासन में बैठकों का दौर चलता रहा। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों के साथ बैठक ली और चंडीगढ़ के डीजीपी व आईजी ने अलग-अलग स्थानों का दौरा करके पुलिस कर्मचारियों को रिसर्हल करवाई। चंडीगढ़ पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास से सटे राजिंद्रा पार्क में प्रधानमंत्री का हेलीकाप्टर उतरेगा। यहां से करीब दो किलोमीटर का फासला सड़क मार्ग से तय किया जाएगा, जिसके चलते इस क्षेत्र को हाई सिक्योरिटी जोन में बदल दिया गया है। चंडीगढ़ में हवाई अड्डे से लेकर पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज तक पुलिस के साथ केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां भी तैनात रहेंगी। इस दौरान नयागांव से चंडीगढ़ बैरियर की ओर आने वाले मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा। इसके अलावा सेक्टर-2, 3, 10, 11 चौक पर भी वाहनों की आवाजाही में बदलाव किया जाएगा। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस हाई अलर्ट पर है। सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए करीब 3,000 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। प्रधानमंत्री के आगमन के लिए तय रूट पर केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को तैनात कर दिया गया है। इसमें बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स समेत अन्य एजेंसियों के जवान शामिल हैं। प्रधानमंत्री का पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे आयोजित होगा। जनसभा में शामिल होने वाले लोगों की एंट्री सुबह 11 बजे से शुरू कर दी जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर किसी भी तरह की सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। यहां तक कि पानी की बोतल ले जाने पर भी रोक रहेगी। इस यूटी चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सौंपे गए कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने तथा कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को ग्रीन रूम, हेलीपैड तथा अन्य सभी निर्धारित प्रोटोकॉल स्थलों पर व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि सभी आवश्यक लॉजिस्टिक एवं प्रोटोकॉल संबंधी तैयारियां समय से पहले पूरी हो सकें। उन्होंने निर्बाध विद्युत आपूर्ति, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली (पब्लिक एड्रेस सिस्टम) तथा अन्य आवश्यक सेवाओं के कार्यक्रम के दौरान सुचारु रूप से संचालित रहने के भी निर्देश दिए। बैठक में चंडीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़ पुलिस, इंजीनियरिंग विभाग, परिवहन विभाग, नगर निगम चंडीगढ़, चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# बक्सर प्रधान डाकघर में शुरू हुआ दूसरा आधार सेवा केंद्र डाक बुकिंग का समय भी बढ़ा

**बक्सर।** आम नागरिकों को बेहतर और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भारतीय डाक विभाग ने बक्सर प्रधान डाकघर में दूसरा आधार सेवा केंद्र शुरू किया है। डाक अधीक्षक बक्सर प्रमंडल कुमारी सरिता ने बताया कि पहले से संचालित आधार केंद्र पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त केंद्र खोला गया है, जिससे लोगों को आधार संबंधी कार्यों में कम समय लगेगा। यहां नया आधार नामांकन, नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ई-मेल और बायोमेट्रिक अपडेट सहित सभी सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही बक्सर प्रमंडल के अन्य डाकघरों में भी आधार सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा आम जनता और व्यापारियों की सुविधा के लिए प्रधान डाकघर में स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, पार्सल व अन्य डाक बुकिंग सेवाओं का समय बढ़ाकर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक कर दिया गया है। डाक अधीक्षक ने कहा कि भारत डाक फ्रेंचाइजी योजना 2.0 के तहत बेरोजगार युवाओं और उद्यमियों को स्वरोजगार का अवसर मिल रहा है।

# पथ निर्माण मंत्री ने श्रावणी मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण, अधिकारियों के साथ की बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जिले के सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम गुरुवार को बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार पहुंचे। इस दौरान पथ निर्माण मंत्री ने मसदी पंचायत स्थित डाक बंगला निरीक्षण भवन में पुल निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ श्रावणी मेला से जुड़े कार्य की प्रगति पर समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में पथ निर्माण मंत्री ने सभी विभाग के अधिकारियों एवं वार्ड पार्षदों के साथ बैठक करते हुए मेला क्षेत्र में हो रही समस्याओं पर विचार विमर्श किया। साथ ही पथ निर्माण मंत्री ने मारवाड़ी युवा मंच में स्थानीय लोगों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ मेला की प्रगति पर विचार विर्मश करते हुए श्रावणी मेला क्षेत्र अजगैविनाथ गंगा घाट, नमामि गंगा घाट, कच्ची कांवड़िया पथ का निरीक्षण कर जायजा भी लिया। इस दौरान मंत्री इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि श्रावणी मेला में कांवड़ियों की व्यवस्था को लेकर अधिकारियों, पार्षदों, प्रबुद्ध नागरिकों से सुझाव लिये गये हैं। सभी अधिकारियों को श्रावणी मेला से पुर्व 22 जुलाई तक सभी कार्य पूर्ण कर लेने का डेट लाइन दिया गया है। कांवड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लगे हुए हैं। इस दौरान मंत्री ने कहा कि फोरलेन पर सड़क में दरार उद्घाटन से पूर्व हुआ है, तो उसे दुरुस्त करने के लिए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

# बिहार में बनेगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सिलेंस, एआईसीओई कॉरपोरेशन के गठन को मंजूरी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार सरकार ने राज्य को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई) के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने बिहार राज्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एआईसीओई) कॉरपोरेशन के गठन तथा इससे संबंधित मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन (एमओए) और आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन (एओए) को मंजूरी दे दी है। इस पहल से राज्य में एआई आधारित अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास और तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है। बिहार के सूचना प्रावैधिकी विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने गुरुवार को विभागीय मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सरकार बिहार को तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन की स्थापना को भी मंजूरी दी गई है। इसके तहत राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) स्थापित किए जाएंगे, जो अनुसंधान, नवाचार, उद्योग, शिक्षा और शासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि एआईसीओई कॉरपोरेशन राज्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित आधुनिक तकनीकों के विकास, संचालन और विस्तार के लिए एक सशक्त संस्थागत ढांचा तैयार करेगा। इसके माध्यम से हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग सुविधाएं, क्लाउड प्लेटफॉर्म, डेटा प्लेटफॉर्म तथा अत्याधुनिक डिजिटल अवसंरचना का विकास और प्रभावी प्रबंधन किया जाएगा। इससे शोध संस्थानों, स्टार्टअप, उद्योगों और सरकारी विभागों को विश्वस्तरीय तकनीकी संसाधन उपलब्ध होंगे। मंत्री ने कहा कि इस पहल से एआई और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों पर आधारित स्टार्टअप तथा नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। युवाओं, उद्यमियों और शोधकर्ताओं के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाएगा, जिससे राज्य में रोजगार सृजन, तकनीकी उद्यमिता और डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि एआईसीओई के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उससे जुड़े क्षेत्रों में क्षमता निर्माण, शिक्षा तथा कौशल विकास को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इसके तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं, हैकाथॉन, अनुसंधान परियोजनाएं तथा उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि युवाओं को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप दक्ष बनाया जा सके।

# भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला संयोजक व सह संयोजक का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला संयोजक प्रदीप कालरा एवं सहसंयोजक वैभव शिवपुरी के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड से संबद्ध जिला, शहर, युवा एवं तहसील व्यापार मंडल द्वारा आयोजित इस समारोह में व्यापारिक, सामाजिक एवं संगठनात्मक क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों और व्यापारियों ने माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर दोनों पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ व्यापारी समाज और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदीप कालरा के नेतृत्व में हरिद्वार का व्यापारी वर्ग और अधिक संगठित होगा तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा। केंद्र एवं राज्य सरकार की व्यापार-हितैषी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक व्यापारियों तक पहुंचाने में व्यापार प्रकोष्ठ अहम भूमिका निभाएगा। सम्मान समारोह की अध्यक्षता संजीव नैय्यर ने की, जबकि संचालन नागेश वर्मा और संदीप शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रदीप कालरा ने सभी व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापार प्रकोष्ठ व्यापारी समाज और सरकार के बीच विश्वास एवं समन्वय का मजबूत माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से संबंधित अधिकारियों एवं शासन तक पहुंचाकर उनके समाधान का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। संगठन का उद्देश्य प्रत्येक व्यापारी को सम्मान, सुरक्षा और बेहतर व्यापारिक वातावरण उपलब्ध कराना है। समारोह में बड़ी संख्या में व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी, सामाजिक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# किशनगंज व ठाकुरगंज में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा, जयघोष से गूंजे नगर

**किशनगंज।** जिले के किशनगंज और ठाकुरगंज नगर में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। पूरे मार्ग में जय जगन्नाथ और हरि बोल के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। किशनगंज शहर के मिलनपल्ली स्थित राधा-कृष्ण मंदिर से रथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की प्रतिमाओं को सुसज्जित रथ पर विराजमान कराया गया। इसके बाद रथ नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकला। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए रथ के साथ चलते रहे और जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। उधर, ठाकुरगंज नगर में भी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063